



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


**रेल हादसा: न्यू जलपाईगुड़ी में खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकराई मालगाड़ी**

# 9 यात्रियों की मौत, 41 घायल



एजेंसी। न्यू जलपाईगुड़ी/कोलकाता

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में सोमवार को सुबह एक मालगाड़ी की टक्कर लगने के कारण सियालदह जाने वाली कंचनजंघा एक्सप्रेस के पीछे के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे कम से कम नौ यात्री मारे गए और 41 अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, हालांकि राज्य और केंद्र की कई एजेंसियां स्थानीय लोगों के साथ मिल कर उन यात्रियों को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही हैं. एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि मृतकों में मालगाड़ी का पायलट और सह-पायलट भी शामिल हैं.

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए लोगों को उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उत्तर बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से लगभग 30 किलोमीटर दूर रंगापानी स्टेशन के पास ही मालगाड़ी के इंजन द्वारा पीछे से टक्कर मारने के कारण कंचनजंघा एक्सप्रेस ट्रेन के तीन डब्बे पटरी से उतर गए. भीषण टक्कर के कारण कंचनजंघा एक्सप्रेस के पीछे के दो डिब्बे तुरंत ही पटरी से उतर गए जबकि एक अन्य डिब्बा मालगाड़ी के इंजन के ऊपर चढ़ गया था. इससे अफरा-तफरी मच गई. राहत-बचाव की टीम को पहुंचने में भी देर हुई.

अधिकारी ने कहा कि खराब मौसम की वजह से बचाव कार्य में परेशानी उत्पन्न हो रही है. रेलवे अधिकारी ने बताया कि 13174 कंचनजंगा एक्सप्रेस अगरतला से सियालदह जा रही थी, तभी सुबह करीब नौ बजे यह दुर्घटना हुई. शुरुआती जांच से पता चला है कि मालगाड़ी के लोको पायलट ने शायद सिग्नल की अनदेखी की. हालांकि, यह पुष्टि नहीं हुई है कि सिग्नलिंग सिस्टम में कोई समस्या थी या नहीं या इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है कि एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनें एक-दूसरे के इतने करीब कैसे आ गईं. कंचनजंगा एक्सप्रेस के कोच संख्या एस6 में सवार अगरतला के एक यात्री ने बताया कि उसे अचानक तेज झटका महसूस हुआ और भीषण आवाज के साथ डिब्बा रुक गया. उसने यह भी दावा किया कि राहत और बचाव कार्यों में देरी हुई.



## 10 साल में बड़े रेल हादसे

- 26 मई, 2014 : गोरखधाम एक्सप्रेस-25 लोगों की मौत, 50 से ज्यादा घायल.
- 20 नवंबर, 2016 : इंदौर-पटना एक्सप्रेस-150 लोगों की मौत, 150 ज्यादा घायल.
- 23 अगस्त, 2017 : कैफियत एक्सप्रेस -70 लोग घायल
- 18 अगस्त, 2017 : पुरी-हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस- 23 लोगों की मौत, 60 घायल.
- 13 जनवरी, 2022 : बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस- 9 लोगों की मौत, 36 घायल.
- 2 जून, 2023 : बालासोर रेल हादसा- 296 लोगों की मौत, 900 से ज्यादा घायल.
- 17 जून, 2024 : कंचनजंगा एक्सप्रेस- 15 की मौत, 60 से अधिक लोग घायल

## बाइक से पहुंचे रेल मंत्री

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रंगापानी में ट्रेन दुर्घटना स्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया. सड़क बड़े वाहनों के चलने के लिहाज से संकरी होने के कारण रेल मंत्री को दुर्घटना स्थल तक पहुंचने के लिये कुछ दूरी बाइक के पीछे बैठकर तय करनी पड़ी. मंत्री ने बताया कि रेल की पटरी को साफ कर लिया गया है. जल्द ही ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा. उन्होंने हादसे को बहुत दुखद बताया.

## पीएम दुखी, मुआवजे की घोषणा

पीएम नरेंद्र मोदी मोदी ने 'एक्स' पर कहा, पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना दुखद है. जिन लोगों ने इस हादसे में अपने



प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है. उन्होंने आगे कहा, मैं प्रार्थना करता हूं कि हादसे में घायल हुए लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं. मैंने अधिकारियों से बात की और स्थिति का जायजा लिया. प्रभावितों का सहायता के लिए बचाव अभियान जारी है. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए हैं. राहत कार्यों का जायजा लेने के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पीड़ितों को अनुग्रह राशि देने की घोषणा की. मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपए और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपए की सहायता दी जाएगी.

## सरकार को सिर्फ चुनाव से मतलब

कंचनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटना को लेकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने रेल मंत्रालय पर सवाल उठाए हैं.



उन्होंने कहा, उन्हें (रेलवे मंत्रालय) यात्रियों की सुविधाओं की परवाह नहीं है. उन्हें रेलवे अधिकारियों, रेलवे इंजीनियरों, रेलवे तकनीकी कर्मचारियों और श्रमिकों की भी परवाह नहीं है. वे भी परेशानी में हैं. उनकी पुरानी पेंशन वापस ले ली गई है. बनर्जी ने कहा कि मैं पूरी तरह से रेलवे कर्मचारियों और रेलवे अधिकारियों के साथ हूं. वे अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं. इस सरकार को केवल चुनाव की परवाह है. कैसे हैकिंग की जाए, कैसे हेरफेर की जाए, कैसे चुनाव में धांधली की जाए... मुझे लगता है कि उन्हें शासन के लिए अधिक समय देना चाहिए, बयानबाजी के लिए नहीं.

## बाकी बोगी लेकर ट्रेन रवाना

इस बीच, रेलवे अधिकारियों ने पुष्टि की कि कंचनजंगा एक्सप्रेस ने बाकी यात्रियों को लेकर अप्रभावित डिब्बों के साथ कोलकाता के लिए अपनी यात्रा शुरू कर दी है. पूर्वी रेलवे के सीपीआरओ कौशिक मित्रा ने बताया, ट्रेन दुर्घटना स्थल से दोपहर करीब 12.40 बजे रवाना हुई और इसके रात आठ बजे सियालदह पहुंच गई. दुर्घटना के कारण उत्तर बंगाल और देश के पूर्वोत्तर भाग से लंबी दूरी की रेल सेवाएं प्रभावित हुईं. लंबी दूरी की कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित कर उन्हें उनके सामान्य मार्ग के बजाय सिलीगुड़ी-बागडोगरा-अलुआबारी क्षेत्र से गुजारा गया.

# चाईबासा: मुठभेड़ में मोस्ट वांटेड समेत पांच नक्सली ढेर

**मरने वालों में कोल्हान-सारंडा जंगल में आईईडी लगाने वाला 10 लाख का इनामी सिंगराई और 5 लाख इनामी कांडे होनहागा भी शामिल**

**सर्च अभियान जारी दो नक्सली हिरासत में, कुछ अन्य नक्सलियों को भी गोली लगने की सूचना, मौके से हथियार व नक्सली साहित्य बरामद**

सौरभ सिंह। रांची/चाईबासा


पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित गुवा थाना क्षेत्र स्थित लिपुंगा जंगल में सोमवार की सुबह अनमोल दस्ते के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हो गई. इस मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच भाकपा माओवादी नक्सली ढेर हुए हैं. जो नक्सली मुठभेड़ में मारे गये है, उनमें 10 लाख इनामी जोनल कमेटी मेंबर सिंगराई, पांच लाख इनामी सब जोनल कमेटी मेंबर कांडे होनहागा के अलावा एरिया कमांडर सूर्या उर्फ मुंडा देवगम और एक महिला नक्सली जुंगा पुर्टी उर्फ मारला एक अलावा एक अन्य महिला नक्सली सपनी हांसदा शामिल है.

वहीं सुरक्षाबलों को दो नक्सलियों को पकड़ने में भी कामयाबी मिली है, जिसमें एरिया कमांडर टाइगर उर्फ पांडू हांसदा और एक महिला बत्री देवगम शामिल है. सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने कई हथियार, नक्सली साहित्य और अन्य सामान भी बरामद किए हैं. इससे पहले तीन अप्रैल 2023 को चतरा जिले में मुठभेड़ में एक साथ पांच इनामी नक्सली मारे गए थे.

**सिंगराई और होनहागा ने कोल्हान और सारंडा में लगाई थी आईईडी :** मुठभेड़ में मारा गया नक्सली कमांडर सिंगराई और कांडे होनहागा ने कोल्हान और सारंडा के जंगल में आईईडी लगाई थी. जिस वजह से कई सुरक्षाबल के जवान इसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे. 14 अगस्त 2023 को कोल्हान के जंगल में झारखंड जगुआर के सब इंस्पेक्टर अमित कुमार तिवारी और हवलदार गौतम कुमार शहीद हुए थे. उस घटना को अंजाम देने में भी इन्हीं दोनों नक्सलियों के दस्ते की संलिप्तता सामने आई थी.

**चाईबासा में कैंप कर रहा नक्सलियों का बड़ा दस्ता :** इस बीच, खबर मिली है कि चाईबासा में नक्सलियों का सबसे बड़ा दस्ता कैंप कर रहा है. जिले के जराइकेला और टोंटो थाना क्षेत्र में मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, सिंगरई और अजय महतो का दस्ता सक्रिय है. इस दस्ते में 65 नक्सली कैडर शामिल हैं. वहीं दूसरी तरफ चाईबासा जिले के गोइलकेरा और सोनूवा थाना क्षेत्र में मेहनत और अमित मुंडा का दस्ता सक्रिय है. इस दस्ते में 30 नक्सली कैडर शामिल हैं.







## एसपी को नक्सलियों के जमावड़े की मिली थी सूचना

एसपी आशुतोष शेखर को सूचना मिली थी कि गुवा थाना क्षेत्र लापूंगा जंगल में भाकपा माओवादी नक्सलियों का जमावड़ा लगा हुआ है. इसके बाद सीआरपीएफ झारखंड पुलिस और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाया. सुरक्षाबलों को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी. जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग शुरू कर दी. दोनों ओर से हुई गोलीबारी में चार नक्सली मारे गये. वहीं बाकी नक्सली घने जंगल का फायदा उठा कर भागने में सफल रहे. हालांकि सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को पकड़ लिया है.

## बरामद किए गए हथियार

सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने दो एसएलआर रायफल, एक इंसास रायफल, दो बोल्ट एक्शन रायफल, एक पिस्टल, 13 पीस डेटोनेटर, नक्सली साहित्य समेत दैनिक उपयोग में आने वाली सामग्री बरामद की है.

**मारे गए किस नक्सली पर कितने आपराधिक मामले**

पांच लाख इनामी कांडे होनहाना के खिलाफ : 93 मामले

10 लाख इनामी सिंगराई के खिलाफ : 19 मामले.

दो लाख इनामी पांडू हांसदा के खिलाफ : 03 मामले

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,400 |
| चांदी (किलो) | 93,000 |

## ब्रीफ खबरें

### राहुल ने रायबरेली चुनी वायनाड से लड़ेंगी प्रियंका

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष ने घोषणा की है कि राहुल गांधी रायबरेली से सांसद बने रहेंगे. वहीं उन्होंने उनके वायनाड सीट छोड़ने की घोषणा तो की ही, साथ ही यह भी कहा कि, प्रियंका गांधी वायनाड से उपचुनाव लड़ेंगी. उन्होंने प्रियंका के पुराने स्लोगन लड़की हूं, लड़ सकती हूं का प्रयोग करते हुए कहा कि वह वायनाड से लड़ेंगी. इस तरह कांग्रेस ने एक ही दिन में दो बड़ी घोषणाएं की हैं. एक तो राहुल का निर्णय कि वह रायबरेली से ही सांसद रहेंगे और दूसरा वायनाड में अपना प्रत्याशी भी उतार दिया है.

### शाह ने मणिपुर के हालात की समीक्षा की

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को मणिपुर में सुरक्षा हालात की समीक्षा की, जहां एक वर्ष से अधिक समय से जातीय हिंसा का माहौल है. बता दें कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा मणिपुर को लेकर की गयी टिप्पणी के बाद गृह मंत्री ने इस मामले में तेजी दिखाई है. उम्मीद है कि केंद्र सरकार अब मणिपुर में शांति बहाली के लिए ठोस प्रयास करेंगी.

### भारत और इंडिया के प्रयोग पर बहस बेकार

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा है कि एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में भारत और इंडिया का परस्पर प्रयोग किया जाएगा, जैसा कि देश के संविधान में है. इस पर किसी भी तरह की बहस बेकार है. सब कुछ पूर्ववत ही रहेगा.

**एनडीए के सहयोगी दल को मिल सकता है डिप्टी स्पीकर का पद**

# स्पीकर पर समझौता नहीं करेगी भाजपा!

एजेंसी। नयी दिल्ली

मोदी 3.0 सरकार के गठन के बाद से ही भाजपा ने साफ कर दिया है कि वह अपने सहयोगियों के आगे नहीं झुकेगी. भाजपा ने सहयोगी दलों को ये संदेश दे दिया है कि वो गठबंधन धर्म निभाएगी, लेकिन सिर झुका कर सरकार नहीं चलाएगी. मंत्रिमंडल के बंटवारे में भाजपा का वर्चस्व तो दिखा ही. अब पार्टी ने लोकसभा स्पीकर के पद पर भी वीटो कर दिया है.

इससे साफ है कि भाजपा स्पीकर पद से समझौता नहीं करना चाहती. हालांकि, एनडीए सहयोगी दल को डिप्टी स्पीकर का पद मिल सकता है. सूत्रों के मुताबिक, भाजपा लोकसभा स्पीकर का पद अपने पास रखेगी और डिप्टी स्पीकर का पद एनडीए की सहयोगी दल को देगी. पार्टी आलाकमान ने एनडीए के सहयोगियों और विपक्षी दलों से बातचीत कर आम राय बनाने की जिम्मेदारी पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दी गई है. बता दें कि रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के घर संसद सत्र को लेकर एनडीए की बड़ी बैठक हुई थी. इस बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, किरण रिजिजू, जदयू नेता ललन सिंह, चिराग पासवान शामिल हुए थे. हालांकि इस बैठक टीडीपी का कोई नेता नहीं शामिल हुआ. बैठक में संसद सत्र, स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के पद को लेकर एनडीए उम्मीदवार के लिए चर्चा हुई.

शेष पेज 07 पर

### सत्ता पक्ष और विपक्ष से टकराव तय

भाजपा के इस रुख से लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव तय माना जा रहा है. क्योंकि विपक्ष ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि यदि उसे डिप्टी स्पीकर का पद नहीं दिया गया, तो वह स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार उतार सकता है. हालांकि इंडिया गठबंधन ने टीडीपी को भी प्रस्ताव दिया है कि वह स्पीकर का उम्मीदवार खड़ा करेगा, तो उसके लिए विपक्ष समर्थन जुटाएगा. अभी तक टीडीपी ने इस संबंध में अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है. इससे भाजपा के सामने नई चुनौती खड़ी हो सकती है. भाजपा में जारी मंथन के बीच स्पीकर को लेकर विपक्षी नेताओं के बयानों ने खलबली मचा दी है. विपक्ष इस मौके को आसानी से नहीं जाने देना चाहता. मोदी की पिछली सरकार में तो कोटा से भाजपा सांसद ओम बिरला ने स्पीकर की गद्दी संभाली थी और इस बार भी उनकी चर्चा है. लेकिन ओम बिरला स्पीकर तभी बन पाएंगे, जब टीडीपी भी उन्हें अपना समर्थन दे देगी.

**अब विपक्ष डाल रहा टीडीपी पर डोरे, मौका गंवाने को तैयार नहीं**

**सुवर्णरेखा परियोजना, चांडिल बांध प्रमंडल व उपायुक्त से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**

# पालना डैम की नहर से पानी चुरा रही नरसिंह इस्पात

दिलीप कुमार। चांडिल

चौका-कांड्रा सड़क पर खूंटी घाटी के पास स्थापित नरसिंह इस्पात लिमिटेड कंपनी पालना डैम में सिंचाई के लिए बनी नहर से चोरी से पानी ले रही है. यह शिकायत ग्रामीण अफसरों और नेताओं तक कर चुके हैं. प्रबंधन नहर पर ढलाई कर पाइप के जरिये पालना डैम की नहर के पानी का इस्तेमाल कर रही है.

इस मामले पर खूंटी ग्राम सभा ने कई बार आवाज उठाई और पानी को बेरोकटोक खेतों तक पहुंचाने की अपील की, लेकिन ग्राम सभा की अपील का कहीं भी असर नहीं हुआ. इससे कंपनी के पहुंच और रसूख का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है.

**नहीं बनी बात तो ग्राम सभा ने काटी पाइप :** बार-बार आवेदन देने के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर ग्राम सभा ने जनवरी 2024 में नहर से जुड़ी कंपनी की पाइप को काट दिया. इसके पूर्व जिला परिषद सदस्य सविता मार्डी, मुखिया सुकराम बेसरा ने अन्य ग्रामीणों के साथ उक्त स्थल का निरीक्षण किया. आक्रोशित ग्रामीणों ने खेतों तक पर्याप्त पानी पहुंचे इसके लिए कंपनी के पाइप को काट दिया. वहीं नहर में कंपनी द्वारा अवैध रूप से की गई ढलाई को भी तोड़ दिया गया. ग्रामीणों ने कहा कि पालना डैम सिर्फ सिंचाई के लिए बना है. ऐसे में अनधिकृत रूप से कंपनी द्वारा नहर के पानी का इस्तेमाल किए जाने की शिकायत संबंधित विभाग से किए जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिस आउटलेट से सिंचाई होती है उस आउटलेट को भी कंपनी ने अवैध रूप से बंद कर दिया था. इस संबंध में ईचागढ़ की विधायक सविता महतो से भी ग्राम सभा ने आवेदन देकर समुचित कार्रवाई करने की मांग की थी. इसके बावजूद विधायक मकर परब के अवसर पर कंपनी की ओर से किए जाने वाले कंबल वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पहुंचीं थीं. कंउस समय विधायक को ग्रामीणों के विरोध का भी सामना करना पड़ा था.

शेष पेज 07 पर

### नहर में पाइप लगा कर पानी चुरा रही कंपनी

खूंटी ग्राम सभा के सदस्यों ने बताया कि कंपनी प्रबंधन अब भी नहर के पानी का इस्तेमाल कर रही है. कंपनी अब नहर में नीचे से पाइप लगाकर भूमिगत पाइपलाइन के जरिये पानी ले रही है. बार-बार शिकायत किए जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर अब ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए रणनीति बनाने में जुटे हैं. कंपनी द्वारा अनधिकृत रूप से नहर का पानी लेने के साथ ही मजदूरों की समस्या, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण व जल प्रदूषण के नियंत्रण के मुद्दे पर आंदोलन का बिगुल फुंका जाएगा. ग्राम सभा के बैनर तेल इसकी रूपरेखा तय की जा रही है. ग्राम सभा के इस आंदोलन में पंचायत प्रतिनिधि के साथ कई सामाजिक संगठन भी शामिल होंगे.



**समीक्षा बैठक — बाबूलाल मरांडी समेत कई सीनियर नेताओं को हार के लिए जिम्मेवार बताया**

# दुमका हार से बिफरीं सीता सोरेन, फोड़ा आरोप बम, गिनाए कारण

कौशल आनंद। रांची

दुमका से लोकसभा चुनाव हार के बाद सीता सोरेन ने जो आरोप 'बम' फोड़ा है, उससे भाजपा में हड़कंप मचा गया है. सीता ने अपनी हार के लिए न केवल पार्टी के सीनियर नेताओं को जिम्मेवार ठहराते हुए उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाया है, बल्कि प्रदेश नेतृत्व यानी बाबूलाल मरांडी को भी सीधे-सीधे हार के लिए जिम्मेवार ठहरा दिया है.

सीता सोरेन के आरोप के बाद पार्टी-संगठन सकते में है. झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन से 22,527 वोटों से पराजित होने के बाद सीता सोरेन ने कहा है कि वह भाजपा के भितरघात की वजह से चुनाव हारी हैं. उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले हुए



सर्वे में यह बात आई थी कि दुमका सीट से भाजपा भारी मतों से जीतेगी. उनकी हार के बाद अब सबके मन में यही सवाल है कि आखिर गड़बड़ कहां हुई. सीता ने कहा कि पंचायत और प्रखंड स्तर के कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत की और बढ़िया काम किया. लेकिन प्रदेश नेतृत्व का साथ नहीं मिला. सीता के आरोपों पर फिलहाल भाजपा नेतृत्व ने चुप्पी साध रखी है.

शेष पेज 07 पर

**निशिकांत पर बिफरे भाजपा विधायक नारायण दास, खोला मोर्चा, कहा**

## दुबे के गुर्गों ने गाली-गलौज और मारपीट की

भाजपा विधायक नारायण दास ने गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. उन्होंने स्पष्ट कहा है कि निशिकांत के गुर्गों ने जो हरकत की है, उसकी जितनी निंदा हो, कम है. दरअसल सोमवार को देवघर में राजमहल व दुमका सीटों पर हार को लेकर समीक्षा बैठक हो रही थी. आरोप है कि बैठक के दौरान ही निशिकांत दुबे के समर्थकों ने विधायक नारायण दास के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया. गालियां भी दीं. भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट भी की. इसके बाद दास ने चुनौती देते हुए कहा कि सांसद कोई प्रमाण दिखाएं, कोई ऑडियो-वीडियो लाएं, जिसमें उन्होंने किसी को सांसद निशिकांत को वोट देने से मना किया हो.

### निशिकांत के आचरण पर सुधि ले केंद्रीय नेतृत्व

नारायण दास ने कहा- मैं बाइ बर्थ भाजपाई हूं. आयातित नहीं हूं. 2009 में जब निशिकांत चुनाव लड़ने आये, तो देवघर में पार्टी का कार्यालय तक नहीं था. उन्हें कोई जानता तक नहीं था. उनकी जीत के लिए उन्होंने उनका जूता तक उठाया है. अब वे कहते हैं कि पार्टी संगठन से उनको मतलब नहीं. संगठन ने उन्हें नहीं जिताया. वे महागामा के अशोक कुमार, गोड्डा विधायक अमित मंडल वगैरह के पक्ष में भी नहीं रहते. ऐसे नेता के इस आचरण को लेकर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व को सुध लेना चाहिए. उनके गुर्गों ने जो हरकत की है, उसकी जितनी भी निंदा की जाए, कम है. समीक्षा बैठक में भाजपा के प्रदेश महामंत्री और सांसद आदित्य साहू और उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय देवघर में पार्टी के स्थानीय नेताओं भी मौजूद थे.

# भाजपा ने शिवराज को बनाया झारखंड का विस चुनाव प्रभारी

प्रमुख संवाददाता। रांची





- असम के सीएम हिमंता बनाए गए सह प्रभारी
- भाजपा ने अभी से शुरू की विधानसभा चुनाव की तैयारी

भाजपा ने झारखंड में विस चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान यहां के चुनाव प्रभारी बनाए गए हैं. उनके साथ असम के सीएम हिमंता विश्व सरमा को सह प्रभारी बनाया गया है. पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है. बताते चलें कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर एवं हरियाणा में होने वाले विस चुनाव को देखते हुए चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है.

**लोस की 5 एसटी सीटों पर एनडीए की हुई थी हार :** लोस चुनाव में प्रदेश भाजपा ने 14 सीटों पर जीत का लक्ष्य रखा था, पर उसे नौ सीटों पर ही जीत मिली. एसटी के लिए रिजर्व 5 सीटों पर एनडीए को हार मिली. इसे देखते हुए अब भाजपा ने इस साल के आखिर तक झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है. इसी क्रम में प्रदेश चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी के लिए दो मजबूत चेहरों को जिम्मेदारी दी है. शिवराज एमपी में लंबे समय तक सीएम रहे और अब केंद्रीय कृषि मंत्री हैं. असम के सीएम हिमंता भी बड़े चेहरे के तौर पर पहचान रखते हैं.

# झारखंड में पिछले साढ़े तीन साल में 38 नक्सली मारे गए, अभियान जारी

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में सक्रिय नक्सली संगठनों के खिलाफ लगातार अभियान जारी है. राज्य के अलग-अलग जिले में पिछले साढ़े तीन साल (जनवरी 2021 से 17 जून 2024) के दौरान 38 नक्सली मारे गये. मारे गये नक्सलियों में भाकपा माओवादी, पीएलएफआई, जेजेएमपी और टीपीसी संगठन के नक्सली शामिल हैं. जो नक्सली मारे गये हैं, उनमें 12 ऐसे नक्सली शामिल थे, जो सैक मेंबर, रीजनल कमेटी मेंबर, जोनल कमेटी मेंबर, सब जोनल कमेटी, एरिया कमांडर थे.

पिछले साढ़े तीन साल में राज्य के अलग-अलग जिले में 1381 नक्सली गिरफ्तार हुआ. इसके अलावा 78 ने आत्मसमर्पण किया. गिरफ्तार हुए 1381 नक्सलियों में पोलित ब्यूरो, सेंट्रल कमेटी मेंबर, सैक मेंबर, रीजनल कमेटी मेंबर, जोनल कमेटी मेंबर, सब जोनल कमेटी मेंबर और एरिया कमांडर रैंक के 103 नक्सली शामिल हैं. वहीं आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 43 नक्सली सैक, रीजनल कमेटी मेंबर, जोनल कमेटी मेंबर, सब जोनल कमेटी और एरिया कमांडर रैंक के थे.

## 1381 नक्सली गिरफ्तार हुए, 78 ने किया सरेंडर



## पुलिस से लूटे 124 हथियार हुए बरामद

सुरक्षाबलों ने 600 हथियार बरामद किए, जिनमें 124 हथियार पुलिस से लूटे हुए थे. साथ ही 1772 आईईडी और लेवी के 1.51 करोड़ रुपये भी बरामद किए गए है. झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में केंद्रीय बल की कुल 22 बटालियन लगी हुई है, जिनमें सीआरपीएफ 18, एसएसबी दो और कोबरा की दो बटालियन शामिल हैं.

## झारखंड के पांच जिले माओवाद प्रभावित

केंद्रीय गृह मंत्रालय की समीक्षा के बाद देश के नौ राज्यों के 38 जिलों में अब सिर्फ माओवाद प्रभाव होने की बात सामने आयी है. इनमें झारखंड के पांच जिले भी शामिल हैं. केंद्र सरकार ने माओवाद प्रभाव के आधार पर एलडब्लूई (लेफ्ट विंग एक्सट्रीम) जिलों को तीन श्रेणियां में बांटा है. पहली श्रेणी में नक्सल प्रभाव वाले जिलों को रखा गया है. दूसरी श्रेणी में उन जिलों को रखा गया है, जो अति माओवाद प्रभावित हैं. तीसरी श्रेणी उन जिलों की है, जहां माओवाद का प्रभाव कम हो गया है, लेकिन अब भी वहां नजर रखने की जरूरत है. केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, झारखंड के पशिचमी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, लातेहार, लोहरदगा माओवाद प्रभावित जिले हैं.

## हाल के महीने में मारे गए नक्सली

- **17 जून 2024:** चाईबासा के गुवा थाना क्षेत्र के लापुंगा में चार नक्सली मारे गये
- **23 मई 2024:** खूंटी-चाईबासा बॉर्डर पर पुलिस की माओवादियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया.
- **03 अप्रैल 2023:** चतरा में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में पांच इनामी नक्सली को मार गिराया था.
- **01 जून 2023:** पुलिस के साथ मुठभेड़ में हार्डकोर नक्सली राजेश उरांव मारा गया था.

## ब्रीफ खबरें

### भगवान जगन्नाथ की शरण में पहुंचे वित्त मंत्री



**रांची।** सूबे के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव सोमवार को भगवान जगन्नाथ की शरण में पहुंचे. पूजा अर्चना कर उन्होंने राज्यवासियों की खुशहाली के साथ अच्छी बारिश की कामना की. इसके बाद उन्होंने रथ मेला की तैयारियों का भी जायजा लिया. रथ यात्रा की तैयारी में लगे स्थानीय कारीगरों से भी मुलाकात की व हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया. रथ के कार्यों पर भी संतोष जाहिर किया. बताते चलें सात जुलाई से रथ मेला की शुरुआत होगी. मंत्री ने बताया कि वे पहली बार 1974 में जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल हुए थे.

### रेल मंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा मांगा

**रांची।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए कंचनजंघा एक्सप्रेस रेल हादसे में मृत यात्रियों के प्रति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शोक व्यक्त किया. अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार को मृत व्यक्तियों के परिवारों तथा घायलों को उचित मुआवजे तथा उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा सरकार के स्तर पर उपलब्ध कराना चाहिए. उन्होंने कहा कि इस रेल हादसे की नैतिक की जिम्मेवारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लेनी चाहिए. साथ नैतिकता के आधार पर तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए. उनके कार्यकाल में देश में कई रेल हादसों में सैकड़ो लोगों की मौत हुई है.

### अस्थायी कर्मियों की नहीं जाएगी नौकरी

**रांची।** डीआरडीए के अस्थायी कर्मियों की नौकरी नहीं जाएगी. ग्रामीण विकास विभाग ने इस मसले पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है. कहा है कि विलयन के पूर्व संबंधित कर्मचारी ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अभिलेख व सामाग्रियों की इनवेंटरी तैयार करेगी. इसके बाद ऐसे कर्मियों के कोषांग में विलयन के लिए मुक्त की जा सकेगी. डीडीसी द्वारा तैयार अभिलेख को नवगठित होने वाले जिला ग्रामीण विकास शाखा को दिया जायेगा. 24 जिला परिषद में विलयन की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी. इसमें कार्यरत स्थायी कर्मचारी जिनकी प्रतिनियुक्ति दूसरे विभागों से डीआरडीए में की गयी थी वे स्वतः अपने पैतृक विभाग में वापस लौट जायेगें. डीआरडीए अंतर्गत संविदा आधारित नियुक्त कमी द्वारा धारित सृजित पद के लिए जिला परिषद अंतर्गत एक कोषांग का गठन होगा.

### आगामी विस चुनाव को देखते हुए छह दिनों में की कई अहम घोषणाएं और दिए निर्देश

# चुनावी मोड में चंपाई सोरेन सरकार



कौशल आनंद। रांची

**लोकसभा चुनाव के समाप्ति के बाद राज्य की चंपाई सोरेन सरकार पूरी तरह विधानसभा चुनावी मोड में चुकी है. आचार संहिता खत्म होते ही मुख्यमंत्री 11 जून से काम पर लौट आए हैं. इन चार से पांच दिनों में उन्होंने आगामी चुनाव को देखते हुए कई अहम घोषणाएं की और अहम निर्देश दिए, जो न केवल राज्य के विकास को तेजी प्रदान करेगा बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए यह सरकार का एक कवायद को तौर पर देखा जा रहा है. सीएम ने 125 यूनिट फ्री बिजली का दायरा बढ़ाते हुए उसे 200 यूनिट करने, 40 हजार नयी सरकारी नियुक्ति सितंबर तक करने, रांची सहित राज्य के कई क्षेत्रों में फ्लाईओवर निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, घरेलू गैस सिलिंडर में राहत देने सहित कई ऐसी नयी घोषणाएं की और निर्देश दिये.**

## विगत छह दिनों में अहम घोषणाएं और निर्देश इस प्रकार हैं...

- 125 यूनिट फ्री बिजली का दायरा बढ़ाते उसे 200 यूनिट तक करने का निर्णय
- सरकारी विद्यालयों में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई अगले माह से शुरू करना
- जनजातीय शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द पूरी करने का निर्देश
- राज्य के सभी धार्मिक स्थलों का संरक्षण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा
- निजी प्रतिष्ठानों और फैक्ट्री में 75 प्रतिशत स्थानीय को नौकरी दिलाने के लिए अभियान चलाने की घोषणा
- 25 वर्ष से ज्यादा और 50 वर्ष से कम आयु की सभी बहनों और माताओं को सरकार आर्थिक सहयोग करेगी
- एमपीए में गए किसानों 50 से दो लाख लोन माफी का एलान
- आयुष्मान कार्ड योजना से वंचित लोगों को भी इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश
- रसोई गैस सिलेंडर पर भी लाभुकों को राज्य सरकार की ओर से रियायत देने की योजना की घोषणा
- राज्य की अधिकतम महिलाओं को पेंशन देने की दिशा में सरकार बना रही योजना
- पेसा नियमावली लागू किए जाने की कवायद तेज हो हुई, एक बेहतर पेसा नियमावली बनाने का निर्देश
- विभिन्न सरकारी विभागों में करीब 40 हजार सरकारी बहाली सितंबर तक पूर्ण कर लेने का निर्देश
- यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए राज्य के भीतर 12 फ्लाईओवर बनाने की तैयारी, जिसमें सरायकेला में दो, दुमका में एक, शेष रांची में.
- राज्य के दुमका, डालटनगंज, चाईबासा, गिरिडीह व जमशेदपुर में पथ निर्माण विभाग द्वारा बाईपास सड़क निर्माण का डीपीआर तैयार किया जा रहा है.
- रांची के करमटोली से रिम्स होते हुए बूटी मोड़ तक व हिनू से बिरसा चौक होते हुए डीपीएस स्कूल तक फ्लाईओवर निर्माण किए जाने का डीपीआर बनाया गया है.
- रांची में इंटरनल रिंग रोड बनाने के प्रस्ताव पर कार्य प्रारंभ कर चुकी है. रांची में बनने वाले इंटरनल रिंग रोड की कुल लंबाई 52 किलोमीटर होगी.
- सिदो कान्हू क्लब की स्थापना लक्ष्य के अनुरूप हो इस निमित्त रजिस्ट्रेशन कार्य में तेजी लाने का निर्देश
- राज्य के वैसे प्रखंड जहां खेल स्टेडियम स्वीकृत नहीं हुए हैं उन प्रखंडों में जमीन चिन्हित करें और स्टेडियम निर्माण कार्य की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश
- मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ लोगों को सरल और सुगमता बनाने का निर्देश
- मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत झारखंड के धार्मिक स्थलों को जोड़ा जाएगा
- सावित्रीबाई फुले किशोरी सावित्री योजना के तहत एक परिवार से अधिकतम दो बच्चियों को लाभ देने की बाध्यता खत्म कर करने की अहम घोषणा.
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत विभाग द्वारा अच्छे नस्ल के पशु वितरण जाएंगे ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके.
- पशु वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाएं जाएंगे.
- मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में तेजी लाने का निर्देश.
- मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए.
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना को तेज करने का निर्देश
- साइकिल वितरण के निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश
- मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना में तेजी लाने का निर्देश
- राज्य सरकार के अबुआ आवास योजना से शौचालय निर्माण योजना को जोड़ने का फैसला.
- ओडीएफ प्लस घोषित गावों को और बेहतर तथा अन्य सुविधाएं देने की पहल करें.
- आंगनबाड़ी केंद्रों को जल जीवन मिशन के तहत जल्द से जल्द नल जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश
- म्यूटेशन को तय समय सीमा के अंदर का निर्देश, लंबित मामलों में सीओ को चिन्हित करके कार्रवाई का निर्देश
- जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री के मामले में हर हाल में रोक लगाने व दोषी के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश
- आने वाले समय में सभी प्रखंड में सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस स्थापित किए जाएंगे
- सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में रेगुलर टीचर की नियुक्ति का निर्देश
- वर्तमान में संचालित 80 सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस को बेहतर निजी विद्यालयों के अनुरूप अपग्रेड करें.
- बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत नवंबर के पहले तक एक लाख कूपों का निर्माण पूर्ण करें
- सभी पंचायत सचिवालयों में मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, इंटरनेट, सोलर पैनल, कम्प्यूटर सेट एवं प्रज्ञा केंद्र स्थापित हो
- सभी पंचायतों में अपना पंचायत भवन होनी चाहिए
- सभी पंचायत सचिवालयों तक पहुंच पथ हो
- 15वें वित्त आयोग की राशि का व्यय शत प्रतिशत हो व सभी योजनाओं का संचालन ससमय पूरा करें.
- चोरी, लूट, चैन स्कैचिंक, अपराध पर नियंत्रण का निर्देश
- पोट्रोलिंग की अवधि बढ़ाने का निर्देश
- अवैध मानइिंग को हार हाल में रोकने का निर्देश
- राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में जनजातीय भाषा की पढ़ाई शीघ्र प्रारंभ करें, सभी जनजातीय भाषाओं के विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र करें
- अब किसानों के दो लाख रुपये तक के ऋृा किया जाना है, इसकी नीतिगत प्रक्रिया जल्द पूरी करने का निर्देश
- अपराध से निपटने के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी का करें इस्तेमाल
- अवैध खनन को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश
- अवैध शराब की बिक्री को नियंत्रित करने के लिए सभी समुचित कदम उठाएं।
- बिना चालान के माइनिंग की ढुलाई करने वाले वाहन मालिकों पर कानूनी कार्रवाई करें।
- सभी जिलों के उपायुक्त पंचायत वाले बालू घाटों को चिन्हित कर उनकी संख्या बढ़ाने का निर्देश
- राज्य के ग्रामीण इलाकों में लोगों को अफीम की खेती में मदद करने वाले के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश
- स्कूल-कॉलेजों के आसपास ड्रग्स की अवैध बिक्री पर रोक का निर्देश
- स्नेचिंग, चोरी, लूट और डकैती की घटनाओं पर हर हाल में लगाम लगाने का निर्देश
- एससी- एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द सुनिश्चित करने का निर्देश
- उग्रवादी घटनाओं में शहीद जवानों के आश्रितों को सरकारी लाभ यथा समय दिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश

### कांग्रेस ने बाबूलाल मरांडी पर किया पलटवार

# जनता ने बाबूलाल को जमीन पर पटक दिया है : सोनाल

विशेष संवाददाता। रांची

प्रदेश कांग्रेस ने बाबूलाल मरांडी पर पलटवार किया है. प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि मोदी के नाम पर हैसियत बढ़ने और किस्मत चमकने का सपना देख रहे भाजपा और बाबूलाल मरांडी को झारखंड की जनता ने जमीन पर ला पटका है. 10 वर्षों से बहुमत की सरकार चलाने वाली भाजपा 38 दलों के साथ गठबंधन की सरकार चलाने में पस्त है. झारखंड में बाबूलाल मरांडी की दाल गलने वाली नहीं है. आदिवासी समुदाय ने इन्हें सिरे से खारिज कर दिया है,जिसकी टीस इन्हें चैन से सोने नहीं दे रही.

**सीट से रहे पीछे, मगर जनता इंडिया गठबंधन के प्रति भरोसा जताया :** शांति ने कहा कि जनता समझ रही थी कि भाजपा फिर अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए चुनाव में धर्म का व्यापार करने में लगी है इसलिए सिर्फ अयोध्या ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता ने चुनाव में धर्म के प्रवेश को बंद कर मूल मुद्दों को सामने रखा जिसके कारण भाजपा की इतनी बुरी हालत हो गई है. उन्होंने कहा जनता ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की बातों और घोषणाओं पर पूरा भरोसा जताया लेकिन हम चंद कदम पीछे रह गए. जनमत का सम्मान है, संसद में जनता की आवाज इंडिया गठबंधन के सांसद मजबूती से बनेंगे. तानाशाह के फैसले अब लागू नहीं होंगे. मजबूर सरकार के सामने मजबूत विपक्ष है.



प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति

### मोदी जी मुद्दे पर रहे खामोश, नफरत फैलाते रहे

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों की बात करती है और जनता ने पूरे चुनाव में सारी बातों को देखा सुना और फैसला किया. लोकसभा चुनाव में नफरती भाषणों का दौर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाया गया, संविधान बदलने के नाम पर वोट भाजपा के नेताओं ने मांगा, ओबीसी आरक्षण और जातिगत जनगणना के नाम पर भाजपा चुप्पी साधे रही, जनता ने उनकी मंशा को समझ लिया था. भाजपा हमेशा एक छुपे एजेंडे पर काम करती है उसके नेताओं के साथ मुख में राम और बगल में छुरी वाली कहावत सार्थक सिद्ध होती है.

### देश को झांसा देकर 10 वर्षों तक शासन किया

शांति ने कहा कि देश की जनता को 15 लाख देने का झांसा देकर भाजपा ने 10 वर्षों तक इस देश में शासन किया. उनके आका मोदी जी ने देश में उद्योगपतियों और अधिकारियों के संगठित समूह को संरक्षण प्रदान कर तानाशाही रवैये से शासन किया जिसका जवाब जनता ने दिया और उन्हें घुटनों पर ला दिया और उन्हें संविधान के ताकत की पहचान करा दी.

### राज्य में आईपीएस के ट्रांसफर-पोस्टिंग की तैयारी

# इसी हफ्ते बदलेंगे कई एसपी, डीआईजी-आईजी

संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव खत्म होते ही चंपाई सरकार एक्शन में आ गयी है. बीते दिनों सीएम ने विधि व्यवस्था के साथ-साथ अन्य विभागों की समीक्षा भी की. इस बीच सरकार आईपीएस रैंक के अफसर के तबादला की तैयारी की जा रही है. सूचना है कि इसी सप्ताह कई जिलों के एसपी के अलावा डीआईजी और आईजी रैंक के अधिकारियों का भी तबादला किया जायेगा. खबर यह भी है कि सरकार की ओर से विधानसभा चुनाव से पहले किये जाने वाले तबादले की चर्चाओं के बीच अभी से कई अधिकारियों ने अपने लिए एप्रोच लगानी भी शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि कई अधिकारी कुछ मंत्रियों और अन्य व्यक्तियों से संपर्क कर खुद के लिए अच्छी पोस्ट और स्थान की एप्रोच कराने में लगे हैं.



**प्रमोटी आईपीएस अधिकारियों को मिल सकता है और भी जिलों का जिम्मा :** जानकारी के मुताबिक, प्रमोटी आईपीएस अधिकारियों को और भी जिलों का जिम्मा मिल सकता है. वर्तमान में झारखंड के 24 जिलों में से प्रमोटी आईपीएस अधिकारियों के पास 11 जिलों की जिम्मेदारी है. डायरेक्ट आईपीएस अफसर के जिम्मे 13 जिलों की कमान है. वर्तमान में झारखंड पुलिस में डायरेक्ट आईपीएस के कुल 42 एसपी रैंक के अधिकारी हैं. वहीं स्टेट पुलिस सर्विस के 29 अधिकारी एसपी रैंक के हैं.

### राज्य में विधि-व्यवस्था को लेकर सरकार गंभीर

जानकारी के अनुसार, झारखंड सरकार राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर गंभीर है. ऐसे में बेहतर परिणाम नहीं देने के वाले कई आईपीएस अफसर बदले जायेंगे. ऐसे अधिकारियों के काम की समीक्षा की जा रही है. जिले में कप्तान बदलने के लिए अपराध का ग्राफ भी देखा जा रहा है. लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए तेज तर्रार आईपीएस अधिकारियों को जिम्मा सौंपने पर भी मंथन चल रहा है.

### सीएमपीडीआई में स्वच्छता अभियान चला

# बाजारों में जूट बैग का किया गया वितरण

संवाददाता। रांची

सीएमपीडीआई मुख्यालय परिसर में सोमवार को स्वच्छता अभियान चला गया. सीएमपीडीआई द्वारा मुख्य द्वार पर नजदीकी बाजार में खरीदारी करने आए आसपास के निवासियों के बीच जूट बैग का वितरण किया गया, ताकि प्लास्टिक बैग के उपयोग पर रोक लग सके. इसका नेतृत्व सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा ने किया. इसके अलावा, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक (टीएस/पीआर) संजय कुमार दुबे सहित महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, वरीय अधिकारी एवं कर्मचारियों ने इस अभियान में भाग लिया.

स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान सीएमपीडीआई द्वारा की गयी गतिविधियों, शामिल नवीन विचारों, अधिकतम सार्वजनिक भागीदारी और आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के आधार पर सीएमपीडीआई को कोयला मंत्रालय द्वारा द्वितीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था. भारत सरकार के 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत, कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियां महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए 16 से 30 जून, 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रही है.





**अच्छी खबर** ओरमांझी जैविक उद्यान व नंदनकानन चिड़ियाघर भुवनेश्वर के बीच बन चुकी है सहमति

# ओरमांझी जू में जल्द दिखेंगी सफेद बाघिन की अठखेलियां

- जावा नामक बाघ को नया जोड़ीदार मिल जाएगा

प्रमुख संवाददाता। रांची

ओरमांझी के बिरसा जैविक उद्यान में जल्द ही सफेद बाघिन अठखेलियां दिखेंगी. बिरसा जैविक उद्यान में सफेद बाघिन और कई तरह की पक्षियों को लाया जायेगा. सफेद बाघिन के आने से चिड़ियाघर में मौजूद जावा नामक बाघ को जोड़ीदार मिल जायेगा. इसके लिए ओरमांझी जैविक उद्यान से नंदनकानन चिड़ियाघर भुवनेश्वर ओडिशा के बीच सहमति बन चुकी है. सहमति के मुताबिक, एक जोड़ा बाघ, तीन जोड़ी नीलगाय और एक जोड़ा लकड़बग्घा लाया जायेगा. सबकुछ सामान्य रहा तो जुलाई के प्रथम सप्ताह में जानवरों को लाया जा सकता है. भुवनेश्वर चिड़ियाघर के अधिकारी बिरसा जैविक उद्यान आकर ले जाने वाले जानवरों को भी देख चुके हैं.



### केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के आदेश का है इंतजार

केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से आदेश मिलते ही बिरसा जैविक उद्यान में जावा नामक सफेद बाघ की जोड़ी लगाने के लिए सफेद बाघिन को लाया जायेगा. साथ ही विभिन्न प्रजाति के पक्षी भी उद्यान में लाये जायेंगे. केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के जानवरों के आदान-प्रदान नियम के तहत, दोनों जू के बीच समझौता होने के बाद बाघिन और पक्षी को लाने और बाघ, नीलगाय और लकड़बग्घा का आदान-प्रदान होगा. इसके लिए दोनों चिड़ियाघर के बीच सहमति हो गयी है. केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण का आदेश प्राप्त होने के बाद जानवरों की अदला-बदली कर दी जायेगी.

### जीएसटी अधिकारियों पर दबाव नहीं डालना चाहिए : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि किसी व्यक्ति को जीएसटी अधिकारियों को कार्यालय अवधि के बाद बयान देने के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए या उन पर दबाव नहीं डालना चाहिए. हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ ने इस बात पर जोर दिया कि जीएसटी के नियमों के तहत सक्षम अधिकारी को कार्यालय समय के बाद बयान देने के लिए किसी व्यक्ति को बाध्य नहीं करना चाहिए. याचिकर्ता के अधिवक्ता ने अपनी बहस के दौरान यह दलील दी कि किसी भी अधिकारी का बयान कार्यालय अवधि के दौरान ही दर्ज किया जाना चाहिए.

क्लासिफाइड






राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


पेज 10

www.lagatar.in

धनबाद, मंगलवार 18 जून 2024 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 12 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 70

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### स्कूलों में चलेगा जागरूकता अभियान

**धनबाद।** मादक व नशीले पदार्थों के खिलाफ 18 से 25 जून तक सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. इस संबंध में स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने स्कूलों को आवश्यक निर्देश दिये हैं. 18 जून को क्विज, 19 को पोस्टर मेकिंग, 20 को निबंध लेखन, 22 को प्रभात फेरी, 24 को साइकिल रैली, 25 को प्रार्थना सभाओं में जागरूकता संदेश पढ़ा जाएगा. 26 जून को विजेताओं को पुरस्कार दिया जाएगा.

### हिलटाप का 28 जून से होगा चक्का जाम

कतरास। मोदीडीह 6/10 मोहल्ले के ग्रामीणों ने सोमवार को बैठक कर तेतुलमुड़ी में हिलटाप आउटसोर्सिंग कंपनी का 28 जून को घोषित अनिश्चितकालीन चक्का जाम को सफल बनाने का निर्णय लिया. वक्ताओं ने कहा कि मोदीडीह कोलियरी प्रबंधन तथा आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा पुनर्वास के सवाल पर हमलोगों को छलने का काम कर रही है. अभी तक सुरक्षित व स्थाई तौर पर पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं कराया गया है. वहीं मोहल्ले से 30 मीटर की दूरी पर लगातार ब्लास्टिंग किया जा रहा है. जिससे अधिकतर आवासों की दीवार व जमीन में दरारें पड़ चुकी है. प्रबंधन के वादाखिलाफी को लेकर हमलोग 28 जून से चक्का जाम आंदोलन करने जा रहे हैं. जिसे लेकर जिला प्रशासन, बीसीसीएल प्रबंधन को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाएगा.

### निर्जला एकादशी को ले शरबत का वितरण

चिरकुंडा। निर्जला एकादशी के उपलक्ष में मानव सेवा परिवार नारायणी परिवार चिरकुंडा द्वारा सोमवार को रेल फाटक हनुमान मंदिर के पास शरबत और शीतल जल का वितरण किया गया. मौके पर मंजू अग्रवाल, बसंती शर्मा, गीता शर्मा, बबिता गढ़याण, पुष्पा अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, संतोष मिश्रा,तरुण साव, नंदलाल, प्रदीप पाल, निरंजन चटर्जी मौजूद थे.

### बलियापुर में ईद उल अजहा संपन्न

बलियापुर। क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया. जामा मस्जिद बलियापुर के ईमाम व मुफ्ती सलमान कासमी साहब के पीछे सैकड़ों की संख्या में लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज लालाडीह ईदगाह मैदान में अदा कर देश के अमन-चैन के लिए दुआएं मांगी गई. इसके अलावा भिखराजपुर, आमझर,परघा, बेलगड़िया टाउनशिप, बेड़ा नियामतपुर, दूधिया, बाघमारा, सिंगियाटांड़, डांगापाड़ा, रखितपुर, कोड़ाहीर, ब्राह्मणडीहा समेत विभिन्न मस्जिदों ईदगाहों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई.

---

भर्रा जा रही चोरी की बिजली, पोल गिरने से दो मवेशियों की मौत से बढ़ा विवाद, बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात

# चिराचास में दो गुटों में भिड़ंत, भारी पथराव, दर्जनों लोग घायल

संवाददाता। बोकारो

सोमवार की देर शाम बोकारो चीराचास ओपी के भर्रा पुल के समीप दो मवेशियों की मौत को लेकर दो गुटों में भारी हंगामा हो गया . जिसमें जमकर लाठियां और धारदार हथियार चलाये गए. इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं. घटना की जानकारी जैसे ही पास के थाना को मिली मामला शांत कराने पहुंची पुलिस टीम को भारी पथराव का सामना करना पड़ा जिसमें सीटी डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी और दर्जनों लोगों को चोटें आई है.




घटना की सूचना मिलने पर एसपी, सिटी डीएसपी, सेक्टर वन व चीरा चास थाना घटना स्थल पर पहुंचे





▪ मौके पर पहुंची पुलिस स्थिति को संभाला

जानकारी के अनुसार शाम चार बजे दो मवेशी भर्रा पुल के समीप चर रहे थे। इसी बीच तेज आंधी तूफान और बारिश होने लगी जिसमें भर्रा जा रही चोरी के लिए गाड़ा गया बिजली का पोल गिर गया और करंट की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई. मवेशी के मालिक जो घटना के समय पास में ही था उसने लोगों को बुलाया और चोरी की बिजली इस्तेमाल करने वालों से मुआवजे की मांग की. इस पक्ष का कहना था कि बिजली चोरी की वज़ह से उसके मवेशियों की मौत हुई है इसलिए मुआवजा दिया जाए. इस पर बात बढ़ गई और दोनों ओर से पथराव होने लगा. घटना की सूचना मिलने पर एसपी पूज्य प्रकाश, सिटी डीएसपी, सेक्टर वन व चीरा चास थाना घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। खबर लिखे जाने तक पुलिस दोनों पक्षों को बैठाकर मामले को सलटने का प्रयास कर रही थी और इलाके में तनाव बना हुआ था, फिलहाल घटनास्थल पर बोकारो सिटी एसपी समेत भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है.

---

आउटसोर्सिंग में ब्लास्टिंग से उड़ा पत्थर घरों पर गिरा, विरोध जताने पहुंचे थे लोग

# एटी देवप्रभा में ग्रामीणों पर फायरिंग, पिटाई में 5 घायल





एलबी सिंह के बॉडीगार्ड व गुर्गों पर ग्रामीणों ने लगाया फायरिंग का आरोप

संवाददाता। झरिया

झरिया के घनुडीह ओपी क्षेत्र के कुजामा के एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग में दिनदहाड़े गोली चलने से क्षेत्र अफरा-तफरी मच गई. घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की दोपहर एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग में ब्लास्टिंग से उड़े पत्थर निकट बस्ती में घरों पर जा गिरा. ग्रामीणों का आरोप है कि ग्रामीण आउटसोर्सिंग प्रबंधक को मामले से अवगत कराने गए तो आउटसोर्सिंग प्रबंधक एलबी सिंह व कुंभनाथ सिंह के दर्जनों गुर्गों ने हवाई फायरिंग शुरू कर दी, जिससे ग्रामीणों में भगदड़ मच गई. इसके बाद ग्रामीणों के ऊपर लाठी डंडे से वार कर पत्थरबाजी शुरू कर दी गई, जिससे चार-पांच ग्रामीण घायल हो गए. जागो भुइयां उर्फ जगदीश भुइयां नामक ग्रामीण चोट लगने से बेहोश होकर गिर पड़ा. ग्रामीणों की मदद से जागो भुइयां को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज जारी है. घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मोहरीबाध में झरिया-बलियापुर मुख्य सड़क मार्ग पर टायर जलाकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना पर बैठ गए. मौके पर डीएसपी लॉ एन ऑर्डर धनबाद, डीएसपी सिंदरी, घनुडीह ओपी, झरिया थाना, तीसरा थाना समेत कई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची.

**ये हुए हैं घायल :** लाठी डंडे से प्रहार में जागो भुइयां के अलावा पिंटू भुइयां, सोनी देवी व अन्य दो महिलाएं घायल हुई है.





### धरना पर बैठी झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह

झरिया की कांग्रेस विधायक पूर्णिमा सिंह सूचना मिलते ही धरना स्थल पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ धरना पर बैठ गई . पूर्णिमा सिंह ने ग्रामीणों के साथ एक स्वर में जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की . उन्होंने यह भी कहा कि न्याय नहीं मिलने तक धरना जारी रखा जाएगा .

### एलबी सिंह के बॉडीगार्ड और गुर्गों पर गोलियां चलाने का आरोप

घटना में बुरी तरह से घायल हुए जागो भुइयां उर्फ जगदीश भुइयां ने एलबी सिंह के बॉडीगार्ड व गुर्गों पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है . पत्रकारों से उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी के ब्लास्टिंग करने पर पत्थर उड़कर ग्रामीणों के घरों पर गिरा . ब्लास्टिंग रोकने के लिए मना करने गए तो हवाई फायरिंग शुरू कर दी . उसके बाद हम लोगों पर लाठी-डंडे से वार किया गया . लाठी-डंडे लगने से मैं घटनास्थल पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा . ग्रामीणों ने मुझे अस्पताल में भर्ती कराया .

### सत्ताधारी दल के नेताओं की फजीहत

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों के सामने जैसे ही सत्ताधारी दल के कुछ नेता हालचाल पूछने पहुंचे तो ग्रामीण उग्र हो गए और नेताओं की फजीहत कर डाली . ग्रामीणों ने यहां तक कहा कि आप सभी यहां से चले जाइए . आप सभी आउटसोर्सिंग कंपनी के दलाल हैं और दलालों का यहां कोई काम नहीं है .

### सांसद ढुल्लू महतो दिलवाएंगे इंसाफ

इसी दौरान भीड़ में अचानक यह स्वर गूंजने लगी कि सांसद ढुल्लू महतो हमलोगों को इंसाफ दिलाएंगे . सिर्फ ढुल्लू से ही इसाफ दिलाने की उम्मीद है . उनके अलावा अन्य किसी दल के नेताओं से न्याय दिलाने की उम्मीद हमलोगों को नहीं है .

### आउटसोर्सिंग कंपनी पाल रखे हैं दलाल

मामले को लेकर ग्रामीण काफी उग्र हैं . ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी घटना पहली बार नहीं हुई है . पहले भी ब्लास्टिंग से हमलोगों का घर क्षतिग्रस्त हुआ है . घटना के बाद आवाज उठाने पर आउटसोर्सिंग के दलाल बस्ती में पहुंच जाते हैं और ग्रामीणों को समझा-बूझाकर मामला शांत करा देते हैं . अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा . प्रशासन आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करे .

### गरीब पर हमला बर्दाश्त नहीं

घटना की जानकारी धनबाद के नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो को मिलते ही वह भी धरनास्थल पर पहुंच गए और ग्रामीणों से मुलाकात की . सांसद ने कहा कि इस तरह से दलित व गरीब माता बहनों पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा . आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर यही समझा जाएगा कि इन गुर्गों को सत्ता पक्ष का समर्थन प्राप्त है .

### आउटसोर्सिंग चलाने का लाइसेंस मिला या गोली चलाने का

सड़क पर धरना दे रहे ग्रामीणों जोर-जोर से चिल्ला रहे थे कि इन्हें आउटसोर्सिंग चलाने का लाइसेंस मिला है या दलित और गरीब लोगों पर गोली चलाने का . जहां भी आउटसोर्सिंग कंपनियां संचालित हैं वहां आम लगों पर गोलियां दागी जाती है . ऐसी आउटसोर्सिंग कंपनियों को सरकार ब्लैकलिस्टेड कर जल्द से जल्द बंद करवाए .

---

### दुष्कर्म के आरोपी ने पुलिस कस्टडी से भागने का किया प्रयास

**कतरास।** अंगारपथरा ओपी क्षेत्र के कोढ़िया धौड़ा बस्ती के नीचे सुनसान जगह पर नाबालिग से दुराचार के आरोपी राहुल कुमार रजवार सोमवार को पुलिस गिरफ्त से भागने का प्रायास किया. पुलिस ने तत्परता दिखाकर उसे पकड़ लिया और कोर्ट में पेशी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में उसे जेल भेज दिया गया.

इधर पीड़िता को कोर्ट में बयान दर्ज कराने के बाद मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया. कोर्ट जाने से पहले आरोपी राहुल ने शौच जाने का इच्छा जताई. पुलिस की देखरेख में उसे शौच के लिए ले जाया जा रहा था तभी वह भागने का प्रयास किया.

राहुल पर आरोप है कि वह अपनी बाइक से नाबालिग को शनिवार की देर शाम करीब 7 बजे कोढ़िया धौड़ा के नीचे सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म किया. पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने उसे सिजुआ मोदीडीह सात नंबर मोहल्ले स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया. पुलिस ने उसकी बाइक भी जब्त कर की. इस संबंध में ओपी प्रभारी विशाल दास विधाता ने बताया कि आरोपी के भागने के प्रयास करने की बात गलत है. आरोपी को जेल भेज दिया गया है. वहीं पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# रांची-गोड्डा एक्सप्रेस से गिरकर एक व्यक्ति घायल





▪ रात भर रेलवे ट्रैक के किनारे दर्द से कराहता रहा

संवाददाता। मधुबन

मधुबन। कतरास-चंद्रपुरा डीसी रेल लाइन पक बिराजपुर बस्ती के समीप रविवार की देर रात रांची-गोड्डा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. रात भर वह जख्मी हालत में ही रेलवे ट्रैक के किनारे दर्द से कराहता रहा. घायल व्यक्ति का नाम 45 वर्षीय रोहित शर्मा है. उसके सिर में गंभीर चोट लगी है. शौच करने जा रहे एक ग्रामीण ने सोमवार की अहले सुबह रेल पटरी के किनारे जख्मी हालत में देखकर स्थानीय खरखरी ओपी पुलिस और फुलारीटांड़ स्टेशन मास्टर को सूचना दी. खबर पाते ही खरखरी ओपी पुलिस और स्टेशन मास्टर घटनास्थल पर पहुंचे और घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेन्स से इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा. घटना की जानकारी पाकर कतरास जीआरपी व आरपीएफ की टीम भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली. घायल व्यक्ति की तलाशी लेने पर मोबाइल, हेडफोन व जमालपुर से रांची का रेल टिकट बरामद हुआ, जिसे जीआरपी को सौंप दिया गया. जीआरपी ने मोबाइल से संपर्क कर उसके घरवाले को घटना की जानकारी दी. मौके पर स्टेशन मास्टर कविशरण प्रसाद, गेटमेन वकील महतो, बबलू सिंह, प्रवीण गुप्ता, दिनेश यादव समेत कई स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे.

# मुख्यमंत्री के 200 यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा का हुआ स्वागत

▪ भाजपा ने बताया चुनावी स्टंट दिया करार

संवाददाता। धनबाद

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है. सत्ता पक्ष ने इस घोषणा की सराहना की है, वहीं भाजपा ने इसे चुनावी स्टंट बताया है. भाजपा के धनबाद विधायक ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पानी व बिजली की बदहाली से ध्यान भटकाने के लिए मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की है. चंपाई सोरेन सरकार की यह घोषणा महज चुनावी स्टंट है. वैसे उन्होंने इस घोषणा का स्वागत भी किया. दूसरी तरफ उन्होंने इसे धरातल पर उतरने को लेकर संदेह भी जताया.

वहीं इस घोषणा पर आम लोगों का कहना है कि 200 यूनिट मुफ्त बिजली मिलने से झारखंड की बड़ी आबादी को राहत मिलेगी. दूसरी तरफ भीषण गर्मी में बिजली कटौती से परेशान लोगों का कहना है कि बिजली मुफ्त मिले या न मिले, लेकिन इसकी सुचारू आपूर्ति चौबीस घंटे होनी चाहिए. हर दिन कई घंटे बिजली कटौती से लोग परेशान हैं. इसके लिए बिजली आपूर्ति को सुदृढ करना आवश्यक है. आलम यह है कि हल्की बारिश होने और हवा बहने से कई घंटे तक बिजली गुल हो जाती है.



### मध्यम वर्ग को राहत

वहीं झामुमो ने मुख्यमंत्री के इस घोषणा का स्वागत किया है . जिला झामुमो के प्रवक्ता समीर रवानी का कहना है कि इस घोषणा से मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी . इसके साथ ही चंपाई सोरेन सरकार 25 से 49 वर्ष के महिलाओं को घर चलाने के लिए अब सहायता राशि की भी देगी . मंहगाई के दौर में दोनों योजना मील का पत्थर साबित होगी .

---

**शर्मनाक** तोपचांची-मैथन बॉर्डर तक सिंह और तिवारी कोड का इस्तेमाल कर रहे गो तस्कर

# जिले से हर दिन पार हो रही गोवंश लदी 100 से ज्यादा गाड़ियां

**खास बातें**

- हथियारबंद गुर्गे आगे-पीछे रहते हैं इन गाड़ियों के
- कंटेनर, ट्रक व पिक अप वैन का होता है इस्तेमाल

संवाददाता। धनबाद

कानून को ताक पर रखकर जिले से बड़े जोरों पर गोतस्करी की जा रही है. गोवंश लदे बिहार से आने वाली गाड़ियों को झारखंड पार कराने में बड़े बड़े माफिया लगे हैं. चौपारण बॉर्डर से ही इनकी सल्तनत शुरू हो जाती है. धनबाद के तोपचांची से मैथन बॉर्डर तक इन गाड़ियों को सिंह एवं तिवारी कोड के जरिए पार कराया जाता है. सिंह कोड का इस्तेमाल गोविंदपुर के दो मुस्लिम कर रहे हैं तो वहीं तिवारी कोड का इस्तेमाल बराकर का तिवारी कर रहा है. तोपचांची घुसते ही इनके गुर्गे बड़ी गाड़ियों में हथियारबंद लोग गोवंश को मैथन तक पार कराते हैं. जिसमें पुलिस का भी भरपूर सहयोग रहता है. बड़ी गाड़ियों में कंटेनर एवं 12 चक्का ट्रक का इस्तेमाल किया जाता है. वहीं छोटी गाड़ियों में पिक अप वैन का इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है.



### बुधवार, गुरुवार एवं शुक्रवार को पार होती हैं ज्यादा गाड़ियां

आम तौर पर बड़ी एवं छोटी गाड़ियों को मिला कर 100 गाड़ियां पार होती हैं . इसके अलावा बुधवार, गुरुवार एवं शुक्रवार को गोवंश लदी गाड़ियों की संख्या दोगुनी हो जाती है . बिहार के बक्सर का चौसा मेला, शिवगंज में लगने वाले हटिया से बड़े पैमाने पर गौवंश को लाया जाता है . इसके अलावा यूपी के कुछ हटिया से भी गौवंश को लाया जाता है . यह मेला/हटिया बुधवार, गुरुवार एवं शुक्रवार को ही लगता है .

### पशुधन योजना के पेपर का हो रहा इस्तेमाल

चौपारण बॉर्डर से मैथन तक गोवंश लदी इन गाड़ियों को पार कराने के लिए पशुधन योजना के पेपर का इस्तेमाल किया जा रहा है . एक ही पेपर पर कई गाड़ियों को पार करा दिया जा रहा है . पशुधन योजना का एक पेपर 4000 रुपये में मिलता है . जिसपर एक बार में छोटी गाड़ियों में आठ से दस गोवशों को लाद कर ले जाया जाता है . इस पेपर में गोवंश ले जाने वाले का नाम पता एवं फ़ोटो लगा रहता है . इसके साथ ही गव्य विकास पदाधिकारी एवं डीटीओ का हस्ताक्षर रहता है . इतने विवरण के बावजूद यह कागजात पूरी तरफ फर्जी रहते हैं .

### गो तस्करी में हर रोज होती है लाखों की कमाई

गौवंश लदी गाड़ियों को पार कराने से तस्करों को प्रतिदिन लाखों की कमाई हो रही है . सूत्र बताते हैं कि बड़ी गाड़ियों से चौपारण बॉर्डर पर 80 हजार से एक लाख रुपए तक ले लिए जाते हैं . रास्ते में इन्हें सिर्फ पीसीआर को 500 से एक हजार रुपये देने पड़ते हैं . इसके अलावा विभिन्न थानों में इतना मासिक अलग से दिया जाता है . वहीं छोटी गाड़ियों को पार कराने के लिए आठ से दस हजार रुपये की वसूली की जाती है . इन दिनों करीब 100 छोटी एवं 15 से 20 बड़ी गाड़ियां प्रतिदिन पार हो रही हैं .कुछ बड़ी गाड़ियों में लादकर लाये गोवंश को निरसा के बरवा में उतारकर छोटी गाड़ियों में लाद दिया जाता है . छोटी गाड़ियों से मैथन बॉर्डर पार करा दिया जाता है .

# जारंगडीह में माहौल बिगाड़ने की कोशिश



संवाददाता। कथारा

बोकारो थर्मल थाना अंतर्गत जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के बाबू क्वाटर के समीप दामोदर नदी के पानी में प्रतिबंधित मांस के अवशेष पाए जाने से लोगों में आक्रोश फैल गया. बकरीद पर्व के दिन ऐसा होना कहीं न कहीं सौहार्दपूर्ण वातावरण में अशांति फैलाने का प्रयास है. नदी में नहाने गए युवकों ने इसे देखकर थाना में खबर की. इसके बाद बोकारो थर्मल थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर छानबीन में लग गए. इस घटना के विरोध में लोगों ने जारंगडीह भगतसिंह चौक के पास मुख्य सड़क पर टायर जला कर जाम कर दिया और दोषियों को गिरफ्तार कर फांसी देने की मांग कर रहे हैं. जाम स्थल पर बोकारो थर्मल पुलिस मौजूद है.

## ब्रीफ खबरें

### शराब दुकान के सेल्समैन से ग्राहक परेशान

**धनबाद।** धनबाद के शराब दुकानों में लगातार हो रही परेशानी से ग्राहकों से लेकर सेल्स मैन के बीच कसमकस बढ़ी हुई है. जहां एक और सेल्स मैन लंबित वेतन नहीं मिलने का रोना रोकर लगातार ग्राहकों को अधिक मूल्य में शराब बेच रहे हैं. वहीं इसका कोई जिम्मेवारी लेना वाला कोई नहीं है. जिले में करीब 140 सरकारी शराब दुकानें हैं, जिसमें देशी और विदेशी दोनों शराब दुकानें शामिल है. बताया जाता है कि झारखंड में बीते कुछ वर्ष शराब के कारोबार को निजी हाथों से सरकारी हाथों में लिया गया. लेकिन विभाग पुनः निजी कांट्रेक्टर को दुकान संचालन का जिम्मा सिर्फ दिया, जबकि पूरा हिसाब और कंट्रोलिंग का जिम्मा उत्पाद विभाग को दिया गया.

### अजीबोगरीब बछड़ा

**गोमो।** गिरीडीह जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बलथरिया गांव में ज्ञानचंद महतो के यहां सोमवार को एक गाय ने अजीबोगरीब बछड़े को जन्म दिया. जिसका सिर इंसानों जैसा है. अजीबोगरीब बछड़ा के जनने से पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया. इस अजीबोगरीब बछड़े को देखने के लिए लोगों का जमावड़ा दिन भर लगा रहा. गाय मालिक ज्ञानचंद महतो ने बताया कि गाय को स्थानीय पशु चिकित्सक के द्वारा सीमेन दिया गया था. इसके बाद ऐसा बच्चा का जन्म हुआ है. बच्चा कुछ ही घंटे जीवित रहा.

### बीसीसीएल टुंडी में लगायेगा 33 हजार पेड़

**धनबाद।** बीसीसीएल पर्यावरण संरक्षण, भूमि सुधार और प्राकृतिक संपदाओं के प्रति शुरू से सजग है. इसी अभियान में बीसीसीएल ने टुंडी प्रक्षेत्र के बराकर नदी के 11 किलो मीटर लंबे तट पर पर 33 हजार पौधरोपण का निर्देश सोमवार को विभाग ने किया. जिसकी कुल लागत 2.51 करोड़ रुपया बीसीसीएल द्वारा दिया गया है. बताया जाता है कि इस कार्य से बराकर नदी की संरक्षण के साथ बराकर नदी का जल स्तर भी बढ़ जाएगा. साथ ही साथ वायु गुणवत्ता से इसमें बड़ा सुधार होगा.

### कई लोगों ने थामा जदयू का दामन

**कतरास।** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू का सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए. इस अवसर पर अमर सेन और कुहू रेणु दत्ता सहित अन्य ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. दीप नारायण ने नए सदस्यों को सदस्यता रशीद देकर पार्टी में शामिल कराया. मौके पर जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, जदयू नेता और पूर्व जिला परिषद् सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, प्रिंस कुमार समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे.

### विधायक ने दी नए प्रभारी को बधाई

**धनबाद।** धनबाद विधायक राज सिन्हा ने झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्वा शर्मा को सह प्रभारी बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी. कहा कि दोनों के मार्गदर्शन में झारखंड भाजपा को नई ऊर्जा प्रदान होगी. संगठन निश्चित रूप से नई बुलंदियों को छूएगा. इन्हें संगठन का लंबा अनुभव प्राप्त है जिसका लाभ झारखंड भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा.

## पूरे कोयलांचल में ईद-उल-अजहा का त्योहार शांति व सद्भावना के साथ मनाया गया

# धनबाद में अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज



**खास बातें**

- पैगंबर हजरत इब्राहीम के कुर्बानी की याद में मनाई जाती बकरीद : हाफिज मोहम्मद हसनेन
- बकरे की कुर्बानी के साथ-साथ दी जाती हर बुराइयों की भी कुर्बानी

**संवाददाता । धनबाद**

पूरे कोयलांचल में सोमवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई. इस दौरान नमाजियों ने देश की खुशहाली, अमन-चैन और आपसी भाईचारे की कामना की. नमाज से पहले तकरीर में भाईचारा एवं सद्भाव का पैगाम दिया गया. साथ ही बुराइयों की कुर्बानी देकर नेकी की राह पर चलने की सीख दी गई. वासेपुर, नया बाजार, पांडरपाला, टिकियापाड़ा, पुराना बाजार, कतरास, डिगवाडीह, फुसबंगला, जामाडोबा, बरकीटांड़, झरिया उपर कुल्ही, सुदामडीह, पाथरडीह, सिंदरी आदि क्षेत्रों के मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह के समय से ही मुस्लिम समुदाय के लोग पहुंचे और सामूहिक रूप से नमाज अदा की. नमाज को लेकर विभिन्न कमेटियों ने मस्जिद व ईदगाहों में नमाजियों के लिए पूरी तैयारी की थी. नमाज अदा करने के बाद सभी नमाजियों ने एक दूससे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकवाद दी. फुसबंगला शालीमार ईदगाह के इमाम हाफिज मोहम्मद हसनेन नजा ने कहा कि पैगंबर हजरत इब्राहीम के कुर्बानी की याद में बकरीद मनाई जाती है. इस त्योहार में बकरे की कुर्बानी के साथ-साथ हर बुराइयों की भी कुर्बानी दी जाती है, जिससे इंसानियत बची रहे. ईद-उल-अजहा हमें इस बात की भी तालीम देती है कि हम अपने रब की रजा के खातिर इबादत करें. शमशेर आलम ने कहा कि बकरीद सुन्नते इब्राहिम है और हमलोग सुन्नते इब्राहिम को कुर्बानी अदा करते है. ये कुर्बानी एक संदेश है. कुर्बानी हर वैसी चीज की होनी चाहिए जो इंसानियत, देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा साबित हो रहा है. उन्होंने कहा कि पैगंबर हजरत इब्राहीम को सपना आया था की तुम अपने सबसे प्यारे चीज की कुर्बानी दो तो उन्होंने अपने पुत्र की कुर्बानी देनी चाही, तभी उस जगह पर बकरा आ गया. तभी से बकरे की कुर्बानी की प्रथा शुरू हुई. बकरीद को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किया गए थे. किसी तरह की अप्रिय घटना न घटे इसे लेकर जिला मुख्यालय और सभी थानों में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी. सुरक्षा को लेकर जिले को 6 जोन में बांटा गया था. जगह-जगह मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस जवान तैनात किए गए थे. बकरीद की पूर्व संध्या पर सभी थाना क्षेत्रों में फ्लेग मार्च भी किया गया था.

## गोमो में शान्ति व सौहार्द के साथ मनाई गई बकरीद

गोमो सहित हरिहरपुर थाना क्षेत्र के आसपास के इलाके में ईद उल फितर (बकरीद) शांति व सौहार्द के साथ मनाई गई. सोमवार सुबह 6 से 7.30 बजे तक पुराना बाजार, लोको बाजार लालूडीह, बिछा काटा, नरयाहीटांड़, पावापुर आदि इलाकों के मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की गई. लोको बाजार जामा मस्जिद के इमाम मो. मकसूद कासमी ने बताया कि बकरीद मुबारकवाद का दिन है. आज के दिन अल्लाह तबारक हजरत इब्राहिम ने जो कुर्बानी पेश की वह अल्लाह को बेहद पसंद आई. नमाज अदायगी के बाद नवाजियों ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी. बकरीद को देखते हुए हरिहरपुर थाना पुलिस गोमो के हर चौक चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैद दिखी.



## लोयाबाद में हर्षोल्लास के साथ मना बकरीद

लोयाबाद थाना क्षेत्र में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार शांति व सद्भाव के साथ मनाया गया. सुबह के समय से ही यहां के विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगो ने अकीदत के साथ ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की. नमाज अदा करने के बाद लोगों ने बकरे की कुर्बानी दी. लोयाबाद 6 नंबर स्थित ईदगाह सहित लोयाबाद 5, 7 एवं पवार हाऊस और निचितपुर मस्जिद में नमाज अदा की गई. बकरीद के अवसर पर लोयाबाद मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, कांग्रेस के जिला महासचिव असलम मसूरी, लोयाबाद चेम्बर के अध्यक्ष राजकुमार महतो समेत लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने नमाज अदा करने वालों को ईद-उल-अजहा की बधाई दी.



# हार्डकोक भट्ठे पर स्पेशल टीम की औचक छापेमारी

**खास बातें**

- 2500 टन अवैध कोयला जब्त
- फॉर्म बी के अनुसार सांसद के बेटे का हार्डकोक पर मालिकाना हक

**संवाददाता । धनबाद**



झारखंड डीजीपी के निर्देश पर रांची से आई स्पेशल टीम ने धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में कोयले के अवैध कारोबार के खिलाफ छापेमारी की है. इसी क्रम में बरवाअड्डा के अजबडीह स्थित श्री जगन्नाथ हार्डकोक में हुई छापेमारी में 2500 टन ज्यादा स्टॉक मिला. भट्ठे के अंदर 7 ट्रक भी मिले. बताया जाता है यह हार्डकोक भट्ठा चुनचुन गुप्ता का है. वहीं फॉर्म बी के अनुसार श्री जगन्नाथ कोक इंडस्ट्रीज ढुल्लू महतो के बेटे प्रशांत कुमार के नाम पर है. श्री जगन्नाथ हार्डकोक पर छापेमारी के दौरान स्पेशल टीम ने बरवाअड्डा थाना को सूचित किया था. इस संबंध में बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने कहा कि खनन विभाग को कोयले का स्टॉक और कागजात जांचने का निर्देश दिया गया है. ट्रकों को जांचने की जिम्मेवारी डीटीओ धनबाद को सौंपी गई है. बक़रीद त्योहार के कारण सोमवार को कार्यालय बंद रहने की वजह से मंगलवार को जांच की जाएगी. जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी. फिलहाल ट्रक और कोयला पुलिस की निगरानी में है.वहीं दूसरी तरफ स्पेशल टीम ने बरवाअड्डा, सोनारडीह, महुदा एवं भाटडीह में भी छापेमारी की. छापेमारी में अवैध कोयला लदे चार ट्रक, जेसीबी एवं सैकड़ों टन अवैध कोयला जब्त किया गया. मालूम हो कि इन दिनों जिले में कोयले की तस्करी काफी बढ़ गई है. जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिदिन हजारों टन कोयले का अवैध कारोबार किया जा रहा है. इन कोयले को जीटी रोड स्थित कुछ हार्डकोक भट्ठों में खपाया जाता है. इसके साथ ही कई ट्रक कोयले बिहार एवं यूपी भेजे जा रहे हैं.

## पुलिस की छापेमारी में अवैध कोयला लदे तीन ट्रक जब्त

**महुदा।** धनाबद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध कोयले का कारोबार रोकने के लिए रविवार की देर रात भाटडीह ओपी पुलिस ने भाटडीह स्थित हीरक मार्ग पर अवैध कोयला ले जाते समय तीन ट्रकों को पकड़ा. इसके अलावा भाटडीह के जंगल में छुपाकर रखे गए कोयले की करीब 300 बोरियां भी जब्त की. पुलिस तीनों ट्रकों को जब्त कर भाटडीह ओपी ले आई. यह जानकारी ओपी प्रभारी बाल मुकुन्द सिंह ने दी. कहा कि भाटडीह क्षेत्र से अवैध कोयला ले जाने की सूचना मिली थी. उसी आलोक में छापेमारी अभियान चलाकर तीन ट्रकों को जब्त किया गया. पुलिस को देखते ही तीनों ट्रकों के चालक फरार हो गए. तीनों ट्रकों में लगभग 45 टन कोयला लदा है. वहीं भाटडीह जंगल में कोयले की जब्त बोरियों में 10 टन कोयला भरा है. तीनों ट्रकों



के मालिक एवं चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाशी शुरू हो चुकी है. अवैध कोयले का कारोबार रोकने के लिए छापेमारी अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा.

## कुल्टी विधायक के प्रयास से झानकपुरा में पहुंचा पानी



**बराकर।** कुल्टी विधायक द्वारा वार्ड 70 के झानकपुरा में बंद पड़े बोरिंग में समरसेबल पंप उपलब्ध कराने से पानी की आपूर्ति चालू हो गई यहां महीनों से पानी की आपूर्ति ठप थी . आसनसोल नगर निगम के वार्ड नंबर 70 के झनकपुरा में समरसेबल बिगड़ जाने से बोरिंग पिछले कई महीनों से बंद पड़ा था मामले की शिकायत स्थानीय लोगों ने कुल्टी विधायक डॉ अजय कुमार पोद्दार से की .लोगों ने कहा कि इस भीषण गर्मी में उन्हें पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है . घरेलू उपयोग के लिए लोगों को दूर दराज से पानी लाना पड़ता है , जिससे उन्हें काफी कठिनाई होती है .विधायक ने जब लोगों की समस्या सुनी , तो उन्होंने तत्काल अपने निजी फंड से समरसेबल पंप मंगवा कर तुरंत मैकेनिक के माध्यम से उसे स्थापित करवाया और इसके बाद अपनी उपस्थिति में ही उसे चालू करवाया और जब उसमें से पानी निकलना आरंभ हुआ तो वहां के लोगों का चेहरे पर खुशी दौड़ गई . . इस अवसर पर उनके साथ बासुकी साव , मुकेश कुमार , आदित्य नारायण शर्मा , मिथुन बाउरी , पारस साव , मनमोहन राय , राजू यादव , सोनू चौरसिया , सहित स्थानीय लोग मौजूद थे ।

## सहयोग फाउंडेशन ने किया फादर्स डे का आयोजन

### पिता की भूमिका को बताया महत्वपूर्ण



**खास बातें**

- बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**संवाददाता । धनबाद**

सहयोग फाउंडेशन और विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ की ओर से धनबाद में पहली बार धैया स्थित आमंत्रण में फादर्स डे का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि डॉ. सीबी मेहता, नीतू तिवारी, झारखंड राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग के पूर्व सदस्य सुनील वर्मा, समाज सेवी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह, एचके पाठक, अशोक वर्मा, वैभव सिन्हा सहित अन्य ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.कार्यक्रम की शुरुआत अदिति तिवारी के गणेश वंदना से हुई. इसके बाद मिंटू ठाकुर के नेतृत्व में गोमो की बैक स्टेज संस्था ने रामू रिक्शा वाला नाटक का मंचन किया. नाटक की समाप्ति के बाद एक्सट्रीम यंगस्टर की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीतू तिवारी ने कहा कि फादर्स डे पहली बार मनाया गया है. पिता के त्याग को समझना मुश्किल है. डॉ. सीबी मेहता ने कहा कि सहयोग संस्था की सोच काफी बड़ी है, वरना ऐसे कार्यक्रम कौन करता है? अशोक गिरी ने कहा कि पिता के योगदान को आंका नहीं जा सकता. वैभव सिन्हा ने कहा कि पिता है तो सब कुछ है. उनका साया उठने के बाद जो खालीपन महसूस होता है इसे समझना मुश्किल है. कार्यक्रम में सभी अतिथियों को आंवला पेड़ और जय माता दी का पत्ता देकर सम्मानित किया गया. मौके पर दीपमाला मेहता, देवयंती, अनुपमा सिंह, आशा राय, नरेंद्र भारती, नवल किशोर पांडेय, विष्णु अग्रवाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.


**इंसाफ की गुहार** पैसे वापस पाने के लिए अधिकारियों के काट रहा चक्कर

# बीसीसीएलकर्मी से 12 लाख का फर्जीवाड़ा

**खास बातें**

- सेन्द्रा बाँसजोड़ा में वॉगन मजदूर के पदपर कार्यरत है कार्तिक

**संवाददाता । पुटकी**



स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बसेरिया (भूली) ब्रांच से बीसीसीएल कर्मी दलित कार्तिक धोबी को ऋण निकलवाने के नाम पर दलाल ने 12 लाख रुपये का फर्जीवाड़ा कर लिया. लोयाबाद कोक प्लांट मुंडा पट्टी निवासी व सेन्द्रा बाँसजोड़ा में वॉगन मजदूर के पदपर कार्यरत कार्तिक ने साइबर व पुटकी थाना में लिखित शिकायत की है. इन दोनों थाना से कोई राहत व सहायता नहीं मिलने पर उसने अब उपायुक्त,एसएसपी, जिले के अन्य वरीय अधिकारी तथा भूली ओपी में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है .पीड़ित व्यक्ति ने लोयाबाद 20 नम्बर के संजय व बैंक के मैनेजर व अन्य पर मिलीभगत व फर्जीवाड़ा कर राशि हड़पने का आरोप लगाया है. लिखित आवेदन में आरोप लगाया गया है कि दलाल ने फर्जी तरीके से विड्रॉवल, चेक, एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग कर बैंक से रुपया निकाल लिया है .बैंक में शिकायत की गई तो मैनेजर ने अनसुना कर दिया।

### पुत्री के विवाह के लिए लिया ऋण

बीसीसीएल कर्मी ने पुत्री के विवाह के लिए 30 मई को 16 .48 लाख रुपया ऋण लिया था।पुत्री की अप्रैल में मंगनी हो चुकी है .शादी की तिथि तय होनी थी इसके पहले दलाल ने फर्जीवाड़ा कर सारी रकम हड़प ली .दलाल संजय पर पहले भी इस तरह का फर्जीवाडा.करने के आरोप लगते रहे हैं . ऋण निकलवाने में लोयाबाद 20 नम्बर के संजय ने अहम भूमिका निभाई थी इस दौरान उसने कार्तिक को झांसे में डाल उसके खाते में खुद का मोबाइल नम्बर उपडेट करा दिया कई महत्वपूर्ण कागजात भी ले लिया पूर्व की बकाया ऋण का 4 .25 लाख रुपए कार्तिक के खाते से कट गया . शेष बची स्वीकृत ऋण में से दलाल संजय ने 48 घण्टे के अंदर 12 लाख रुपये विभिन्न तरीके से निकाल लिया। श . दलाल ने 31 मई को पचास हजार,20 हजार,साढ़े तीन लाख,साढ़े छह लाख,एक लाख व एक जून को पचास हजार,पांच लाख, पचास हजार व 48 हजार रुपये निकाल लिए .

### झारखंड का चुनाव प्रभारी बनाने पर स्वागत

**गोविंदपुर।** भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल ने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड का चुनाव प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा सरमा को सह चुनाव प्रभारी बनाए जाने का स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के दोनों नेताओं को जिम्मेदारी देकर भाजपा यह संकेत दे दिया है कि पार्टी विधानसभा चुनाव गंभीरता से लड़ेगी और सरकार बनाएगी. उन्होंने कहा कि प्रभारी एवं सह प्रभारी कुशल संगठनकर्ता है और चुनाव के बहुत पहले दोनों को जिम्मेदारी दे दी गई है ताकि दोनों के नेतृत्व में धारदार संगठन बने और विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बने. इन्हें संगठन का लंबा अनुभव प्राप्त है जिसका लाभ झारखंड भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा.

## सांसद से मिले सीएमडी, ढुल्लू महतो ने कहा बीसीसीएल को देंगे हर संभव सहयोग

**धनबाद की तरक्की के लिए बीसीसीएल तैयार : सीएमडी**



**संवाददाता । धनबाद**

बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने सोमवार को चिटाही स्थित धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के आवास पर उन्हें जीत की बधाई दी. सांसद को बीसीसीएल के सीएसआर,पर्यावरण, सामुदायक विकास की गतिविधि,साथ ही धनबाद और आसपास के लोगों को बीसीसीएल द्वारा लगातार दिए जाने वाली जरूरी विकास संबंधित उपलब्धि के बारे में बताया, ढुलू महतो ने भी लगातार बीसीसीएल को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया.मौके पर डीटी संजय कुमार सिंह,ब्लॉक दो जीएम चितरंजन कुमार,जीएम बरोरा पियूष कुमार ,जीएम गोविंदपुर जीसी सहाय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.

## खेतटांड़ से निकली भव्य कलश यात्रा

**बलियापुर ।** खेतटांड़ में श्री श्री हरि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सोमवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई. कलश यात्रा खेतटांड़ मंडल टोला, आमझर मोड़, भिखराजपुर हीरक पॉइंट होते हुए पहाड़पुर बिरजू तालाब पहुंचे. कलश में जल उठाकर पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचे. पूजा अर्चना किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री तारा देवी कलश यात्रा में शामिल थी.

मौके पर बहादुर मंडल, नयन मंडल, रंजन मंडल, दीपक मंडल, अजीत मंडल, अंबूज मंडल, उत्तम मंडल, लखन मंडल, सुजल मंडल, राजेश मंडल, सचिव मंडल, मानिक मंडल, गोतम, सेमल, नवीन, राजेंद्र, बिंदु चौधरी, लाल मुर्मू, वकील मुर्मू, मिहीर महतो, अजय महतो, राजेश महतो, निर्मल मंडल आदि मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### हजारों मछलियां मरी दुर्गंध से लोग परेशान

**पौडेयाहाट।** पौडेयाहाट प्रखंड मुख्यालय स्थित पुरानी सरकारी तालाब में पल रही सारी मछलियां बीत शनिवार की रात एकाएक मर गई. एकाएक सारी मछलियों के मरने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है. इसको लेकर तरह-तरह की बातें कही जा रही है. अब जबकि एक साथ पचास हजार से अधिक संख्या में मछलियां मर गई है तो इससे उठने वाली दुर्गंध के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है. अगल बगल के लोग बदबू से परेशान हैं. उनका कहना है कि अगर यही हालात रहे तो महामारी भी फैल सकती है. मत्स्य विभाग के साथ जिला प्रशासन को भी सूचित कर पोखर के प्रदूषित जल को निकलवाने की मांग की गई है.

### ज्येष्ठी वैष्णवी दुर्गा पूजा का शुभारंभ

**देवघर।** नगर निगम क्षेत्र के रोहिणी पांडे टोला शतचण्डी मंदिर परिसर में वैष्णवी ज्येष्ठी दुर्गा पूजा का शुभारंभ निर्जला एकादशी तिथि दिन सोमवार को प्रारंभ हुआ. आचार्य उपेन्द्र नाथ पाण्डेय ने उपाचार्य दिनेश पांडे को विधि विधान से पूजा संपन्न कराया. इसके पूर्व प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया, जो मंदिर परिसर से निकल कर पांडे टोला मुख्य मार्ग होते हुए गांधी चौक तथा गांधी चौक होते हुए काली मंदिर रोड से हटिया चौक तथा पाण्डेय टोला मार्ग होते हुए मंदिर पहुंची तथा प्रतिमा को वेदी पर बैठाया गया. मां के आगमन को ले श्रद्धालु भक्त अपने दरवाजे पर ही खड़ा होकर मां का दर्शन किए.

### विहिप सप्ताह भर मनाएगी स्थापना दिवस

**गिरिडीह।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, जिला और नगर समिति की बैठक सोमवार को शिव मंदिर पुलिस लाइन में संपन्न हुई. ओम उच्चारण के साथ शुरू हुई बैठक की अध्यक्षता रितेश पांडे ने किया. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे उपस्थित हुए. संगठन का 5 वर्ष पूर्ण होने के बाद गिरिडीह में साप्ताहिक स्थापना दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया. कार्यक्रम के तहत 24 जून से 29 जून तक पौधरोपण और 30 जून को हिंदू सम्मेलन किया जाएगा. जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुविख्यात राष्ट्रीय प्रखर प्रवक्ता चित्रकूट धाम के युवा महंत श्री श्री 108 स्वामी सीताराम शरण जी महाराज मौजूद रहेंगे.

### विधायक अमर बाउरी पीड़ित परिवार से मिले

**तलगडिया।** चंदनकियारी विधायक सह प्रतिपक्ष नेता अमर कुमार बाउरी सोमवार को चास प्रभुके पंचायत बेलुंजा के उसरडीह गांव के सड़क दुर्घटना में मृतक नारायण राय के परिवार से मिलकर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया. उन्होंने आर्थिक मदद भी किया. सरकारी लाभ दिलाने का भरोसा दिया. ज्ञात हो कि दस दिन पूर्व नारायण राय की अज्ञात वाहन के चपेट में आने से चास तलगडिया मुख्य पथ पर पत्थर खादान के समीप सड़क दुर्घटना से मौत हो गई थी. मौके पर बबलु चौबे, लखन खावास, मोहन तिवारी, बबलु पाठक, मिथिलेश तिवारी, श्याम पैतंडी, अजय तिवारी, नरेश सिंह, रजनीकांत महतो, सत्यवान उपाध्याय, राजकिशोर मेहता, लालू पाठक, संतोष हजरा, बी अंसारी, प्रभास चोबे, अभिषेक, जितेन, शुभम आदि कार्यकर्ताओं व ग्रामीण उपस्थित थे.

### घटवार को आरक्षण मिलने तक आंदोलन रहेगा जारीः रामप्रवेश

**देवघर।** अखिल भारतीय आदिम जनजाति समूह संघर्ष मोर्चा की समीक्षात्मक बैठक तेजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में त्रिकूट पहाड़ के सभागार में आयोजित की गई. जबकी बैठक का संचालन मोर्चा के महामंत्री रामप्रवेश राय ने की. मोर्चा द्वारा गत लोकसभा चुनाव में घटवार/घटवाल जाति को आरक्षण नहीं तो वोट नहीं का निर्णय लिया गया था. वहीं मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह ने कहा कि समाज के लोगों में संतोषजनक भाव रहा. जब तक घटवार/घटवाल जाति को आरक्षण नहीं मिल जाता, भविष्य में भी आंदोलन जारी रहेगा. बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष गिरिजानंद राय, कार्यकारी अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, राजेश सिंह, केंद्रीय सलाहकार राजेंद्र राय, पीतांबर सिंह उपाध्यक्ष चंद्रकिशोर सिंह, गणेश राय, सुरेश सिंह, प्रमोद राय, बासुदेव राय, भोला राय सहित दर्जनों घटवार/घटवाल समाज के लोग मौजूद थे.

# मस्जिदों में नमाज अदा कर सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया ईद उल अजहा

संवाददाता। जामताड़ा



जामताड़ा शहर सहित संपूर्ण जिले में सोमवार को ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया. त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप कुर्बानियां दी गई. बकरीद के नमाज पढ़कर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी. जामताड़ा के न्यू टाउन स्थित ईदगाह, पाकडीह, सरखेलडीह ईदगाह, मियांडीह, बुधुडीह, नाराडीह, बेवा, धनबाद, चिरूनबांध, शहरपुरा, मोहड़ा, पोसोई सहित अन्य ईदगाहों में बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई. नमाज के बाद अमन शांति के लिए अल्लाह ताला से दुआएं मांगी और एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी. पर्व को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखा गया. नए कपड़े पहनकर लोग विभिन्न ईदगाह और मस्जिदों में जमा होने लगे थे.

मौके पर पाकडीह व सरखेलडीह ईदगाह में नमाज के दौरान संबोधित करते हुए इमाम मौलाना अख्तर रजा ने कहा कि ईद उल अजहा बलिदान और संयम का दिन है. इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिलहिज्जा की दसवीं तारीख को यह पर्व मनाया जाता है. उन्होंने कहा कि कुर्बानी आत्मा को शुद्ध करने का एक उत्तम साधन है. उन्होंने कहा कि कुर्बानी में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दिखावे के लिए न हो.

उन्होंने कहा कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हजरत इस्माइल अलेही सलाम को कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए थे. अल्लाह को यह अदा काफी पसंद आई. इसके बाद सभी लोगों ने त्याग एवं समर्पण के प्रतीक स्वरूप के अनुसार बकरे की कुर्बानी दी गई. उसके बाद देर शाम तक कुर्बानियों का सिलसिला चलता रहा. सभी धर्मों के लोगों ने इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बधाई दी. घर-घर पकवान बने. एक दूसरे के घर जाकर लोगों ने पकवान भी बांटे. मौके पर लोगों ने कहा कि ईद उल अजहा एकता का संदेश देता है, एकता से बड़ी कोई दौलत नहीं है. इस दौरान जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी, भाजपा नेता वीरेंद्र मंडल, झामुमो केंद्रीय कमेटी के सदस्य अशोक मंडल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपिका बेसरा, आजसू नेता तरुण गुप्ता सहित अन्य राजनीतिक दलों के लोगों ने भी सक्रियता दिखाई और मुस्लिम बस्तियों में जाकर एक दूसरे को बकरीद की बधाई दी. इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे. क्षेत्र के सभी ईदगाहों में बकरीद को लेकर जिला प्रशासन द्वारा नमाज के दौरान दंडाधिकारी तथा पुलिस के जवान तैनात किए गए थे. सभी जगह शांतिपूर्ण रहा.

### चास-बोकारो की ईदगाहों में नमाज अदा

**बोकारो।** चास-बोकारो में सोमवार को ईद-उल-अजहा पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया. त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप कुर्बानियां दी गई. बकरीद के नमाज पढ़कर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी. चास, सेक्टर 9, अंसारी मोहल्ला, उकरीद, सेक्टर चार बीआरएल के सामने, भर्रा, मखदुमपुर सहित अन्य ईदगाहों में बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई. नमाज के बाद अमन शांति के लिए अल्लाह ताला से दुआएं मांगी और एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दिया. पर्व को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखा गया. मौके पर लोगों ने कहा कि ईद उल अजहा एकता का संदेश देता है, एकता से बड़ी कोई दौलत नहीं है. इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे. क्षेत्र के सभी ईदगाहों में बकरीद को लेकर जिला प्रशासन द्वारा नमाज के दौरान दंडाधिकारी तथा पुलिस के जवान तैनात किए गए थे.

### बेरमो में नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआ

**कथारा।** बेरमो कोयलांचल में बकरीद पर्व को लेकर समयानुसार सभी ईदगाहों में बकरीद की नमाज अदा की गई. साथ ही एक दूसरे को गले लगा कर बकरीद की बधाई दी गई. बेरमो के फुसरो, जरीडीह, कुरकपनिया, संडे बाजार, जारंगडीह, कथारा, असनापानी, खेतको, बरवाबेडा में भी बकरीद की नमाज अदा की गई. नमाज के दौरान देश की खुशहाली, अमन और भाईचारे की सलामती के लिए दुआएं की गई.

## योजनाएं एक-दो महीने में धरातल पर उतरने की उम्मीद

# तीन बड़ी सौगात से बदलेगी शहर की सूरत : विधायक

**खास बातें**

- 718 मीटर आरओबी की मिली स्वीकृति
- 24 किमी का बाईपास हुआ पास

संवाददाता। गिरिडीह



सदर विधायक सुदीब्य कुमार सोनू ने सोमवार को झामुमो जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता कर गिरिडीह जिला को मिली तीन बड़ी सौगात की जानकारी दी. इन्होंने बताया कि राज्य सरकार के तीन महती योजना गिरिडीह के लिए स्वीकृत हो चुका है. डीपीआर बन रहा है, एक-दो महीने के अंदर यह धरातल पर उतर जाएगा. इन्होंने बताया कि झरियागादी की लोगों की 20 से 25 वर्षों से मांग थी कि आरओबी बने. लोगों को गिरिडीह आने-जाने में कठिनाई होती थी. इस विषय को गंभीरता से राज्य सरकार के समक्ष रखा. राज्य सरकार ने गिरिडीह रेलवे स्टेशन से झरियागादी रोड तक 718 मीटर आरओबी की स्वीकृति दे दी है. बताया कि गिरिडीह बाईपास निर्माण गिरिडीह डुमरी रोड के जोड़ापहाड़ी के पास से जमुआ को क्रॉस करते हुए बेंगाबाद के महुआर तक नेशनल हाईवे केंद्र सरकार के द्वारा 24 किलोमीटर का बाईपास पास हुआ. लेकिन कुछ हिस्सा इस नेशनल हाईवे से जुड़ने से वंचित रह गया था. जिसको राज्य सरकार को बताया गया. अब डुमरी के बनियाडीह, कोलवरी, चुंजका, गादी, श्रीरामपुर, चतरो से खंडोली डैम तक और फिर यहां से बेंगाबाद, महुआ निकलेगी. इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी. वहीं तीसरा महती योजना बताते हुए विधायक ने कहा कि गोली टूरिस्ट सर्किट को राज्य सरकार ने स्वीकृति दे दी है. विधायक श्री सोनू ने कहा कि उपासना सर्किट के नाम से इसका प्रस्ताव रखा था. यह योजना रांची के ओरमांझी से गोला छीनमस्तिका रजरप्पा से डुमरी, मधुबन पारसनाथ होते हुए बूढ़े देवघर को मिलाएगी. कहा कि इसके निर्माण हो जाने से गिरिडीह की दूरी मात्र 150 किलोमीटर हो जाएगी और लोगों को रांची और रांची क्षेत्र के लोगों को बाबा नगरी आने जाने में सुविधा होगी.

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का बोकारो में तीन दिनों का प्रवास

## सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित स्वयंसेवकों के विकास वर्ग में होंगे शामिल



संवाददाता। बोकारो

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत सोमवार से तीन दिनों के प्रवास में बोकारो रहेंगे. सोमवार देर शाम वे सेक्टर 03 सी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित आरएसएस के स्वयंसेवकों के विकास वर्ग में शामिल होने पहूंचे. मंगलवार को इस वर्ग में भागवत प्रबोधन देंगे.

जानकारी के अनुसार उत्तर पूर्व क्षेत्र के स्वयंसेवकों के लिए 20 दिनों का सेक्टर 03 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में विकास वर्ग का आयोजन किया गया है. इसी में झारखंड के स्वयंसेवकों के लिए संघ शिक्षा वर्ग 11 जून से शुरू हुआ है. दोनों प्रशिक्षण वर्गों का एक साथ समापन 26 जून की शाम को होगा. 26 जून को होने वाले कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन सत्र में बतौर मुख्य वक्ता आरएसएस के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार होंगे. 27 जून की सुबह दीक्षा समारोह के बाद सभी स्वयंसेवक घर लौटेंगे. यह वर्ग प्रतिवर्ष मई माह में लगता था, लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर जून में किया गया. इससे पहले बोकारो में इस तरह का आयोजन 2012-13 में किया गया था.

### सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बोकारो प्रवास को लेकर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गयी है. पिछले दिनों बोकारो पुलिस के कप्तान पूज्य प्रकाश समेत आला पुलिस अधिकारी ने आयोजन स्थल का जायजा लिया था. कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा की पुख्ता इंतजामात की गई है.

### वर्ग प्रशिक्षण में झारखंड के 350 स्वयंसेवक शामिल

संघ शिक्षा वर्ग के प्रशिक्षण में झारखंड के लगभग 350 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं. वहीं कार्यकर्ता विकास वर्ग- एक में झारखंड, उत्तर व दक्षिण बिहार प्रांत से 150 के लगभग स्वयंसेवक शामिल हुए हैं.

स्वयंसेवकों के कार्य में गुणात्मक विकास करने के लिए प्रतिवर्ष लगने वाले इन प्रशिक्षण वर्ग में उन स्वयंसेवक ने भाग लिया, जिन्हें पिछले दो वर्ष से संघ का कोई दायित्व मिला है.

# बीएसएल की समस्याओं का समाधान हर हाल में करेंगे : ढुल्लू



संवाददाता। बोकारो

भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रेम सिंह महामंत्री के नेतृत्व में दुल्लू महतो धनबाद के नव निर्वाचित सांसद से मिलकर बीएसएल के कर्मचारियों और ठेका मजदूरों से संबंधित अनसुलझे मुद्दों पर हस्ताक्षेप करने का निवेदन किया. उन्होंने दुल्लू महतो को ज्ञापन भी सौंपा और अनुरोध किया कि अपने स्तर से या फिर इस्पात मंत्री के स्तर से इन मुद्दों को सुलझाया जाये.

प्रेम कुमार ने बीएसएल में गुप्त मतदान से यूनियन का चुनाव करवाने, कमचारियों का 39 महीने का बकाया एरियर दिलवाने, बीएसएल में कर्मचारियों के लिए इंटरनल सर्क्युलर के माध्यम से योग्यतानुसार प्रमोशन देने, बीजीएच में मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल की तरह कर्मचारियों को सुविधा देने, ठेका मजदूरों का मेडिकल जांच के नाम पर छटनी रोकने और मिनिमम वेजेस दिलवाने जैसे मुद्दो को प्रमुखता से रखा. सांसद ने कहा कि धनबाद का सांसद होने के नाते ये उनका दायित्व है कि वह बीएसएल के कर्मचारियों और ठेका मजदूरों के समस्यों का समाधान करें और इसके लिए जिनसे भी बात करना होगा और जो भी करना होगा वह अवश्य करेंगे.

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में सुरेन्द्र महतो, मुकेश कुमार, सत्यनारायन ठाकुर, सुशील कुमार सिंह, अशोक शर्मा, कमलेश कुमार, अमित सिन्हा, अरुण कुमार और अमित गिरि उपस्थित थे.

# तालाब जीर्णोद्धार कार्य को रैयतों ने रोका

## मनमाने ढंग से कार्य करने पर ग्रामीण हुए गोलबंद



संवाददाता। बोकारो

कसमार प्रखंड के सिंहपुर पंचायत अंतर्गत करमा गांव के शंकरडीह टोला स्थित बड़ा तालाब का जीर्णोद्धार सरकारी विभाग द्वारा किया जा रहा है, लेकिन जिर्णोद्धार कार्य मनमाने तरीके से किया जा रहा है. स्थानीय रैयत किसानों का कहना है कि तालाब का रकवा साढ़े तीन एकड़ से ज्यादा है. तालाब में गाद भरने के बावजूद डेढ़ से दो एकड़ क्षेत्र में जलक्षेत्र हुआ करता है. लेकिन संवेदक द्वारा तालाब के दक्षिणी छोर में तालाब का मिट्टी उठाकर भर दिया जा रहा है.

वहीं तालाब के चारों ओर 50 फीट का मेड़ बनाया जा रहा है. जिससे तालाब संकीर्ण हो रहा है. जलक्षेत्र मात्र आधे से कम हो जायेगा.

ग्रामीण रैयतों का कहना है कि जिस उद्देश्य और आकांक्षा से तालाब का जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है, उसमें पानी फिर जायेगा. सिंचाई क्षेत्र घट जायेगा तो फिर जीर्णोद्धार कार्य से क्या लाभ होगा.

रैयतों ने सोमवार को जीर्णोद्धार कार्य बंद करा दिया. रैयतों के कहा कि तालाब के तीन ओर मात्र 15 फीट का मेड़ रखें. वहीं एक ओर उत्तर दिशा की 20 से 25 फीट रखें, जिससे पानी ज्यादा रुके और तालाब का सारा मिट्टी व गाद दूर ले जाकर फेंकें, तभी आगे का कार्य करने दिया जायेगा. वरना तालाब जीर्णोद्धार कार्य नहीं होगा. इसकी शिकायत रैयतों ने उपायुक्त बोकारो एवं भूमि संरक्षण सर्वेक्षण कार्यालय को दे दी है.

उल्लेखनीय है कि तालाब का शिलान्यास व सूचना पट्ट गायब है, जिससे आम लोगों को पता ही नहीं चल रहा है कि तालाब का जीर्णोद्धार कार्य किस मद की राशि से कौन सा सरकारी विभाग का कार्य एजेंसी करा रही है. यह भी नहीं पता चलता है कि तालाब का संवेदक या पानी पंचायत में कौन-कौन से लोग हैं.

मौके पर रैयत नित्यानंद महतो, हरिहर महतो, दीपक महतो, राजेश्वर महतो, कपिलेश्वर महतो, सर्वेश्वर महतो, मधुसूदन महतो, सूरजनाथ महतो, अनिल महतो, अर्जुन महतो, परमेश्वर महतो, अशोक महतो व नंदलाल महतो आदि मौजूद थे.

### सीसीएल कर्मी की मौत, पुत्र को मिला नियोजन

**कथारा।** सीसीएल कथारा कोलियरी के केटगरी टू के पद पर कार्यरत 59 वर्षीय बाबूदास मांझी का सोमवार की दोपहर कार्यस्थल में काम करने के दौरान तबियत काफी बिगड़ गयी. जिनकी अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गयी. इसके बाद इस मामले में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ऊर्फ अनूप सिंह द्वारा सीसीएल मुख्यालय के वरीय अधिकारियों एवं कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक से पहल करने एवं अस्पताल परिसर में श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ प्रबंधन की हुई सकरात्मक वार्ता के पश्चात मृतक के एकलौते पुत्र 29 वर्षीय रामकिशोर मांझी को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र देने पर सहमति बन गयी. क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने खुद अस्पताल पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढंढस बंधाते हुए श्रमिक प्रतिनिधियों एवं मृतक की धर्मपत्नी के समक्ष आश्रित पुत्र रामकिशोर मांझी को नियुक्ति पत्र सौंपा. इस दौरान श्रमिक प्रतिनिधियों में मुख्य रूप से अजय कुमार सिंह, दिलीप कुमार, रामेश्वर कुमार मंडल, मथुरा सिंह यादव, टिकेत महतो, यदुनाथ गोप, कामोद प्रसाद आदि मौजूद थे.

### पेड़ की डाली गिरने से महिला घायल

**गोमिया।** गोमिया प्रखंड के लोधी पंचायत के वनचतरा गांव के भट्ठा टोला में 16 जून की शाम को महुआ पेड़ पर बिजली का खंभा तार सहित गिर जाने से पेड़ की डाली टूट कर 47 वर्षीय ललकी देवी के उपर गिर गई, जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना के बाद पड़ोसियों ने आनन फानन में उसे गोमियां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए बोकारो सदर अस्पताल रेफर कर दिया.

### पैसे की लालच में घर से भागे थे पोंडा के चारों बच्चे

**बोकारो।** कसमार थानाक्षेत्र के पोंडा गांव से 14 जून की सुबह से अचानक गायब चारों बच्चों को कसमार पुलिस एवं परिजनों के सहयोग से सकुशल बरामद कर सोमवार को परिजनों को सौंप दिया गया. इस दौरान स्थानीय मुखिया हारू रजवार भी मौजूद थे. कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने बताया कि बच्चों को 14 जून को कमलापुर में मेन रोड किनारे स्थित एक दुकानदार ने अपनी दुकान व आसपास के घास फूस की साफ सफाई करने बुलाया था, जिसमें चारों बच्चे पैसे की लालच में घास छिलने घर से कुदाल लेकर निकले थे. किसी तरह 16 जून की दोपहर डुमरी विहार स्टेशन पहुंचे तो सभी बच्चों को परिजनों ने पकड़ लिया. इस बीच स्थानीय पुलिस प्रशासन ने भी खोजबीन में काफी मदद की. इधर सोमवार को जब सभी बच्चों को परिजनों को सौंपा गया तो थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने बच्चों के अभिभावकों को फटकार लगाते हुए कहा कि बच्चों हर गतिविधि पर नजर रखें व उनकी हर जरूरतों को पूरा कर उन्हें पढ़ा लिखाकर एक आदर्श इंसान बनाएं. बच्चों ने दोबारा ऐसी गलती न करने की बात कही. थाना प्रभारी ने इस घटना में किसी तरह की बाल तस्करी या अन्य दूसरे तरह की घटना से इंकार किया है.

### अज्ञात शव का हुआ अंतिम संस्कार

**गोड्डा।** पिछले सप्ताह नगर थाना अंतर्गत रामनगर के समीप मिले युवक के अधजले लाश का अंतिम संस्कार करवा दिया गया. उक्त लाश की पहचान नहीं हो पाई. पिछले सप्ताह रामनगर के आगे से गुजरनेवाली फोरलेन के निर्माणाधीन पुल के सभी एक खाली पड़े खंडहरनुमा मकान से पुलिस ने युवक की अधजली लाश को बरामद किया गया था. शव की पहचान करने के लिए अगल-बगल थाना को भी सूचना भेजी गई थी. सोशल मीडिया के जरिए भी प्रसारित किया गया था लेकिन कहीं से कोई सूचना नहीं मिलने पर आखिरकार लाश के सड़ने से उठने वाली बदबू के वजह से उसका अंतिम संस्कार पुलिस निगरानी में करवा दिया गया. कांड का अनुसंधान जारी है.

### मलेरिया रोधी ग्राम गोष्ठी आयोजित

**देवीपुर (देवघर)।** स्वास्थ्य उपकेंद्र भोजपुर अंतर्गत ग्राम भोजपुर में मलेरिया रोधी माह जून 2024 के तहत ग्राम गोष्ठी का आयोजन ग्रामीणों के बीच करते हुए मलेरिया से बचाव तथा नियंत्रण संबंधी विभिन्न उपायों एवं तरीकों से ग्रामीणों को अवगत कराया गया, ताकि बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनके व्यवहार में परिवर्तन किया जा सके तथा सप्ताह में एक दिन सूखा दिवस मनाने एवं सोते समय मच्छरदानी का समुचित उपयोग करने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए जागरूक किया गया. संबंधित गांव में सोमनाथ रामानी, दिवाकर प्रसाद यादव एवं रवि शंकर शिवम, एमपीडब्ल्यू, संबंधित ग्राम की सहिया एवं सेविका के द्वारा मलेरिया जागरूकता कार्यक्रम किया गया. साथ ही साथ ग्राम भोजपुर में बुखार रोग से ग्रसित मरीजों का रक्तपट संग्रह एवं आरडी का जांच करते हुए फीवर सर्वे कार्य भी किया गया. मौके पर डॉ कुमार अभय प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष ने भाग लिया.

**आंदोलन** व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर अस्पताल के गेट पर मौन प्रदर्शन

# बीजीएच को किया जा रहा बर्बादः साधु शरण गोप

**खास बातें**

- सुधार नहीं होने पर हर माह आंदोलन की चेतावनी
- बीजीएच में विशेषज्ञ डॉक्टर की घोर कमी

संवाददाता। बोकारो




जनता मजदूर सभा के बैनर तले मजदूरों के साथ आम नागरिकों ने सोमवार को बोकारो जनरल अस्पताल में क्वालिटी चिकित्सा और व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर अस्पताल के गेट पर मौन प्रदर्शन किया.

सभा को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष साधु शरण गोप ने कहा कि निजी अस्पतालों में अपने को रिटायर के बाद नियोजित करने के वास्ते निजी अस्पतालों को विकसित करने के लिए बीजीएच को रणनीति के तहत बर्बाद किया जा रहा है . ताकि मरीज निजी अस्पतालों की ओर रुख करे. विडंबना है कि इसके दोषी कोई और नहीं, बल्कि वे हैं जिनकी शहर के बीच विशिष्ट पहचान इसी प्लांट और अस्पताल से मिली है.

उन्होंने कहा कि बीजीएच में विशेषज्ञ डॉक्टर की घोर कमी है. मरीजों का इलाज प्रशिक्षु डॉक्टर (डीएनबी) करते हैं. सीनियर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं. रविवार को डॉक्टर नहीं रहते, चिकित्सीय मशीन तो नई खरीदी जाती है लेकिन उसे उचित तरीके से उपयोग के विशेषज्ञ का बहाली नहीं हो रहा है.

आउटसोर्सिंग से डॉक्टर, टेक्नीशियन, नर्स, सफाई कर्मी बहाल है. दवाई की गुणवत्ता अव्वल नहीं है. अच्छी खासी खर्चा के बाद भी शौचालय गंदे, टूटे पड़े हैं. उक्त कुव्यवस्था से तंग होकर मरीज निजी अस्पतालों की ओर रुख कर रहे हैं. यदि इसे गंभीरता से नहीं लिया गया तो बीएसएल विद्यालयों के खंडहर में तब्दील भवन जैसा अस्पताल का खंडहर भवन भी शहर का शोभा म्यूजियम जैसा बढ़ाएंगे.

उन्होंने कहा कि बीजीएच के गौरवमयी इतिहास से आमलोगों का विश्वास बीजीएच अस्पताल पर है. प्रबंधन बोकारो को स्वस्थ रखने के लिए बीजीएच के गुणवत्ता पर कोई समझोता नहीं करे.

अच्छे डॉक्टर, तकनीशियन, संसाधन, स्टाफ उपलब्ध कराये. जब तक यह व्यवस्था बहाल नहीं होगा, यूनियन प्रत्येक महीना खिलाफ में प्रदर्शन करेगा.

मौके पर महासचिव संदीप कुमार आश, सहदेव साव, बैद्यनाथ बेसरा, उमाशंकर गोप, अनिरुद्ध कुमार, राजू यादव, ललन यादव, प्रदीप सिंह, जेठू राम गोप, गंगा धर गोप, एस के यादव, सुरेश महतो, आर के यादव, सुभाष दास, गोरा चांद गोप, लखन लाल, डी के सिंह, मुकेश कुमार, गोविंद साह, शिव शंकर लाल गुप्ता, अमर साह, देवाशीष, सुभाष हालदार के अलावे अन्य कर्मचारी मौजूद थे.

### कुछ अधिकारियों का भी आना-जाना, दे रहे हैं संरक्षण, गोरखधंधे को चमकाने के लिए बंगाल से भी लाई जा रहीं लड़कियां


## शहर के कई होटलों व नर्सिंग होम में हो रहा देह व्यापार का धंधा

संवाददाता। हजारीबाग

शहर के कई होटलों में देह व्यापार हो रहा है. बताया जा रहा है कि इस गोरखधंधे को कुछ अधिकारियों का संरक्षण भी प्राप्त में हो रहा है. दरअसल, जब से कोर्ट का आदेश आया है कि अब होटल में कोई भी बालिग युवक युवती ठहर सकते हैं, शहर में देह व्यापार का धंधा और फलने फूलने लगा है. ऐसे में जरूरतमंद लोग होटल में ठहरने से भी कतराने लगे हैं. इसके साथ नशे का कारोबार भी खूब चल रहा है.

जानकारी के अनुसार, शहर में आधा दर्जन से ज्यादा प्रतिष्ठित व्यक्ति रात में देह व्यापार का धंधा चला रहे हैं. इनमें कई सफेदपोश भी शामिल हैं. शहर में संचालित आधा दर्जन होटल और एक दो नर्सिंग होम तो इस धंधे में काफी मशहूर हो चुके है. हजारीबाग- बगोदर मार्ग पर स्थित बड़े और प्रतिष्ठित होटल में अधिकारी, शिक्षक, इंजीनियर, ठेकेदार खूब आते-जाते देखे जा रहे हैं. इनसे घंटे के हिसाब से कमरे के पैसे और लड़कियों का कमीशन तक होटल और नर्सिंग होम संचालक वसूल रहे हैं. बताया जा रहा है कि कई सैक्स रैकेट शहर में सक्रिय हो गए हैं. इस गोरखधंधे को चमकाने के लिए बंगाल से भी लड़कियां लायी जा रही हैं. देह व्यापार का धंधा अलग- अलग रूप में गली- मुहल्ले से लेकर नर्सिंग होम तक में भी चल रहा है, जहां थाने के सिपाही भी पहुंच रहे हैं, लेकिन फिर भी कार्रवाई नहीं होती, मुहल्ले के लोग चाहे कितनी भी शिकायत क्यों न कर लें.

बताया जा रहा है कि इस धंधे को चलाने के लिए अब राज्य के विभिन्न जिलों से लड़कियां हजारीबाग आ रही हैं. ये पुलिस से बचने के लिए पार्लर, होटल, नर्सिंग होम और मार्केटिंग का काम करने की बात कहती हैं, जबकि सच्चाई है कि ये सभी लड़कियां शहर के कुछ होटलों और नर्सिंग होमों के इशारे पर काम करती हैं. इन्हें ग्राहक की मांग पर होटल संचालक इनके ठहरे हुए स्थान से कार में बैठाकर ले जाते हैं और होटलों के अलावा फार्म हाउस तक भेज कर मोटी कमाई करते हैं.



#### कहां-कहां चल रहा है देह व्यापार का धंधा

हजारीबाग शहर के कन्हरी रोड, धनबाद रोड, रांची-पटना रोड के अलावे, कटकमसांडी रोड पर स्थित नर्सिंग होम के अलावा कई शादी घरों में भी आसानी से कमरा मिल जाता है. यहां तक कि इन प्रतिष्ठनों के संचालक लड़कियों का भी प्रबंध आसानी से कर देते हैं.

#### नर्सिंग होमों में अय्याशी के लिए भर्ती होते हैं मरीज

बता दें कि हजारीबाग के एक दो कथित नर्सिंग होम में में कुछ लड़कियां मिल जाएंगी. उक्त नर्सिंग होम में मरीज का आवागमन नहीं होता है. लोगों को धोखे में रखने के लिए एक डॉक्टर को बिठाते हैं और छोटे-छोटे इलाज करते हैं. इसमें मरीज से अधिक नर्स की पोशाक में लड़कियां मिलती हैं और अपनी देह को बेचती हैं. यह भी गौर करने वाली बात है कि इन नर्सिंग होमों में मरीज 9:00 बजे रात के बाद ही आते हैं और सुबह ठीक होकर चले जाते हैं. ये मरीज नहीं, अय्याश होते हैं. अस्पताल में भर्ती इसीलिए होते हैं ताकि किसी को शक न हो.

#### लड़कियों का एल्बम दिखाकर लेते हैं मोटी रकम

जिले में देह व्यापार का गोरखधंधा करने वाले होटल संचालक अपने होटल में ठहरने वाले ग्राहक को गेस्ट कहकर मनाते हैं और लड़कियों का एल्बम दिखाकर मोटी रकम लेते हैं. इसमें अगर रात भर के लिए कैमरा चाहिए तो उनका अलग रेट है, जबकि घंटे दो घंटे के लिए भी निर्धारित रकम लेते हैं. हालांकि पुलिस में देह व्यापार करने वाले पर समय-समय पर कार्रवाई कर रही है और कई लोगों को जेल भी भेज चुकी है, लेकिन इसके बावजूद यह धंधा शहर में फल फूल रहा है.

## झील परिसर में स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



बच्चों को सम्मानित करते वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह.

संवाददाता। हजारीबाग

झील परीसर में सोमवार को स्पीडस्केटिंग प्रतियोगता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और बच्चों का होसला-अफ़ज़ाई की. आउटडोर एस्केप एकेडमी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में मुन्ना सिंह का स्वागत, एकेडमी के आयोजक, कोच और पूरी टीम ने किया. मुन्ना सिंह ने सभी विजेताओं और उपविजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और उनको खेल के क्षेत्र में मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया. सिंह ने कहा कि आज के बच्चे खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं. मौके पर मुख्य रूप से बबलू सिंह, दिनेश यादव, सुजीत सिंह, विक्की कुमार धान, विशाल कुमार उपस्थित थे.

### ब्रीफ खबरें

#### सदर अस्पताल से हुआ अज्ञात का शव बरामद

**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की न्यू बिल्डिंग की पहली मंजिल के बरामडे से एक युवक का शव पुलिस ने सोमवार को बरामद किया. युवक की उम्र 20 से 22 वर्ष होने का अनुमान लगाया जा रहा है. वहीं कई लोगों का कहना है मृतक युवक को देखने से लग रहा था कि उसकी जहर खाने मौत हुई है. वहीं घटना की सूचना मिलते ही सदर पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है. इस संबंध में पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर शव की पहचान करने का प्रयास कर रही है. खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी.

#### करंट लगने से एक किसान की हुई मौत

**हजारीबाग।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के साड़ में किसान की बिजली के तार की चपेट में आने से मौत हो गई है. मृतक की पहचान साड़ निवासी वीरेंद्र कुमार विमल (55) के रूप में हुई है. इस संबंध में परिजनों ने बताया कि मृतक खेत से घर आया था और घर में घुसने के दौरान 440 वोल्ट का तार टूट कर उस पर गिर गया, जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई. वहीं घटना की सूचना बड़कागांव पुलिस को दी गई. पुलिस ने घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. ग्रामीणों ने कहा कि गांव में बिजली की लचर व्यवस्था है. कहीं बिजली का खंभा खराब है तो कहीं तार सड़ चुका है, जिसके कारण आए दिन हादसा होता रहता है. ऐसे में बिजली विभाग को सड़े गले तारों को बदलने की जरूरत है.

#### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**हजारीबाग।** सदर थाना क्षेत्र के डीवीसी स्थित न्यू कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक की पहचान धर्मेंद्र राम (42) के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि युवक ने रविवार की रात कमरे में जाकर पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली. सोमवार को घटना की जानकारी मिलते ही सदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है. इस संबंध में परिजनों ने बताया कि मृतक की पत्नी और बच्चे गर्मी छुट्टी मनाने के लिए मायके गई हुई है. मृतक घर पर अकेला था, वह न शराब पीता था और न ही कोई नशा पान करता था. उसने आत्महत्या क्यों की इसकी कोई जानकारी मुझे नहीं है.

### लाइन होटल से हरियाणा, पंजाब, राजस्थान भेजा जाता है डोडा

## 45 लाख का डोडा और ट्रक जब्त, पांच तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। चौपारण


चौपारण थाने की कमान जब से दीपक कुमार सिंह ने संभाली है, मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी कड़ी में रविवार की रात थाना प्रभारी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 45 लाख रुपये कीमत का 301 किलो डोडा और ट्रक को जब्त करते हुए पांच तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इस संबंध में थाना प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वरीय पदाधिकारी की ओर से गुप्त सूचना मिली थी कि दनुआ स्थित ड्राईवर भाई पंजाबी लाइन होटल के पास एक ट्रक में अवैध रूप से भारी मात्रा में डोडा लोड किया जा रहा है. इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार एवं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर सशस्त्र बल के साथ दनुआ स्थित उक्त लाइन होटल के पास छापामारी की गई. छापामारी दल होटल के पास पहुंचा तो देखा कि एक ट्रक खड़ा है और उस पर कुछ लोग चढे़ हुए हैं और कुछ लोग माथे पर प्लास्टिक का बोरा ला रहे हैं और कुछ लोग उस बोरे को चढ़ाने में मदद कर रहे हैं. पुलिस को देखते ही ये लोग भागने का प्रयास करने. सभी को सशस्त्र बल ने खदेड़कर पकड़ लिया. पकड़ाए व्यक्तियों को भागने का कारण पूछने पर उन लोगों ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया. तत्पश्चात पकडे. गये ट्रक एवं व्यक्तियों की तलाशी के क्रम में कुल 18 प्लास्टिक के बोरों में अवैध डोडा बंधा हुआ पाया गया. सभी बोरे को वजन करने पर कुल- 301 किग्रा डोडा पाया गया, ट्रक सहित डोडा एवं अन्य बरामद सामान को जब्त करते हुए चौपारण थाना लाया गया.



पुलिस ने जब्त किया गया 301 किलोग्राम डोडा और गिरफ्तार किए किए पांच तस्कर.

#### खास बातें

- लाइन होटल के संचालक के विरुद्ध होगा केस दर्ज
- जब्त ट्रक और नशीला पदार्थ चौपारण थाना लाया गया



जब्त ट्रक

#### गिरफ्तार अभियुक्त न्यायिक हिरासत में

इस संबंध में सुसंगत धाराओं व एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. गिरफ्तार पांचों आरोपियों ने अपना नाम रुपिंद्रजीत, यशविन्दर सिंह, असलम, नवाब खान, तारीक बताया. छापामारी दल में सुरजीत कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चौपारण, पुअनि दीपक कुमार सिंह थाना प्रभारी, चौपारण थाना, पुअनि निलेश कुमार रंजन चौपारण थाना, सअनि संजय हासंदा चौपारण थाना और चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे.

## वाहन चोरी में शामिल दो गिरफ्तार

संवाददाता। कोडरमा

पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है. मिली जानकारी के अनुसार एसपी अनुदीप सिंह को सूचना मिली कि अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के सदस्य किसी बड़े वाहन को चुराने के लिए कोडरमा एवं हजारीबाग जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय हैं. उक्त सूचना पर कोडरमा एवं हजारीबाग पुलिस द्वारा संयुक्त विशेष टीम गठित कर प्रोएक्टिव पुलिसिंग के तहत कार्रवाई की गई. एसपी अनुदीप सिंह ने सोमवार शाम प्रेस वार्ता कर बताया कि छापामारी के क्रम में दो अपराधी राजु रजक व सहदूल खान उर्फ मुन्ना खान को गिरफ्तार किया गया. इसमें राजु कोडरमा का है और सहदूल दिल्ली से है. गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि ये ट्रक चोरी करने के उद्देश्य से इलाके में सक्रिय हैं. राजू ने बताया कि सहदूल दिल्ली से आया है.

बताया कि तीन दिन पहले हजारीबाग के बरकट्ठा थाना क्षेत्र से ट्रक चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं. फिर से ट्रक चुराने के लिये इस इलाके में घूम रहे हैं. दोनों ने बताया कि बरकट्ठा थाना क्षेत्र से चोरी किया गया ट्रक उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था. लेकिन बिहार के जहानाबाद जिले के करौना थाना क्षेत्र में राइस मिल के पास पुलिस की चेकिंग थी. इस वजह से ये ट्रक को छोड़कर भाग गये. वहीं इनकी निशानदेही पर संयुक्त टीम ने जहानाबाद जिले के करोना थाना क्षेत्र से बरकट्ठा थाना क्षेत्र से चोरी गया 12 चक्का ट्रक को बरामद किया.



एसपी अनुदीप सिंह अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के बारे में बताते हुए.

#### पूर्व विधायक शोकाकुल परिजनों से मिलने पहुंचे

**चौपारण।** सिलोधर निवासी डब्लू कुमार के असामयिक निधन की खबर सुनकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव चोरदाहा पंचायत के सूदूरवर्ती सिलोदर शोकाकुल परिजन से मिलने पहुंचे. मालूम हो कि डब्लू कुमार मुंबई में ट्रेन यात्रा के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई. घटना के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए पूर्व विधायक ने आश्रितों को आर्थिक सहयोग दिया. सिलोदर के ही पचू भुइंया के असामायिक निधन की खबर सुनकर पीड़ित परिवार से मिलकर पूर्व विधायक ने शोक प्रकट किया. मौके पर जिप सदस्य राकेश रंजन, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सुखदेव पासवान, समाजसेवी गोपाल यादव, बंशी यादव, परमेश्वर यादव, महेंद्र यादव, कृष्णा पासवान, सुकर भुइंया, प्रभु यादव, राजकुमार मौजूद थे.

## भखरा का एक और जवान सीताराम शहीदों में शामिल

संवाददाता। कोडरमा

जिले के सतगावां थाना क्षेत्र के भखरा गांव में शहीदों की लिस्ट में एक और नाम शामिल हो गया. भखरा निवासी सीताराम पासवान के पुत्र उमा चरण पासवान (54) का निधन रविवार को इलाज के दौरान दिल्ली में हो गया. वे सीआरपीएफ में एसआई पद पर कार्यरत थे. तीन माह पूर्व हुए किसान आंदोलन के दौरान किसानों के हमले से 16 फरवरी को घायल होकर बेहोश हो गए थे. दिल्ली अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार किया जा रहा था, लेकिन अचानक रविवार को उनका निधन हो गया. यह खबर सुनते ही गांव व क्षेत्र में मातम छा गया. बताया जाता है कि शहीद उमाचरण पासवान 1992 में सीआरपीएफ में अपना योगदान दिए थे और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सुरक्षा में भी 2 साल तक अपना योगदान दिए थे. उनकी पुत्री निशु कुमारी की शादी अप्रैल माह में बिहार राज्य के नवादा के महुली में होने वाली थी, लेकिन किसान आंदोलन के दौरान हमले में घायल हो जाने से शादी भी रुक गई. उनका मंगलवार को अंतिम संस्कार होने की संभावना है.



शहीद सीताराम का फाइल फोटा.

## केरेडारी पुलिस ने आर्म्स एक्ट में युवक को भेजा जेल

संवाददाता। केरेडारी

केरेडारी पुलिस ने रितेश कुमार यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी को कांड संख्या 96/2024 धारा 25 (1बी ) आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज गया है. अभियुक्त के पास से पुलिस ने 7.62 एम एम चार गोली भी बरामद की है.

युवक जेएसजेएमएम नामक ग्रुप में काम कर रहा था. पुलिस को दिए गए स्वीकारोक्ति बयान में युवक ने कहा है कि अत्यंत गरीबी के कारण वर्ष 2023 में ट्रक में उपचालक का काम करता था. सोशल मीडिया नेटवर्क के माध्यम से जे एस जे एम एम के राहुल सिंह से परिचय हुआ. राहुल सिंह के माध्यम से चंदवा थाना क्षेत्र के जंगल में उक्त व्यक्ति संपर्क में आया. 15 जून को मैं अपने गांव राहुल सिंह के साथ आया था. इसी क्रम में किसी ने केरेडारी पुलिस को सूचना दी, जिसपर पुलिस ने हमें गिरफ्तार कर लिया. मेरे साथ रहे राहुल सिंह पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा. मेरे साथ रामदेव उरांव, अरविंद उरांव, लौव बड़ाइक, अजय शाह, खड़िया सिंह, राजेश सिंह, आरती कुजुर, रमन उरांव, संतोष सिंह, चोमिन उरांव, चुहिया उरांव एवं अन्य भी काम करते हैं एवं लेवी वसूलते हैं. यह कांड केरेडारी थाने के एसआई हैपी मिंज के बयान के आधार पर दर्ज किया गया है.

#### खास बातें

- अभियुक्त के पास से 7.62 एमएम चार गोली भी बरामद
- एसआई हैपी मिंज के बयान पर दर्ज किया गया मुकदाम

### हजारीबाग जिले में मनाई गई बकरीद, मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को गले लगकर दी मुबारकबाद

## मस्जिदों में अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज

संवाददाता। हजारीबाग

जिले में सोमवार को बकरीद मनाई गई. मस्जिदों में सुबह से ही नवाज अदा की गई. समय संजर मलिक ने बताया कि ईद उल अज़हा का त्योहार उर्दू कैलेंडर के आखरी माह की दस तारीख को हजरत इब्राहिम अलैहीसस्लाम की सुन्नत की याद में मनाया जाता है. वहीं चौपारण में प्रखंड में भी ईद-उल-अजहा की नमाज सादगी के साथ अदा की गई.

भीषण गर्मियों को देखते हुए सभी ईदगाहों व मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज का वक्त सुबह-सुबह ही रखा गया था. बादे नमाज नमाजियों ने गले लगकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी. कमलवार के इमाम मुफ्ती उजैर साहब ने तकरीर करते हुए कहा कि ईद-उल-अजहा की नमाज का मतलब सिर्फ कुर्बानी नहीं, बल्कि सभी गीले-शिकवे नाराजगी एवं दुश्मनी को भुलाकर आपसी भाईचारगी व मोहब्बत को बढ़ाना है. कुर्बानी हम सिर्फ बकरे की नहीं बल्कि झूठ, दुश्मनी किना-कपट और अपने अंदर पल रहे अहंकार की भी कुर्बानी देते हैं. बताते चलें कि इस्लामिक मान्यता के अनुसार ईद-उल-अजहा हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है. इस्लाम के अनुसार, मुस्लिम धर्म के लोग अल्लाह की रजा के लिए कुर्बानी करते हैं.



ईद-उल-अजहा के मौके पर एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद देते लोग.

#### खास बातें

- भीषण गर्मी को देखते हुए सुबह के वक्त पढ़ी गई नमाज
- चौपारण प्रखंड में भी सादगी के साथ नमाज अदा की गई

#### चूरचू व चरही में मना बकरीद का त्योहार

**चरही।** चुरचू प्रखंड एवं चरही कोयलांचल के चरही, इंद्रा, जरबा, बासाडीह, दासोखाप, चीचीकला, करीमगंज, पिपरा, तापीन, प्रेमनगर आदि क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सोमवार को बकरीद का त्योहार मनाया. इसके पूर्व सूर्योदय के बाद विभिन्न मस्जिदों और घरों में नमाज अदा करने के बाद कुर्बानी दी गई. एक-दूसरे के गले मिलकर बकरीद की बधाई दी गई. मुस्लिम धर्म के लोगों का कहना है कि पर्व पैगम्बर हजरत इब्राहिम से ही कुर्बानी देने की प्रथा शुरू हुई थी. लोगों ने देश के विकास और अमन चैन के लिए दुआ मांगी.

### कार्रवाई | डॉ. विक्रम कुमार का अनुमंडलीय अस्पताल बरही ट्रांसफर किया गया

## केरेडारी सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी पर गिरी गाज

शुभम संदेश इंपैक्ट

संवाददाता। केरेडारी

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में व्याप्त अव्यवस्था व लापरवाही की शिकायत पर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने कार्रवाई की है. चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विक्रम कुमार का अनुमंडलीय अस्पताल बरही ट्रांसफर कर दिया गया है. उनकी जगह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बुंडू की चिकित्सा पदाधिकारी नफीस अंजुम को केरेडारी सीएचसी का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है.

#### बुंडू पीएचसी की चिकित्सा पदाधिकारी को सौंपा गया दायित्व



बता दें कि इस संबंध में शुभम संदेश में प्रकाशित खबर देखकर और ग्रामीणों की शिकायत पर 5 जून को क्षेत्रीय विधायक अंबा प्रसाद कार्यालय पहुंच कर जांच की थीं. यहां की व्यवस्था से खुद रुबरु हुईं थीं. उनकी रिपोर्ट व अखबार में छपी खबर के आधार पर डीएलओ एसके रंजन व सिविल सर्जन कार्यालय से डॉ. राहुल कुमार, नंदलाल कुमार की टीम ने 7 जून को केरेडारी सीएचसी पहुंच कर जांच की. इस दौरान कुछ डॉक्टरों के लगातार अनुपस्थित रहने के बावजूद हाजिरी बनाए जाने की शिकायत की पुष्टि हुई थी. अस्पताल डीजी जेनरेटर के रात में अंधेरे में रहने का मामला सामने आया था. इसके बावजूद दोषी कर्मियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं किए जाने और अस्पताल की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं होने से क्षेत्र की जनता आक्रोश बढ़ता जा रहा था. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा था कि समय रहते केरेडारी सीएचसी की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन भी हो सकता है. बता दें कि प्रखंड की डेढ़ लाख आबादी के लिए मात्र एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी ही है.

## नावाडीह में एक ही दिन 105 वर्षीय वृद्ध के साथ दो महिलाओं की मौत

संवाददाता। हजारीबाग

जिले के कटकमदाग प्रखंड के नावाडीह गांव में एक ही दिन 105 वर्षीय वृद्ध के साथ दो अन्य महिलाओं की मौत हो गई. दोनों महिलाओं के शव गांव से एक साथ ढोल बाजा के साथ निकले और फिर दोनों का अंतिम संस्कार एक ही जगह और एक ही समय में किया गया. गांव की सबसे बुजुर्ग महिला शारदा देवी की लू लगने से मौत होने की बात चिकित्सकों ने बताई. एक दिन शेख भिखारी मेडिकल में भर्ती होने के बाद सोमवार को सुबह पांच बजे उनकी मौत हो गई. पति पंडित रामलखन ओझा की मृत्यु 1985 में हो गई थी. वह हजारीबाग जिले के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य के रूप में विख्यात थे. इनके पुत्र हरि प्रकाश ओझा भाजपा जिलाध्यक्ष थे, जिनकी मृत्यु कुछ साल पूर्व हो गई, जबकि दूसरी महिला हेमा देवी की मौत रविवार की रात दो बजे हो गई. उनके पति आर्मी रिटायर्ड चन्द्रदेव पांडेय की भी मौत पिछले साल 2023 के 16 जून को हुई थी और फिर एक साल बाद 16 जून को ही पत्नी की मौत हो गई. दोनों पति पत्नी की एक ही दिन मौत होने की चर्चा गांव में हो रही है.



एक ही स्थान पर जलतीं दो चिताएं.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** सप्तम भाव मे चंद्र है. आय के द्वार खुलेंगे. कार्य के लिए समय अनुकूलता देगा. व्यापार के लिए स्थिति सुखद रहेगी. बहन का सहयोग मिलेगा. रिश्तों में मधुरता आएगी. जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा.

**वृषभ** समय बहुत ही अच्छा है पर मौसमी रोग से बचें. आमोद-प्रमोद का अवसर प्राप्त होगा. भागदौड़ रहेगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी. ऋण लेने से बचना चाहिए. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**मिथुन** सर्दी बुखार से स्वास्थ्य पर असर होगा. संतान के कार्य से लाभ होगा. शिक्षा में लाभ होगा. रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे. पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी. रिश्तों में मधुरता आएगी. भागदौड़ रहेगी. संतान के दायित्व की पूर्ति होगी.

**कर्क** समय सामान्य है. किसी से विवाद हो सकता है. पर धन की स्थिति सुखद रहेगी. गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी. संतान के दायित्व की पूर्ति होगी. भागदौड़ की स्थिति सुखद रहेगी. कोई नुकसान हो ऐसा कार्य नही करे. साथ ही सूर्य को अर्घ्य दें.

**सिंह** आय का अटका मामला ठीक होगा. किसी प्रकार का आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं. कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा प्रभावित हो. किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा. शिवलिंग पर गंगाजल चढ़ाए.

**कन्या** साम में कोई पार्टी हो सकता है. पर खर्च पर नियंत्रण करें. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आय होने से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. शासन सत्ता का सहयोग रहेगा. गणेश जी का ध्यान पूजन करें.

**तुला** कार्य होने से मानसिक संतुष्टि होगा. समय अनुकूल है. जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी. संबंधों में निकटता आएगी. गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी, लेकिन जीवनसाथी से तनाव मिल सकता है. लक्ष्मी माता को लाल फूल अर्पण करें.

**वृश्चिक** पैतृक संपति से लाभ होगा. आपके व्यवहार से आय और धन वृद्धि होगी. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी.

**धनु** किया गया कार्य का लाभ मिलेगा. पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी. किसी अपने से कोई लाभ होगा. साथ ही उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. अपनो के सहयोग से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा.

**मकर** कोई शुभ कार्य होने से मन खुश होगा. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. रिश्तों में मजबूती आएगी.आलस का त्याग करें. कार्य पर ज्यादा ध्यान दे. दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा. पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**कुंभ** समय शुभ है. शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे.आपके अपने का विवाह संबंधित शुभ और सुखद समाचार मिलेगा. व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. शनि चालीसा और छाया दान करना चाहिए.

**मीन** किसी परिचित मित्र से सहयोग होगा. आपके अथक प्रयास से रिश्तों में मधुरता आएगी. राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी. स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें. आपके मेहनत से धन आएगा. घी का दीपक विष्णु भगवान को दिखावें.

## चुनाव में बेहतर कार्य करने वाले कर्मी सम्मानित

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने लोकसभा चुनाव में अच्छे कार्य करने वाले कर्मियों को बाघीटांड स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया. उपायुक्त ने सभी मास्टर ट्रेनर एवं प्रशिक्षण कोषांग के कर्मियों सहित अन्य कोषांग कर्मियों को सम्मानित करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान सभी मास्टर ट्रेनरों ने मेहनत व लगन से प्रशिक्षण दिया, जिससे त्रुटि रहित चुनाव संपन्न हो पाया. उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि मास्टर ट्रेनरों ने चुनाव में स्तम्भ का कार्य किया है. सभी ने अच्छे से प्रशिक्षण देने का कार्य किया है. अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने कहा कि सभी ट्रेनरों ने सजग होकर सामग्री जमा करवाने में मदद की. सम्मान प्राप्त करने वाले मास्टर ट्रेनरों व प्रशिक्षण कोषांग के कर्मियों ने उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज, उपविकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह को धन्यवाद दिया.

### हल्की बारिश से झारखंड के कई जिलों में मौसम ने करवट ली, कई जिलों में सीवियर हीट वेव का प्रकोप

# झारखंड में 23 जून तक तेज हवाओं को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी



शुभम किशोर। रांची

हल्की बारिश से झारखंड के कई जिलों में मौसम ने करवट ली. सोमवार को राजधानी रांची में पूरे दिन हल्की बादल छाए रहे. इससे मौसम में गरमाहट रही. शाम के बाद रांची में ठंडी हवाओं से लोगों को गर्मी से राहत मिली. वहीं रामगढ़, गुमला, लातेहार, लोहरदगा, बोकारो में कहीं-कहीं हल्की बारिश ने मौसम को सुहाना किया. राज्य के गढ़वा, पलामू और रामगढ जिले में कहीं-कहीं सीवियर हीट वेव रहा. झारखंड में सबसे गर्म 46.0 डिग्री से. के साथ डाल्टेनगंज रहा. पीछले 24 घंटे में 18 जिलों के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 18 जून से 23 जून तक गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है, जिससे राज्य में अगले 3 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री से. की गिरावट हो सकती है.

### तेज हवाओं के साथ वज्रपात को लेकर किया अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में 18 जून को गढ़वा पलामू चतरा लातेहार में 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है, जिसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है. वहीं बाकी जिलों में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे हवाओं के साथ वज्रपात की आशंका है. इस दौरान कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है. वहीं 19 से 23 जून तक राज्य के सभी जिलों में गरज और तेज हवाओं के झोंकों (अधिकतम गति 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) के साथ वज्रपात की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल संभावना है.

### 12 जिलों में हीट वेव को लेकर भी अलर्ट जारी

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के उत्तर-पश्चिमी तथा निकटवर्ती उत्तरी भागो में कहीं-कहीं पर हीट वेव रहने कि संभावना है. इस लेकर गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़, बोकारो, गिरिडीह , धनबाद, देवघर और जामताड़ा में येलो अलर्ट जारी किया गया है. पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर आंधी के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हुई. सबसे अधिक वर्षा 6.1 एमएम पलामू में दर्ज किया गया. राज्य में कहीं-कहीं पर उष्ण लहर से भीषण उष्ण लहर की स्थिति भी दर्ज की गई. सबसे अधिक उच्चतम तापमान 44.5 डिग्री से. डालटनगंज में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 26.1डिग्री से. बोकारो थर्मल में दर्ज किया गया.

### शहर का तापमान



| | | |
|---|---|---|
| रांची | 39.5 | 26.2 |
| जमशेदपुर | 40.0 | 29.2 |
| डालटनगंज | 46.0 | 31.3 |
| बोकारो | 42.5 | 26.1 |
| चाईबासा | 40.5 | 27.2 |
| देवघर | 45.2 | 28.9 |
| गिरिडीह | 43.3 | 29.8 |
| गढ़वा | 45.1 | 33.7 |
| सरायकेला | 41.5 | 28.6 |
| गोड्डा | 41 | 30.1 |

### खूंटी में हार : भाजपा नए सिरे से कर रही मंथन

# करारी हार के बाद कार्यकर्ताओं में रार

संवाददाता। खूंटी

भाजपा का अभेद्य किला और सबसे सुरक्षित समझे जान वाली खूंटी संसदीय सीट से केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा की करारी हार के बाद इसकी समीक्षा को लेकर कार्यकर्ताओं में रार है. इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कालीचरण मुंडा ने अर्जुन मुंडा को लगभग डेढ़ लाख मतों से कड़ी शिकस्त दी थी. खूंटी वही सीट है, जहां से पद्मभूषण कड़िया मुंडा आठ बार सांसद रहे हैं. अब तक हुए 18 लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सर्वाधिक नौ बार जीत दर्ज की है. कांग्रेस को चार बार और पांच बार झारखंड प्रत्याशी को यहां से जीत मिली है. खूंटी जैसी सुरक्षित सीट गंवाने और वह भी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जैसे कद्दावर नेता की बड़े अंतर से हार के बाद भाजपा नेता हार के कारण ढूंढ रहे हैं. इसी को लेकर भाजपा नेताओं ने विधायक कोचे मुंडा के तोरपा के ममरला स्थित आवास में शनिवार को दिन भर मंथन किया था. खूंटी लोकसभा क्षेत्र में पडने वाले सभी छह विधानसभा क्षेत्रों तोरपा, खूंटी, सिमडेगा, कोलेबिरा, तमाड़ और खरसावां के प्रमुख भाजपा कार्यकर्ताओं को बैठक में बुलाया गया था.

केंद्रीय नेतृत्व द्वारा भेजे गये करीब तीस बिंदुओं पर कार्यकर्ताओं से भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने विधायक कोचे मुंडा, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक बिमला प्रधान समेत चुनाव प्रभारियों और संयोजकों से हार के कारणों के बारे में जानकारी ली. कार्यकर्ताओं ने सभी सवालों का खुलकर जवाब दिया. समीक्षा बैठक के बाद भाजपा के अंदर राजनीतिक माहौल और गरमा गया. पिछले दो दिनों से भाजपा कार्यकर्ता समीक्षा बैठक के बारे में ही चर्चा करते रहे. समीक्षा बैठक को लेकर भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता असंतुष्ट दिखे. कई कार्यकर्ता कह रहे थे समीक्षा बैठक के नाम पर केवल खानापूर्ति की गयी है. कार्यकर्ताओं का कहना था हमने खुलकर हार के कारणों को पार्टी के बड़े नेताओं को अवगत करा दिया है. कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि हार के लिए अपने ही लोग जिम्मेदार हैं. नाम नहीं छापने की शर्त पर कार्यकर्ताओं ने बताया कि समीक्षा बैठक में संगठन में बदलाव की मांग हमने की है. नेताओं को स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बताया कि संगठन के कई बड़े नेता चुनाव के दौरान निष्क्रिय रहे, तो कई नेता पर्दे के पीछे से पार्टी प्रत्याशी को हराने में लगे थे. कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस हार से सबक लेते हुए संगठन में बदलाव नहीं किया गया, तो विधानसभा में स्थिति और विकट हो सकती है.

**हार को लेकर समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं ने खुलकर रखी अपनी बात**





अर्जुन मुंडा व कालीचरण मुंडा.

### सोशल मीडिया पर खूब हो रही है समीक्षा बैठक की चर्चा

भाजपा की समीक्षा बैठक की व्हाट्सएप, एक्स, फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी खूब चर्चा हो रही है. भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी रविंद्र राय क बयान पर कई लोगों ने कमेंट किया कि भाजपा को हराने के लिए क्या पाकिस्तान और चीन से विदेशी एजेंसी आये थे. किसी ने कहा कि चुनाव प्रभारी होने के नाते इस हार के लिए नैतिक रूप से लोकसभा प्रभारी, संयोजक से लेकर जिला संगठन तक जिम्मेवार है. लोगों का कहना है कि इसके बाद भी यदि संगठन में फेरबदल नहीं हुआ, तो पांच महीने बाद होनेवाले विधानसभा चुनाव में इसका खमियाजा पार्टी को भुगतना पड़ सकता है.

# म्यूटेशन में देरी पर छह सीओ को शोकॉज

संवाददाता। हजारीबाग

जमीन के म्यूटेशन और निबंधन को लेकर राज्य सरकार सख्त है. मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद हजारीबाग जिले की डीसी नैंसी सहाय ने सर्वाधिक पेंडिंग और रिजेक्ट करने वाले छह अंचल अधिकारियों को शोकॉज किया है और दो दिनों के भीतर जवाब मांगा है. इनमें बड़कागांव, सदर, बरही, कटकमदाग, बरकट्ठा और पदमा के अंचलाधिकारी शामिल हैं. जिले के 16 अंचल में 12 जून तक कुल 199162 आवेदन पड़े है, जिसमें 90645 आवेदन पर विचार करते हुए म्यूटेशन का कार्य पूर्ण किया गया जबकि 6298 म्यूटेशन पेंडिंग में डाल दिए गए. इनमें 972 वैसे म्यूटेशन का आवेदन हैं जो 30 दिन का समय अवधि पार कर चुके हैं जबकि 74 आवेदन 90 दिन के समय अवधि को भी पार कर चुके हैं. पूरे जिले के सभी अंचलों में कुल 102238 आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए हैं.

**बड़कागांव-** 30 दिन से अधिक 69 आवेदन पेंडिंग पड़े हुए हैं जबकि 90 दिनों से अधिक 303 लंबित हैं. यहां 668 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए. अस्वीकृत मामले 47.12 फीसदी और दाखिल खारिज 45.59 फीसदी है.

**सदर अंचल-** 32102 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए हैं. 30 दिनों से अधिक के 13 और 90 दिनों से अधिक के चार आवेदन लंबित हैं. अस्वीकृत 45.89 फीसदी है.

**बरही अंचल-** 6997 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए हैं. 30 दिन से अधिक के 12 और 90 दिनों से अधिक के दो आवेदन लंबित हैं.

**कटकमदाग अंचल-** 17674 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं जबकि 30 दिन से अधिक 49 और 90 दिनों से अधिक का एक आवेदन लंबित पड़ा हुआ है. अस्वीकृति 56.66 फीसदी है.

**बरकट्ठा अंचल-** 5795 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए हैं. 30 दिन से अधिक 485 और 90 दिनों से अधिक 236 आवेदन लंबित हैं. यहां अस्वीकृति का 36.61 फीसदी है.

**पदमा अंचल-** 2452 आवेदन अस्वीकृत किए गए जबकि 30 दिन से अधिक 14 और 90 दिनों से अधिक पांच आवेदन लंबित पड़े हुए हैं. यहां अस्वीकृति का 40.76 फीसदी है.

इस मामले में डीसी नैंसी सहाय ने कहा कि म्यूटेशन का मामला काफी दिनों से पेंडिंग है. जिला प्रशासन की कोशिश है कि जल्द से जल्द सारे मामलों का निपटारा हो. सरकार की तरफ से भी निर्देश है कि म्यूटेशन पेंडिंग न हो. जिला प्रशासन सकारात्मक रूप से मामले को देख रहा है. हाल ही में छह सीओ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.

### हजारीबाग में रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

**हजारीबाग।** आरोग्यम अस्पताल के सहयोग से आरोग्यम ब्लड बैंक में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में 35 लोगों ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया. अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने आयोजक मंडली के इस कार्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्त जीवन का सबसे अमूल्य रत्न है. रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता. उल्लेखनीय कि आरोग्यम अस्पताल के ब्लड बैंक द्वारा लगातार रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्त संग्रह किया जा रहा है ताकि आने वाले मरीजों तथा थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को रक्त उपलब्ध करवाया जा सके.

### पेज एक का शेष...

## दुमका में हार से बिफरीं सीता सोरेन फोड़े आरोप बम, हार के कारण गिनाये

**विस स्तरीय प्रभारी मैनेज हुए, पार्टी से वफादारी नहीं निभाई :** सीता सोरेन ने आरोप लगाया कि गड़बड़ी विधानसभा स्तर पर नियुक्त प्रभारियों के कारण हुई. चुनाव के लिए बाहर से आए प्रभारियों से भी चूक हुई. ये लोग विपक्षियों के झांसे में फंस कर मैनेज हो गये और पार्टी के प्रति वफादारी नहीं निभा सके. सीता का इशारा पूर्व मंत्री लुईस मरांडी, विधायक रणधीर सिंह और पूर्व सांसद सुनील सोरेन की तरफ है. उन्होंने प्रदेश नेतृत्व (बाबूलाल) पर भी कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने में नाकाम होने का आरोप लगाया. कहा कि चुनाव के दौरान विधानसभा के प्रभारी उनके साथ खड़े जरूर थे, लेकिन जीत में जितनी मदद करनी चाहिए थी, उन्होंने नहीं की.

**सीता के बयान से भाजपा के वरिष्ठ नेता सकते में :** सीता सोरेन ने अपनी हार का ठीकरा सीधे-सीधे भाजपा नेताओं पर फोड़ दिया है. उन्होंने प्रदेश नेतृत्व पर भी उंगली उठाते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को कठघरे में खड़ा कर दिया है. मरांडी और प्रदेश के दूसरे बड़े नेता इससे असहज हो गए हैं. सीता ने भाजपा में अपनी राजनीतिक पारी शुरू करते ही संगठन पर सवाल उठाए हैं. इससे उन्हें नुकसान होने की भी उम्मीद है. भाजपा के काम करने का तरीका अलग है. यहां संगठन की अंदरूनी बातें सतह पर नहीं आने दी जाती हैं.

**प्रदेश नेतृत्व कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने में नाकाम :** सीता सोरेन ने यह भी आरोप लगाया है कि कि प्रदेश नेतृत्व दुमका के कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने में नाकाम रहा है. उन्होंने कहा है कि प्रदेश नेतृत्व ने सारी रिपोर्ट दिल्ली भेज दी है. आने वाले दिनों में भितरघात करने वाले नेताओं पर कड़ी कार्रवाई होगी.

**समीक्षा बैठक में अंदरूनी कलह सतह पर आई :** भाजपा के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू और बालमुकुंद सहाय सीता सोरेन की हार की समीक्षा करने संथाल पहुंचे हैं. दुमका में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान काफी हंगामा भी हुआ. भाजपा की गुटबाजी और अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई. कार्यकर्ता वर्तमान जिलाध्यक्ष गौरवकांत और पूर्व जिलाध्यक्ष निवास मंडल पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग करते रहे.

**आदित्य साहू ने भी माना, संगठन की कमियों से सीता हारीं :** समीक्षा बैठक के बाद राज्यसभा सांसद सह भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने भी स्वीकार किया दुमका में सीता सोरेन भाजपा की कुछ कमियों की वजह से चुनाव हारी हैं. उन्होंने कहा कि चुनाव समीक्षा के दौरान जो बातें सामने आयी हैं, उससे नेतृत्व को अवगत करा दिया जाएगा. समीक्षा बैठक की विस्तृत रिपोर्ट भी नेतृत्व को सौंप दी जाएगी.

## लोस स्पीकर पर समझौता नहीं करेगी भाजपा!

**24 जून से शुरू हो सकता है विशेष सत्र :** सूत्रों के मुताबिक संसद का आठ दिवसीय विशेष सत्र 3 जुलाई तक रहेगा. इस विशेष सत्र में 24 और 25 जून को नए सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है, जबकि 26 जून को स्पीकर का चुनाव हो सकता है. लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया ब्लॉक की सीटें बढ़ने के साथ ही 10 साल बाद निचले सदन को विपक्ष का नेता भी मिलेगा. साथ ही विपक्ष उपाध्यक्ष पद के चुनाव की भी उम्मीद कर रहा है. बता दें कि पिछले पांच साल से उपाध्यक्ष का पद खाली है. 17वीं लोकसभा में पांच साल तक उपाध्यक्ष का पद रिक्त रहा. साथ ही यह दूसरी बार था जब सदन में कोई नेता प्रतिपक्ष नहीं था. आमतौर पर उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को दिया जाता है. विपक्ष के एक नेता का कहना है कि वे इसके लिए सदन में दबाव बनाएंगे कि इस बार उपाध्यक्ष का पद खाली न छोड़ा जाए.

## पालना डैम की नहर से पानी चुरा रहा नरसिंह इस्पात

**ग्राम सभा की शिकायत पर नहीं हो रही कार्रवाई :** ग्राम सभा ने इस मामले पर सुवर्णरेखा परियोजना के चांडिल बांध प्रमंडल के पदाधिकारी, जिले के उपायुक्त, विधायक समेत अन्य पदाधिकारियों का पत्र लिखकर कार्रवाई करने की मांग की थी, लेकिन कहीं से पत्र के आलोक में कार्रवाई नहीं की गई. ग्राम सभा पदाधिकारियों से जानना चाह रही थी कि पालना डैम खेतों की सिंचाई के लिए बना है तो किस आधार पर पानी का उपयोग कंपनी कर रही है. इस वर्ष जनवरी माह में ग्राम सभा ने एक के बाद एक बैठक की. नहर के आउटलेट को कंक्रीट से ढलाई कर ऊंचा करने के मामले पर चांडिल पश्चिम के जिला परिषद सदस्य सविता मार्डी, ईचागढ़ भाग दो के जिला परिषद सदस्य ज्योतिलाल मांझी और खूंटी पंचायत के मुखिया सुकराम बेसरा समेत ग्राम सभा के सदस्यों ने स्थल निरीक्षण किया. जनप्रतिनिधि समेत ग्राम सभा ने देखा कि कंपनी पालना डैम की नहर से पाइपलाइन से पानी ले रही है. शाखा केनाल को ढलाई कर बंद कर दिया गया था. इससे यहां के किसानों को अपने खेतों का सिंचाई करने में समस्या हो रही थी. ग्राम सभा बैठक पर बैठक किए जा रही थी और कंपनी नियम कानून को धत्ता बताकर केनाल के पानी का इस्तेमाल करती रही. इस दौरान पालना डैम के बांईं नहर का पानी परियोजना ने इसलिए बंद कर दिया कि किसानों ने कहा अब खेतों में पानी की जरूरत नहीं है. लेकिन दाहिनी नहर में पानी बदस्तूर छोड़ा जाता रहा.

# सांसद वीडी राम को रैयतों ने सुनाई मुआवजे की पीड़ा

संवाददाता। मेदिनीनगर

जिले के सतबरवा प्रखंड के 20 गांवों के रैयतों ने सोमवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम से मुलाकात की. इस दौरान प्रभावित रैयतों ने एनएच 75 में जा रही जमीन के बारे में ब्यौरे के साथ जानकारी दी. रैयतों ने कहा कि मुआवजा की राशि न्यूनतम दर के हिसाब से दी जा रही है. रैयतों ने कहा कि अपर समहर्ता पलामू के यहां वाद संख्या 44/024 दर्ज कराया गया है, जिसमें 20 गांवों के 350 रैयत शामिल हैं. इन लोगों ने कहा कि बाजार मूल्य के हिसाब से खरीद-बिक्री का डीड भी लगाया गया है, जिसकी अनदेखी अवर निबंधन पदाधिकारी कर रहे हैं. जो भुगतान की राशि 2023 में तय की गई है, वह राशि काफी कम है. सांसद से रैयतों ने मुआवजा की राशि ज्यादा दिलाने के लिए प्रशासन और भू-अर्जन से बात करने के लिए आग्रह भी किया गया.

प्रभावित रैयत सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार के नेतृत्व में मेदिनीनगर स्थित आवास पर सांसद से मुलाकात करने पहुंचे थे, जिसकी रूपरेखा रविवार को चेतमा जतराटांड़ की बैठक में बनाई गई थी. इस दौरान सतबरवा प्रखंड रैयत संघर्ष समिति के द्वारा सांसद को मांग पत्र भी दिया. शिष्टमंडल में रैयत संघर्ष समिति के अध्यक्ष संत कुमार मेहता, सुभाषचंद्र बोस, जितेंद्र चौधरी, भोला मेहता, धनंजय कुमार गुप्ता, विनोद मेहता, अरविंद चौधरी, रामजवीत यादव, संजय चौधरी, पितांबर यादव, बजरंगी साहू, जगन्नाथ लाल सिंहा, बिनोद कुमार मेहता समेत कई लोग शामिल थे.



सांसद को मांग पत्र सौंपते सतबरवा प्रखंड के रैयत.

### रैयतों की परेशानी को समझते हैं : सांसद

पलामू सांसद वीडी राम ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान आम रैयतों को परेशानी बढ़ गई है, उनकी परेशानी को समझते हैं. जमीन की मुआवजे राशि का निर्धारण के लिए प्रशासन से बात की जाएगी ताकि जमीन देने वाले किसान और आम-अवाम को किसी प्रकार से कठिनाई नहीं हो. सांसद ने कहा कि जमीन का मुआवजा प्रति डिसमिल कम होने से रैयतों को निराश नहीं होना चाहिए. समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा. सांसद को रैयतों ने जीत की बधाई भी दी.

# थाना प्रभारी की पिटाई से पिता और पुत्र जख्मी, अस्पताल में भर्ती

संवाददाता। गुमला

जमीन विवाद मामले में कुरुमगढ़ थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार चेतन द्वारा एक तरफा कार्रवाई का मामला प्रकाश में आया है. मामला कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के सिविल सकरा का है. थाना प्रभारी की पिटाई से घायल नरेंद्र सिंह व उसके परिवार के अन्य सदस्य सोमवार को इलाज कराने गुमला सदर अस्पताल पहुंचे. सदर अस्पताल में घायल नरेंद्र सिंह ने कहा कि वे रविवार को अपने जमीन पर पीएम आवास निर्माण के लिए पीलर खड़ा कर रहा था. गांव के ही रविंद्र सिंह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कार्य स्थल पर पहुंचा. सभी के हाथ में ईंटा पत्थर था. रविन्द्र ने घर निर्माण का काम करने से मना करने लगा. जमीन को लेकर विवाद बढ़ रहा था रविन्द्र ने ही थाना को फोन किया. पुलिस फोर्स के साथ थाना प्रभारी काम स्थल पर पहुंचा और अनाप शनाप बोलने लगा. थाना प्रभारी ने सबसे पहले मेरी 12 वर्षीय बेटी आरुषि कुमारी के साथ मारपीट किया. दामाद राजकुमार सिंह को भी मारपीट किया. मुझे और भीष्म सिंह को उठा कर थाना ले गया और थाना में विरोधियों की उपस्थिति में दोनों पिता पुत्र को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा. रात में टांग कर पिटाई किया. जिससे पूरा शरीर में बाम उखड़ गया है. थाना प्रभारी का कहना था कि उस स्थान पर तुम घर नहीं बनाएगा. सवाल खड़ा किया कि आवास के लिए बीडीओ को कितना पैसा दिया है. घायल नरेंद्र सिंह ने बताया कि रविन्द्र सिंह के साथ जमीन विवाद चल रहा है.

### झारखंड एथलेटिक्स संघ सेलेक्शन कमेटी की चेयरमैन बनीं किरण रानी नायक

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ के निर्देश पर झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशनने किरण रानी नायक को चेयरमैन नियुक्त किया गया है. जेएए के अध्यक्ष ने कहा कि कमेटी का पुनर्गठन पूर्वी क्षेत्र,राष्ट्रीय जूनियर सीनियर एथलेटिक्स समेत सभी एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में राज्य के एथलीटों की भागीदारी करने के लिए किया गया है. भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सी.डी.सिंह सचिव एस.के.पांडेय समेत संघ के पदाधिकारियों ने सेलेक्सन कमेटी को बधाई दी. साथ ही कहा झारखंड के एथलीटों की बेहतरी के लिए सेलेक्शन कमेटी निष्पक्ष रुप से अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी.

**कार्यशाला** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया कार्यशाला का आयोजन

# एकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में हो रही परेशानी को दूर करने पर मंथन

संवाददाता । रांची

फेडरेशन ऑफ़ झारखंड चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स-एफजेसीसीआई की स्किल डेवलपमेंट उप समिति ने सोमवार को आईटी उपसमिति के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया. इसकी अध्यक्षता चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने करते हुए कहा कि एकाउंटिंग सॉफ्टवेयर मार्ग ईआरपी, टैली ईआरपी में व्यापारियों को हो रही परेशानी को दूर करने व अपने व्यापार को और अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है. उन्होंने इसे पूरे राज्य में प्रचलित करने की बात कही.

बैठक में आये व्यावसायिक संगठनों व उनके प्रतिनिधियों ने अपनी परेशानियों को पैनल के सामने रखा, जिसका समाधान विशेषज्ञों ने किया. कार्यकारिणी के सदस्य रोहित पोद्दार ने यह सुझाव दिया कि अगली बैठक में ऑनलाइन जुड़ने की भी सुविधा हो, जिससे पूरे झारखंड के लोग भाग लेकर अपनी समस्या का समाधान पा सकें.

आईटी उप समिति के चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि अगली बैठक में सभी कंपनी के एकाउंटेंट्स को बुलाया जाये ताकि सॉफ्टवेयर में हो रही परेशानी को सुलझाया जा सके. साथ ही एक डेमो सेशन इन सॉफ्टवेयर कराने कि भी बात कही गई.

बैठक में चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, उप समिति के चेयरमैन संतोष अग्रवाल, आईटी उप समिति के चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा, राजीव प्रकाश चौधरी, राजू कुमार (टैली ईआरपी), अनुव्रत चटर्जी( मार्ग ईआरपी ), सुरजीत सिंह, अभिजित कुमार, इन्द्रजीत सिंह, अभय कुमार, पूजा मुंडा, सुमन कुमार, दीप अग्रवाल, सौरभ कुमार, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.



बैठक में भाग लेते चैंबर ऑफ कामर्स के सदस्य.

### खास बातें

- बैठक में व्यापारियों को हो रही समस्याओं पर चर्चा की
- बैठक ऑनलाइन कराने की मांग कई सदस्यों ने उठायी

# फिर विवाद में ईवीएम

एक छोटे से द्वीप प्योर्टो रिको की घटना से दुनिया भर, खासकर भारत के चुनाव आयोग को सीख लेने की जरूरत है. खासकर उस हालत में जब भारत में ईवीएम को ले कर संदेह और विवाद का माहौल बना हुआ है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव परिणामों के तुरत बाद कहा था कि अब पांच सालों तक ईवीएम को ले कर किसी तरह का विवाद खड़ा नहीं होगा. उनके कहने का मतलब यह था कि विपक्ष या हार जाने वाला दल बेवजह ईवीएम को विवाद के केंद्र में ला देता है. लेकिन अब जब दुनिया के तकनीक टायकून एलन मस्क और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने जिस तरह के सवाल खड़े किए और उस पर चुनाव आयोग ने सफाई तो दे दी है, लेकिन उससे कैरिबियाई देश की याद स्वतः आ जाती है. कैरिबियाई द्वीप प्योर्टो रिको अपने चुनावों की पवित्रता को लेकर इतना संवेदनशील है कि वहां चुनावों को ले कर उठे विवाद के बाद चुनाव आयोग के अध्यक्ष को जनसुनवाई के लिए उपस्थित होना पड़ा. दूसरी ओर भारत में मुख्य चुनाव आयुक्त ईवीएम में गड़बड़ी की संभावना जताने वालों को ही आड़े हाथों लेते हैं. चुनाव आयोग का दायित्व तो यह है कि वह अपनी साख की रक्षा हर कीमत पर करे. 'मिड डे' अखबार में एक खबर के बाद सियासी हलचल तेज हो गयी और ईवीएम को ले कर फिर से सवाल उठने लगे. इस खबर में लोकसभा चुनाव के बाद वोटों की गिनती से जुड़ी मुंबई की एक घटना का जिक्र है. मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से एनडीए की ओर से शिवसेना शिंदे गुट के प्रत्याशी रविंद्र वायकर के साले मंगेश पंडिलकर चार जून को पाबंदी के बावजूद एक चुनाव अधिकारी का मोबाइल लेकर गोरेगांव के काउंटिंग सेंटर के अंदर गए थे. विपक्ष ने दावा किया है कि वे इसके जरिए ईवीएम हैकिंग कर रहे थे. इस सीट पर उद्धव ठाकरे गुट के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर सिर्फ 48 वोट से हारे. इसी खबर को एक्स पर डालते रीपोस्ट कर राहुल गांधी ने इवीएम को ब्लैक बॉक्स बताते हुए कहा है कि किसी भी व्यक्ति को इसकी जांच की अनुमति नहीं है. देश की चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं. राहुल गांधी ने परोक्ष रूप से चुनाव आयोग को भी निशाना बनाया है और कहा कि जब संस्थाओं में जवाबदेही कम हो जाती है तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता और धोखाधड़ी की संभावनाएं बढ़ जाती हैं. इसके पहले एलन मस्क ले लिखा है कि ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए. इसे व्यक्तियों या आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिए हैक किए जाने का खतरा है. हालांकि यह खतरा कम है, फिर भी बहुत ज्यादा है. अमेरिका में इससे वोटिंग नहीं करवानी चाहिए. उन्होंने यह बात प्यूर्टो रिको में हुए चुनाव में ईवीएम की गड़बड़ियां सामने आने के बाद कही. उसके बाद भारत में भी इस पर चर्चा शुरू हुई है. चुनाव आयोग ने आरोपो का जवाब तो दिया है. लेकिन जरूरत इस बात की है कि ईवीएम को ले कर उठे सवालों का स्थायी समाधान निकाला जाए.

> चुनाव आयोग का दायित्व तो यह है कि वह अपनी साख की रक्षा हर कीमत पर करे. 'मिड डे' अखबार में एक खबर के बाद सियासी हलचल तेज हो गयी और ईवीएम को ले कर फिर से सवाल उठने लगे. इस खबर में लोकसभा चुनाव के बाद वोटों की गिनती से जुड़ी मुंबई की एक घटना का जिक्र है.

## सुभाषित

**परोपदेशवेलायां शिष्टाः सर्वे भवन्ति वै ।**
**विसमरन्तीह शिष्टत्वं स्वकार्ये समुस्थिते ॥**

दूसरों के कष्ट में पड़ने पर हम उन्हें जो उपदेश देते हैं, स्वयं कष्ट में पड़ने पर उन्हीं उपदेशों को भूल जाते हैं. अर्थ यही है कि जो दूसरों को उपदेश देने के लिए महापंडित हो जाते हैं, उन्हें स्वयं के लिए भी उन उपदेशों को याद रखते हुए काम करना चाहिए.

# सियासत में अहंकार की जगह नहीं

**सदन में विपक्ष हर उस बिल का विरोध करेगा, जिसे स्वार्थवश लाकर कानून बनाकर देश की जनता पर थोपने का प्रयास किया जा सके. वैसे, तमाम राजनीतिक विश्लेषक बातचीत में यही मानते हैं कि यह मिलीजुली सरकार अधिक दिनों तक टिकने वाली नहीं है, क्योंकि दस वर्ष से सत्तासीन दल की ओर से कभी भी विपक्ष के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया गया है और फिर जब उसी तरह की मनमानी सत्तारूढ़ दल द्वारा की जाएगी, तो उसे वह कैसे नजरंदाज कर लेगा.**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

वर्ष 2024 का 18वीं लोकसभा का चुनाव भारतीय लोकतंत्र के लिए निर्णायक मोड़ साबित हुआ है. इस चुनाव ने स्पष्ट कर दिया कि देश के लिए इसका संविधान ही सबसे बड़ा राजनीतिक ग्रंथ है, जिसे कोई बदलने की बात सोचेगा, तो मुंह के बल गिरेगा. ऐसा सोचने वाले का वही हश्र होगा, जो इस चुनाव में भाजपा का हुआ. जनता के बीच एक भ्रमित करने वाले नारे 'अबकी बार चार सौ पार' के जरिये लोकसभा में भाजपा सांसदों की संख्या चार सौ पार करने के साथ संविधान से छेड़छाड़ करने वाली पार्टी के मुखिया को जनता ने ऐसा सबक सिखाया कि वह उसे ताउम्र याद रहेगा. सच तो यह है कि भाजपा अपने घृणित मकसद में कामयाब हो जाती, तो वह निश्चित रूप से नए संविधान के जरिये देश को एक नए आकार में ढालने की कुचेष्टा करती. लेकिन, ऐसा हो नहीं सका और समाज ने भाजपा को 240 की संख्या के अंदर ही रोक दिया. आज देश में भाजपा की सरकार नहीं? बल्कि एनडीए की बैसाखी के सहारे चलने वाली विकलांग सरकार है. देखना यह है कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू कितने दिन तक भाजपा को अपने कंधे का इस्तेमाल करने देते हैं. पिछले दस वर्षों में आपने शायद ही कभी एनडीए की सरकार का किसी भाषण में जिक्र सुना होगा, उसी तरह से कभी भी शायद ही किसी सार्वजनिक मंच से किसी नेता के मुंह से सुना हो की भाजपा की सरकार.... लेकिन, हां आपने हर सार्वजनिक मंच से जरूर सुना होगा कि 'यह मोदी सरकार है.' पता नहीं, अपने नाम की कितनी कुंठा थी इस सरकार के कारिंदे को और स्वयं प्रधानमंत्री को कि वे अपने नाम ले लेकर क्या बताना चाहते थे कि यह उनकी ही सरकार है? यह मोदी की ही सरकार है. सब कुछ छोड़कर उन्होंने यहां तक संसद में सीना ठोककर कहा कि 'एक अकेला सब पर भारी'. कितना अहंकार था उन्हें अपने आप पर. शायद ही विश्व के किसी राजनेता ने सार्वजनिक मंच से अपने बारे में कभी ऐसे अहंकार का उल्लेख किया हो. लेकिन, धन्यवाद भारतीय जनता को, जिसने इस चुनौती को अपने एक वोट के बल पर निरीह कर दिया और ऐसे अहंकारी प्रधानमंत्री को अपने को सत्ता में बनाए रखने के लालच के लिए दो बैसाखियों का सहारा थमा दिया.

हां, जिस तरह से संसद में विपक्ष इस बार मजबूत हुआ, उससे यह उम्मीद तो अवश्य की जाने लगी है कि अब धींगामुश्ती से सरकार चलाना भाजपा के लिए मुश्किल होगा. ऐसा इसलिए, क्योंकि सत्तारूढ़ दल सरकार पूर्ण बहुमत की नहीं बना सके और जिस तरह से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, तृणमूल कांग्रेस ने अपनी पार्टी की संख्या को बढ़ाया और साथ ही जिसके कारण भाजपा अपने बहुमत के आंकड़े को पार नहीं कर सकी, ऐसे में सत्तारूढ़ ऐसी कोई गलती नहीं करने का प्रयास करेगा, जो संसद में पास ही न हो सके. सदन में विपक्ष हर उस बिल का विरोध करेगा, जिसे स्वार्थवश लाकर कानून बनाकर देश की जनता पर थोपने का प्रयास किया जा सके. वैसे, तमाम राजनीतिक विश्लेषक बातचीत में यही मानते हैं कि यह मिलीजुली सरकार अधिक दिनों तक टिकने वाली नहीं है, क्योंकि दस वर्ष से सत्तासीन दल की ओर से कभी भी विपक्ष के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया गया है और फिर जब उसी तरह की मनमानी सत्तारूढ़ दल द्वारा की जाएगी, तो उसे वह कैसे नजरंदाज कर लेगा. अब सबसे बड़ा प्रश्न देशहित के लिए यह है कि क्या सत्तारूढ़ दल के मुखिया प्रधानमंत्री इस बात से समझौता कर लेंगे? विवाद यहीं से शुरू हो जाएगा, जिसका अंत क्या होगा, यह अभी से कहना उचित नहीं होगा. वैसे, कई बार भारतवर्ष में मिलीजुली सरकार केंद्र में बनी है, लेकिन वह कभी टिकाऊ नहीं रही. या तो मध्यावधि चुनाव हुए या राष्ट्रपति शासन लगा. पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी भूल करते हुए देश में आपातकाल घोषित कर दिया, लेकिन परिणाम क्या हुआ! जब 1977 में आपातकाल के बाद चुनाव हुए, तो कांग्रेस की कौन कहे, स्वयं इंदिरा गांधी जनता पार्टी के एक साधारण नेता से चुनाव हार गईं. सच तो यह है कि भारत ने कभी भी तानाशाही को अंगीकार कभी नहीं किया और उसका परिणाम सत्तारूढ़ को सत्ता से हाथ धोना पड़ा. अब तक फिर जो स्थिति भारत में सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा बना दी गई थी, उसी का तो परिणाम है कि वह सत्ता फिर से पाने के लिए न्यूनतम सीटें भी नहीं जीत पाई और बैसाखियों के सहारे सरकार बनाकर आज सत्ता में है.

अब स्थिति यह हो गई है कि जिस सरकार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का परिवार कहा जाता था, उसी दल के अध्यक्ष ने एक साक्षात्कार में कहा कि अब भाजपा इतनी सक्षम हो गई है कि उसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जरूरत नहीं है. तो क्या आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने वर्तमान सरकार की कमियों को गिनना शुरू कर दिया है! कई कमियों की चर्चा करते हुए उन्होंने मणिपुर की घटना को याद दिलाते हुए वर्तमान केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि वहां एक साल बाद भी शांति स्थापित नहीं हुई है. लोग आज भी निडरता से एक दूसरे को मारते जा रहे हैं. पहले तो सत्तारूढ़ द्वारा ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई के नाम पर डरा-धमकाकर जनता के मन में भय भर दिया जाता था, क्योंकि सभी जानते थे कि सत्ता में बने रहने के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा रचित यह सब एक षड्यंत्र है, लेकिन संघ प्रमुख मोहन भागवत ने स्वयं जनता को नींद से जगा दिया है. जो भी हो, भारत की जनता निहायत सरल और उच्चकोटि के विचारों से प्रभावित रही है, इसलिए हजारों वर्ष की गुलामी के बावजूद आज अपने को विश्व के साथ कदम से कदम मिलाने को तैयार है. राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ी भूमिका राष्ट्र को मार्ग दिखाने वालों की ही होती है, इसलिए जिस राष्ट्र का निर्माता जितना योग्य और कुशल होता है, वह राष्ट्र को उसी अनुरूप आगे लेकर बढ़ता है. फिर इतिहास में राष्ट्र निर्माता बनने का गौरव भी प्राप्त करता है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## विश्वास और विषमता

संत कबीरदास रोज सत्संग किया करते थे. दूर-दूर से लोग उनकी बात सुनने आते थे. वे कबीरदास के समक्ष अध्यात्म से संबंधित शंकाओं का समाधान तो करते ही थी, अपने गृहस्थ जीवन से जुड़ी समस्याएं भी उनके समक्ष रखते थे और निदान ढूंढते थे. एक दिन सत्संग खत्म हो गया. सारे श्रद्धालु श्रोता अपने अपने घर चले गये, लेकिन एक आदमी बैठा ही रहा. कबीर ने इसका कारण पूछा तो वह बोला, 'मुझे आपसे कुछ पूछना है. मैं गृहस्थ हूं, घर में सभी लोगों से मेरा झगड़ा होता रहता है. मैं जानना चाहता हूं कि मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह कैसे दूर हो सकता है?' कबीरदास थोड़ी देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी से कहा, 'लालटेन जलाकर लाओ'. कबीर की पत्नी लालटेन जलाकर ले आईं. वह आदमी भौंचक होकर देखता रहा. सोचने लगा इतनी दोपहर में कबीर ने लालटेन क्यों मंगाई. थोड़ी देर बाद कबीर बोले, 'कुछ मीठा दे जाना.' इस बार उनकी पत्नी मीठे के बजाय नमकीन देकर चली गई. उस आदमी ने सोचा कि यह तो शायद पागलों का घर है. मीठा के बदले नमकीन, दिन में लालटेन. वह बोला, 'कबीर बाबा, मैं चलता हूं.' कबीर ने पूछा, 'आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी कुछ संशय बाकी है?' वह व्यक्ति बोला, 'मेरी समझ में कुछ नहीं आया.' कबीर ने कहा, 'जैसे मैंने लालटेन मंगवाई तो मेरी घरवाली कह सकती थी कि तुम क्या सठिया गए हो. इतनी दोपहर में लालटेन की क्या जरूरत. लेकिन नहीं, उसने सोचा कि जरूर किसी काम के लिए लालटेन मंगवाई होगी. मीठा मंगवाया तो नमकीन देकर चली गई. हो सकता है घर में कोई मीठी वस्तु न हो. यह सोचकर मैं चुप रहा. इसमें तकरार क्या? आपसी विश्वास बढ़ाने और तकरार में न फंसने से विषम परिस्थिति अपने आप दूर हो गई.' उस आदमी को हैरानी हुई. वह समझ गया कि कबीर ने यह सब उसे बताने के लिए किया था. कबीर ने फिर कहा,' गृहस्थी में आपसी विश्वास से ही तालमेल बनता है. आदमी से गलती हो तो औरत संभाल ले और औरत से कोई त्रुटि हो जाए तो पति उसे नजरअंदाज कर दे. यही सुखी गृहस्थी का मूल मंत्र है. जो यह नहीं समझ पाएगा, वह तुम्हारी तरह ही गृहस्थ जीवन की समस्या को लेकर परेशान रहेगा.' मित्रता और रिश्तों में भी अवज्ञा पर तकरार से विषमता और विवाद पैदा होता है. प्रतिकूल व्यवहार का भी कोई कारण होगा, अकारण कोई प्रतिकूल नहीं जाता. यदि निष्ठा से संतुलित चिन्तन हो जाय तो कभी सम्बन्ध नहीं बिगड़ते!!

# रोजगार बढ़ाने को मिले प्राथमिकता

• रोजगार

जयंतीलाल भंडारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नयी एनडीए गठबंधन सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती नौकरियों और रोजगार अवसरों में वृद्धि करने की है. फ्रांस के कॉर्पोरेट एंड इन्वेस्टमेंट बैंक नेटिक्सि एसए द्वारा प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जिस तेजी से युवा रोजगार के लिए तैयार होकर श्रम शक्ति (वर्क फोर्स) में शामिल हो रहे हैं, उसको देखते हुए भारत को 2030 तक प्रति वर्ष 1.65 करोड़ नई नौकरियों की जरूरत होगी. इसमें से करीब 1.04 करोड़ नौकरियां संगठित सेक्टर में पैदा करनी होंगी. जबकि पिछले दशक में सालाना कुल 1.24 करोड़ नौकरियां ही पैदा हो सकी थीं. इस रिपोर्ट के अनुसार भारत को अपनी अर्थव्यवस्था में तेजी को बरकरार रखने के लिए सर्विसेज से लेकर मैन्युफैक्चरिंग तक सभी सेक्टर्स को नई रफ्तार से बढ़ावा देना होगा. अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार वर्ष 2022 में भारत की कुल बेरोजगार आबादी में से 83 फीसदी बेरोजगार युवा थे. वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, भारत की कुल श्रम शक्ति की भागीदारी दर मात्र 58 प्रतिशत है, जो भारत के एशियाई समकक्ष देशों की तुलना में बहुत कम है. पिछले दस वर्षों में संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे भर्ती और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने जो भर्तियां की हैं, वे रिक्त पदों की तुलना में कम बहुत हैं. राष्ट्रीय सांख्यिकीय संगठन (एनएसओ) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) आंकड़ों के अनुसार भारत के शहरी इलाकों में बेरोजगारी की दर वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में बढ़कर 6.7 प्रतिशत हो गई है, जो इसके पहले की तिमाही में 6.5 प्रतिशत थी. शहरी बेरोजगारी पिछली चार तिमाही के उच्च स्तर पर पहुंच गई है. 15 साल से अधिक उम्र में बेरोजगारी की दर जनवरी-मार्च, 2023 की तिमाही के 6.8 प्रतिशत के बाद सर्वाधिक है. सर्वेक्षण के अनुसार युवा बेरोजगारी स्तर बढ़ा है और यह बीती तिमाही के 16.5 प्रतिशत से बढ़कर चौथी तिमाही में 17 प्रतिशत हो गया.अब नयी सरकार द्वारा देश में असंगठित सेक्टर लघु एवं मध्यम उद्योगों और गिग वर्कर्स की चिंताओं पर भी ध्यान दिया जाना होगा. जून, 2022 में प्रस्तुत नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत के 77 लाख लोग इस समय गिग इकॉनमी का हिस्सा हैं. अनुमान है कि 2029-30 तक इनकी संख्या 2.35 करोड़ हो जाएगी. गिग वर्कर्स के लिए बड़ी समस्या नौकरी जाने का खतरा और प्रोविडेंट फंड, हेल्थ इंश्योरेंस और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलना है. देश में रोजगार के मद्देनजर महिलाओं की स्थिति भी अच्छी नहीं है. नैसकॉम के मुताबिक भारत के प्रौद्योगिकी कार्यबल में केवल 36 फीसदी महिलाएं हैं. विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक भारत में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों में महिलाओं की भागीदारी केवल 14 फीसदी है.निःसंदेह, पिछले 10 वर्षों में जिस तरह नई पीढ़ी द्वारा स्वरोजगार के मौके मुट्ठी में लिए जा रहे हैं, उनकी रफ्तार बढ़ाई जानी होगी. एक शोध के अनुसार पिछले वर्षों में ऋण-आधारित हस्तक्षेपों और सरकार-आधारित हस्तक्षेपों का अध्ययन किया है. जहां ऋण-आधारित हस्तक्षेपों ने प्रतिवर्ष औसतन 3.16 करोड़ रोजगार जोड़े हैं, वहीं सरकार-आधारित हस्तक्षेपों से प्रतिवर्ष 1.98 करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं. सामान्यतया एक लोन पर औसतन 6.6 प्रत्यक्ष रोजगार पैदा हुए हैं. इस अध्ययन से यह भी पता चलता है कि सूक्ष्म कर्ज का इस्तेमाल स्थिर और टिकाऊ रोजगार सृजन के लिए किया जा रहा है. इस शोध अध्ययन में रोजगार व स्वरोजगार से संबंधित 12 केंद्रीय योजनाओं को शामिल किया गया है. इनमें मनरेगा, पीएमजीएसवाई, पीएमईजीपी, पीएमए-जी, पीएलआई, पीएमएवाई-यू, और पीएम स्वनिधि जैसी प्रमुख योजनाएं शामिल हैं. इस शोध अध्ययन के मुताबिक पिछले दस वर्षों में ऋण अंतराल यानी जीडीपी के अनुपात में कर्ज के अंतर में 12.1 प्रतिशत की गिरावट आई है.अब भाजपा के तीसरे कार्यकाल में देश में वैश्विक क्षमता केंद्रों की (जीसीसी) स्थापनाओं की रफ्तार तेजी से बढ़ाकर नए तकनीकी कौशल वाले युवाओं के लिए रोजगार के अधिक मौके सृजित करने की डगर पर आगे बढ़ना होगा. उच्च कौशल, कम लागत, प्रतिभा और मूल्य निर्माण जैसी भारत की विशेषताएं दुनिया में अधिक प्रचारित-प्रसारित कर बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भारत में और ज्यादा जीसीसी स्थापित करने के लिए प्रेरित करना होगा. नैसकॉम-जिनोव की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमान में भारत तकरीबन 1600 जीसीसी की मेजबानी कर रहा है, जिसमें उच्च कौशल प्रशिक्षित 16.6 लाख लोग कार्यरत हैं. भारत 2025 तक 1,900 से ज्यादा जीसीसी वाला देश बनने की ओर बढ़ रहा है, जिसमें 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा.

> शहरी बेरोजगारी पिछली चार तिमाही के उच्च स्तर पर पहुंच गई है. 15 साल से अधिक उम्र में बेरोजगारी की दर जनवरी-मार्च, 2023 की तिमाही के 6.8 प्रतिशत के बाद सर्वाधिक है. सर्वेक्षण के अनुसार युवा बेरोजगारी स्तर बढ़ा है और यह बीती तिमाही के 16.5 प्रतिशत से बढ़कर चौथी तिमाही में 17 प्रतिशत हो गया.

# क्या आर्थिक नीतियों में निरंतरता बनी रहेगी?

• आर्थिकी

के रवींद्रन

मोदी 3.0 कैबिनेट में वित्त मंत्री के रूप में पुनः कार्यभार संभालने के बाद, निर्मला सीतारमण अपने अन्य सहयोगियों की तुलना में सबसे अधिक दबाव में हैं, क्योंकि नयी सरकार का बजट मुश्किल से एक महीने दूर है. इस बार उनका बजट बनाना अधिक जटिल है, क्योंकि उन्हें गठबंधन की राजनीति की मजबूरियों को भी समायोजित करना है. कुल मिलाकर, उन्हें आर्थिक चुनौतियों के एक जटिल परिदृश्य का सामना करना पड़ रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भाजपा के लिए स्पष्ट बहुमत हासिल करने में विफल रहने के बाद, उनकी सरकार को गठबंधन सहयोगियों- चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और बिहार के मजबूत नेता नीतीश कुमार के जेडी-यू का समर्थन हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा है, इसके बावजूद कि दोनों ही पल भर में अपनी वफादारी बदलने की प्रवृत्ति वाले हैं. मोदी 3.0 के निहितार्थों को स्पष्ट करने की आवश्यकता नहीं है. निर्मला सीतारमण को विविध हितों को ध्यान में रखना होगा, अपेक्षाओं का प्रबंधन करना होगा और आर्थिक नीतियों पर आम सहमति बनानी होगी, जिनमें से कोई भी आसान काम नहीं है. गठबंधन की गतिशीलता लगातार उनका ध्यान आकर्षित करेगी. आर्थिक स्थिरता से समझौता किये बिना गठबंधन सहयोगियों की मांगों को संतुष्ट करना एक नाजुक काम है, जो जटिल चुनौतियों से भरा है. उन्हें देश की वित्तीय सेहत की रक्षा करते हुए आम सहमति बनानी होगी और इसके लिए राजकोषीय रूढ़िवादिता, गठबंधन की वास्तविकताओं और विकास की अनिवार्यताओं को संतुलित करने की दुर्लभ क्षमता की आवश्यकता होगी. निर्मलासीतारमण पिछले पांच वर्षों से भारत के वित्त मंत्रालय की कमान संभाल रही हैं और उन्होंने लगातार छह बजट पेश किये हैं. पूर्ण कार्यकाल के लिए इस पद पर रहने वाली पहली महिला के रूप में उनकी नियुक्ति एक महत्वपूर्ण व्यक्तिगत मील का पत्थर है. अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने प्रमुख सुधारों को लागू किया, जिसमें बेसकॉर्पोरेट टैक्स की दर को 30प्रतिशत से घटाकर 22प्रतिशत करना और महामारी से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए 20 लाख करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा करना शामिल है. सीतारमण की अपनी पिछली नीतियों पर कायम रहने की संभावना है, जिसका लक्ष्य राजकोषीय समेकन है. उनके पिछले प्रयासों ने राजकोषीय घाटे को 5.8 प्रतिशत से घटाकर 5.6 प्रतिशत कर दिया और वर्तमान संदर्भ में विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण होगी. चूंकि भारतीय अर्थव्यवस्था एक गतिशील वैश्विक वातावरण में काम करती है, इसलिए उन्हें इसे भू-राजनीतिक तनावों, व्यापार व्यवधानों और दुनिया भर में आर्थिक बदलावों के बीच भी आगे बढ़ाना होगा. भारत के हितों की रक्षा करते हुए इन अनिश्चितताओं का प्रबंधन करना कोई छोटी उपलब्धि नहीं होगी. महामारी से प्रेरित आर्थिक मंदी सरकारी वित्त पर दबाव बना रही है. इसलिए, वित्त मंत्री को विकास को प्रोत्साहित करने और राजकोषीय अनुशासन बनाये रखने के बीच एक नाजुक संतुलन बनाना होगा. दबाव की जरूरतों को पूरा करते हुए विवेकपूर्ण खर्च सुनिश्चित करना एक कठिन काम होगा. मध्यम वर्ग बेसब्री से मुद्रास्फीति, कर बोझ और बढ़ती लागतों से राहत का इंतजार कर रहा है और बजट के फैसले सीधे उनके जीवन को प्रभावित करेंगे. राजकोषीय विवेक बनाये रखते हुए उनकी अपेक्षाओं को पूरा करना एक कठिन चुनौती है. राष्ट्रीय रोजगार नीति के बारे में बात हुई है, जो हालांकि अकादमिक स्तर पर ही रही. अनौपचारिक क्षेत्र में 90प्रतिशत रोजगार होने के कारण, सरकार की रोजगार सृजन योजनाओं ने बेरोजगारों की सेना के इस सबसे महत्वपूर्ण हिस्से को काफी हद तक नजरअंदाज कर दिया है. यह बिना किसी संदेह के साबित हो चुका है कि 'पकौड़ा अर्थशास्त्र' काम नहीं करता है और ग्रामीण युवाओं को वास्तविक और भुगतान वाली नौकरियों की आवश्यकता है. इसका मतलब यह होगा कि निर्मला सीतारमण को आबादी के इस महत्वपूर्ण हिस्से पर अधिक ध्यान केंद्रित करना होगा. मोदी किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा करते रहे हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर स्थिति बिलकुल अलग है. किसान केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ़ आंदोलन कर रहे हैं और सत्ताधारी पार्टी को इन समस्याओं के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैये की भारी कीमत चुकानी पड़ी है. अब प्रायश्चित करने का समय आ गया है और निर्मला सीतारमण को अपने बजट में इसके लिए पर्याप्त संसाधन आवंटित करने होंगे. यह उनके पिछले बजटों में कभी भी प्रमुख विचार नहीं रहा है.

> भारत के हितों की रक्षा करते हुए इन अनिश्चितताओं का प्रबंधन करना कोई छोटी उपलब्धि नहीं होगी. महामारी से प्रेरित आर्थिक मंदी सरकारी वित्त पर दबाव बना रही है. इसलिए, वित्त मंत्री को विकास को प्रोत्साहित करने और राजकोषीय अनुशासन बनाये रखने के बीच एक नाजुक संतुलन बनाना होगा. दबाव की जरूरतों को पूरा करते हुए विवेकपूर्ण खर्च सुनिश्चित करना एक कठिन काम होगा.

## मीडिया में अन्यत्र

# वैश्विक मंच से तीसरे कार्यकाल का आगाज

**तीसरी** बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के चार दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी7 देशों की 50वीं शिखर बैठक में हिस्सा लेने इटली पहुंचे. भारत उन 12 देशों और पांच संगठनों में शामिल था जिन्हें इटली के अपुलिया क्षेत्र में स्थित फसानो में जी7 कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था.ऐसा प्रतीत होता है कि मोदी ने वहां सही बातें कहीं. उनकी यह यात्रा यूरोपीय संघ के चुनावों के एक सप्ताह बाद हुई जो भारत के बाद दूसरी बड़ी चुनावी कवायद है जबकि जल्दी ही जी7 देशों- अमेरिका, फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम में चुनाव होने वाले हैं.निश्चित रूप से मोदी के भाषण का सबसे बड़ा हिस्सा भारत के चुनावों के संचालन में शामिल प्रभावशाली व्यवस्थाओं पर केंद्रित था. उन्होंने भारतीय चुनावों को 'दुनिया में लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव' बताया. उनके भाषण में दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा प्रौद्योगिकी पर केंद्रित था.ग्लोबल पार्टनरशिप फॉर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के संस्थापक सदस्य और प्रमुख के रूप में तकनीकी क्षेत्र में एकाधिकार खत्म करने की उनकी मांग दुनिया भर की सरकारों के मौजूदा मिजाज से मेल खाती है- खासतौर पर यूरोप की सरकारों के साथ क्योंकि वे बड़ी तकनीकी कंपनियों की ताकत को चुनौती दे रही हैं.'हरित युग' को अपनाने की उनकी अपील सही है. वह इस बात पर प्रकाश डालती है कि दुनिया के अमीर और सबसे अधिक ताकतवर देश गरीब देशों पर जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने वाले उपायों को अपनाने के लिए जरूरी फंडिंग कर सकें. वह यह उल्लेख करना नहीं भूले कि भारत उन शुरुआती देशों में शामिल है जिन्होंने समय से पहले कॉप के तहत अपनी प्रतिबद्धता निभाई.कूटनीति के मामले में लाभ मिलाजुला रहा. जी20 शिखर बैठक के बाद भारत-अमेरिका के रिश्तों के तनाव में कमी आई लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हाथ मिलाने के अलावा कोई औपचारिक बैठक नहीं हुई. अधिकारियों ने इसे स्पष्ट करते हुए कहा कि वे कैलेंडर में तालमेल नहीं बिठा सके.उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ भी हाथ मिलाया. खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा की धरती पर हत्या के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा था और इस मुलाकात से लगता है कि दोनों देशों के बीच संवाद अभी कायम है. बाद में कनाडा के प्रधानमंत्री ने कुछ 'बहुत अहम मुद्दों' को हल करने के लिए आपसी सहयोग की प्रतिबद्धता की बात की. लेक लुसर्न के करीब स्विस शांति सम्मेलन के ठीक पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्की के साथ मुलाकात करके मोदी ने भारत की इस स्थिति को रेखांकित किया कि रूस के साथ जंग को बातचीत और कूटनीति के जरिये हल करना ही बेहतर है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### नियत/नीयत

**फिल्म** राजकुमार में हसरत जयपुरी द्वारा लिखित एक गीत को मोहम्मद रफी ने बड़े मोहक अंदाज में प्रस्तुत किया है. गीत है-इस रंग बदलती दुनिया में इंसान की नीयत ठीक नहीं. निकला न करो तुम सजधज कर ईमान की नीयत ठीक नहीं. इसके शब्दों पर गौर करेंगे तो नीयत शब्द का अर्थ भी स्पष्ट हो जायेगा. इसी से मिलता जुलता दूसरा शब्द नियत है. नीयत और नियत श्रुतिसम भिन्नार्थक हैं. मोटे तौर पर दोनों शब्दों में मात्रा का अंतर होता है. यानी नीयत के पहले अक्षर 'न' में दीर्घ ई या आजकल के चलन के अनुसार कहा जाये तो बड़ी ई की मात्रा होती है, जबकि नियत के 'न' में ह्रस्व यानी छोटी इ की मात्रा होती है. बस यही कारण है कि लोग भ्रम में पड़ जाते हैं. अब आते हैं इनके अर्थ पर. नीयत का अर्थ होता है ईमान, इरादा-जिसकी नीयत में ही खोट है, उसपर भरोसा कैसे किया जा सकता है. वहीं नियत का अर्थ है निश्चित, निर्धारित-कई लोग नियत समय पर कहीं पहुंच नहीं पाते हैं. दोनों शब्दों के उचित प्रयोग के लिए आवश्यक है कि हम दोनों के उच्चारण को समझें. इस सूत्र को दिमाग में बिठा लें कि ह्रस्व मात्रा के उच्चारण में जितना समय लगता है, उससे दोगुना समय दीर्घ मात्रा के उच्चारण में लगता है. नीयत कहने में नी के उच्चारण में अधिक और नियत कहने में नि के उच्चारण में कम समय लगेगा. इतना समझ लेने के बाद आपके आशय को समझते हुए कलम खुद ही दोनों शब्दों का सही प्रयोग कर लेगी. इसे थोड़ा मजाकिया लहजे में ऐसा कहा जा सकता है-नीयत में बड़ी ई की मात्रा होती है और ईमान में भी बड़ी ई की मात्रा होती है, इसलिए नीयत का अर्थ ईमान हुआ. उसी प्रकार नियत शब्द में छोटी इ की मात्रा होती है और निश्चित में छोटी इ की मात्रा होती है, इसलिए नियत का अर्थ निश्चित हुआ.

# किसी की खाट खड़ी करने का मतलब

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



हिन्दी में खाट, खटिया, खटोला, खटोली–ये सब एक ही परिवार के शब्द हैं. खाट पुल्लिंग है तो खटिया स्त्रीलिंग. खटोला पुल्लिंग होते हुए भी छोटी खटिया है , खटोली छोटा खटोला है, पर स्त्रीलिंग है. है न पूरा परिवार! खाट चारपाई को कहते हैं. रिवाज के अनुसार आदमी की जिस खाट पर मृत्यु होती है, मृत्योपरान्त उस खाट या खटिया को सिरहाने की तरफ से खड़ा कर दिया जाता है. शायद इसीलिए खटिया या खाट खड़ी कर देना मार डालने के लिए एक मुहावरा बन गया है. हर खाट में चार पाए होते हैं. उसके चार पटिये (पाटी) भी होते हैं, ये पटिये 'खटपटिए' कहलाते हैं. जब कोई गुस्से से, ख़ास तौर पर स्त्रियां खाट पर लेट जाती हैं और उठती नहीं तो इसे खाटपाटी पकड़ लेना कहा गया है, लेकिन मजेदार बात यह है कि 'खटपटिया' उपद्रवी या झगड़ालू व्यक्ति को भी कहते हैं. ऐसे व्यक्ति को भी 'खटपाटी' कहा गया है. क्या इसी 'खटपाटी' से 'खुराफ़ाती' शब्द आया है ? ठीक ठीक कहा नहीं जा सकता, क्योंकि खुराफ़त अरबी भाषा में बकवास, अनर्गल प्रलाप या बेहूदगी को कहते हैं, और इसी का बहुवचन खुराफ़ात है. संभव यह भी है कि खुराफ़ात से 'खुराफ़ाती' बना हो, न कि 'खटपाटी' से. बहरहाल खटपाटी और खुराफ़ाती दोनों के उच्चारण काफी नज़दीक हैं. कहा जाता है कि नाम में क्या रखा है, लेकिन बताते हैं कि बुंदेलखंड के अंतर्गत एक क्षेत्र का नाम ही 'खटोली' है. ऐसे में 'खटिया' भी क्यों पीछे रह जाती. जी हां, उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ में एक गांव है जिसका नाम 'खटिया' ही है. पता नहीं इन जगहों का नाम 'खटोली' या 'खटिया' क्यों पडा? हो सकता है यहां कभी बैठने, सोने या गपशप करने के लिए खाट के अलावा कोई अन्य फर्नीचर रहा ही न हो. या फिर यहां मुख्यतः खाट बनाने का ही धंधा रहा हो ! खाट को संस्कृत में खट्वा भी कहते हैं. शिव जी को खट्वांग-धर कहा गया है, क्योंकि उनका एक अस्त्र पाया लगा खाट की पाटी भी है. अंग्रेज़ी में खाट के लिए एक शब्द 'कॉट' (सीओटी) भी है. कॉट का उच्चारण आश्चर्यजनक रूप से खाट से बहुत मिलता-जुलता है. क्या अंग्रेज़ी में हिन्दी/संस्कृत का खाट ही तो 'कॉट' नहीं बन गया. खाट से अनेक शब्द बने हैं. उनमें से एक खटमल भी है. हाल ही में 'खाट-पोलिटिक्स' भारत की राजनीति में एक नया मुहावरा आविष्कृत हुआ है, जिसका श्रेय कांग्रेस और राहुल गांधी को जाता है. अभी तक गांवों में पंचायतें गांव के किसी सार्वजनिक स्थान पर हुआ करती थीं. पर राहुल गांधी ने अपनी पार्टी-प्रचार के लिए अनेक 'खाट सभाएं' कीं. 'खाट-प्रोग्राम' बने 'खाट चर्चाएँ' और 'खाट-पंचायतें' हुईं. पंचायतों में लोग अपनी अपनी खाटें और खटियाएं लेकर आए. 'खाट सभाओं' के विसर्जन के बाद खूब 'खाट-लूट' मची.

*गर्मियों में फोन फटने, उसमें विस्फोट होने की समस्या बढ़ जाती है. आइए, बात करें उन सावधानी और संकेतों की जिससे ऐसी घटनाओं से हम बच सके.*

## ताकि फट न जाए फोन



हाल ही ओडिशा के कटक में फोन फटने से एक पांच साल का बच्चा बुरी तरह झुलस गया. मोबाइल में विस्फोट की यह कोई पहली घटना नहीं है. इससे पूर्व भी ऐसी घटनाएं हमारे सामने आती रही है. ऊपर उल्लेखित मामले में पीड़ित बच्चे के पिता ने आगाह किया कि मेरे दुखदायक अनुभव से आप सीखिए कि लंबे समय तक फोन का चार्ज नहीं करें और छोटे बच्चे को फोन से दूर रखें. बहरहाल जब हमने इस मसले पर तकनीकी विशेषज्ञों से बात की तो उन्होंने कुछ सावधानियों के साथ उन संकेतों की भी चर्चा की जिससे पता चलता है कि आपका स्मार्ट फोन फट सकता है.

- **बैटरी का फूलना**

अगर आपको लगता है कि आपके फोन की बैटरी फुल गई है या फिर फोन के बैक पैनल पर कोई ऊभार नजर आ रहा है, या बैटरी फूलने की वजह से बैक पैनल पर दरार सी पड़ गई है तो सावधान हो जाएं. यह इस बात का संकेत हो सकती है कि आपके फोन की बैटरी कभी भी फटने की स्थिति में पहुंच गई है.



- **फोन का बार-बार गर्म होना**

कई बार हम महसूस करते हैं कि हमारा फोन बार-बार गर्म हो रहा है. यह स्थिति भी इसके फटने की ओर संकेत करती है. अगर फोन से यह शिकायत बार-बार आए तो फौरन उसे सर्विस सेंटर में लेकर जाएं. कई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि फटने से पहले स्मार्टफोन गर्म होते हैं या फिर गर्म होने वाले स्मार्टफोन के फटने की आशंका अधिक होती है.

- **धूप या गर्म स्थान पर चार्जिंग**

जब भी हम अपने फोन को चार्ज में गलाते हैं, उसका तापमान अधिक रहता है. ऐसे में कोशिश होनी चाहिए कि हम इस कमरे के सामान्य तापमान पर ही चार्ज करें. छत पर, बालकोनी में, फ्रिज के ऊपर रख कर फोन का चार्ज करना घातक साबित हो सकता है.

- **गेमिंग**

गेमिंग के लिए भी स्मार्टफोन खूब उपयोग में लिया जाता है. गौरतलब है कि इससे भी फोन का तापमान लगातार बढ़ता है. ऐसे में गेमिंग करते समय खास सतर्कता की दरकार होती है. तकनीकी विशेषज्ञों की सलाह है कि गेमिंग के दौरान आपको तापमान कंट्रोल करने के लिए मोबाइल को कुछ समय का आराम देना चाहिए.

- **पानी में गिरने पर**

कोशिश कीजिए की स्मार्टफोन पानी से दूर रहे.अगर फोन पानी में गिर गया है तो उसे न चार्ज करें और न खुद मेकेनिक बन कर रिपेयर करने का प्रयास करें. पानी में गिरने से बैटरी में शॉर्ट सर्किट हो सकता है. दूसरी भी कुछ समस्या हो सकती है. ऐसे में सलाह दी जाती है कि फोन जब पानी में गिर जाए तो उसे मेकेनिक के पास ले जाएं.

- **फोन का बार-बार गिरना**

फोन का बार-बार गिरना भी उसमें विस्फोट का कारण हो सकता है. दरअसल फोन के बार-बार गिरने से बैटरी डैमेज होती है और उसके बाद उसमें आग लग सकती है. इसकारण सलाह दी जाती है कि अपने फोन को बार बार गिरने से बचाएं.



## आपका घर है स्मार्ट ?




*जमाना स्मार्टनेस का है तो फिर आपका घर क्यों रहे पीछे. लग्जरी लुक ही नहीं, सुरक्षा व सुविधा के ख्याल से भी घर का स्मार्ट होना समय की मांग है. घर के दरवाजे पर कोई अवांछित कदम रखे कि रोशनी और शोर हो जाए, उसका चेहरा घर बैठे या घर से दूर होने पर भी आप देख लें, पर्दे उठाने-गिराने या पंखे की रफ्तार कम-ज्यादा करने के लिए जहां बैठे हैं, वहीं से रिमोट ऑपरेट करें, आपके इशारे से घर रोशन हो और इशारे से ही बंद भी हो जाए. घर को स्मार्ट बनाने के लिए मार्केट में इन दिनों एक से बढ़ कर एक प्रोडक्ट उपलब्ध हैं. आइए, इनके बारे में जानकारी हासिल करें-*

### स्मार्ट डोर लॉक



स्मार्ट लॉक घर की सुरक्षा के लिए एक बेहतर विकल्प है. इसे चार प्रकार से एक्सेस किया जा सकता है. इसमें पिन कोड, फिंगरप्रिंट रिकॉग्नाइजेशन, आरएफआईडी कार्ड यानी रेडियो फ्रिक्वेन्सी आइडेंटिफिकेशन और फेस रिकॉग्नाइजेशन शामिल हैं. तकनीकी एक्सपट्र्स सलाह देते हैं कि डिजिटल लॉक्स दो रिकॉग्नाइजेशन वाले लेने चाहिए. जिसमें फिंगर प्रिंट रिकॉग्नाइजेशन और पिन कोड रिकॉग्नाइजेशन वाला लॉक सबसे अच्छा रहता है. अधिक सुरक्षा के लिए आप मोबाइल एप व ओटीपी का विकल्प भी चुन सकते हैं. इससे घर को ट्रिपल सेक्युरिटी मिलती है. आपकी बिना इजाजत अगर कोई लॉक खोलने की कोशिश करता है तो लॉक से जुड़े मोबाइल नंबर पर कॉल जाता है, जिससे आपको सूचना मिल जाती है. अगर घर में बच्चे, बुजुर्ग आदि को अकेला छोड़ कर आप कार्यस्थल जाते हैं तो डिजिटल लॉक विद कैमरा को लगवाना चाहिए.

### सिक्योरिटी कैमरा



इंडोर और आउटडोर सिक्योरिटी कैमरा दिनों घर की सुरक्षा के लिए खूब लगवाए जाते हैं. इसका डिजिटल डिस्प्ले आप घर बैठे या घर से दूर भी अपने मोबाइल पर देख सकते हैं. कैमरा लगवाते समय ध्यान रखें कि अच्छे रिज्युलेशन वाले और ऑडियो-वीडियो वाले लें. तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि घर के लिए 1880 पी रिज्युलेशन वाला कैमरा बढ़िया रहता है.

### वीडियो डोर बेल

कभी फूड डिलीवरी वाले तो कभी ई कॉमर्स वालेघर के बेल तो इन दिनों जब-तब बजते ही रहते हैं. मुश्किल तब आती है जब घर में बच्चे या बुजुर्ग अकेले रहते हैं और वयस्क जन कार्यस्थल पर. ऐसे में वीडियो डोर बेल आज की बड़ी जरूरत है. घर में यह काफी स्टाइलिश दिखते हैं और सभी के बजट फ्रेंडली भी हैं। कुछ वीडियो डोर बेल 180 डिग्री का व्यू भी देती हैं. घर के अंदर से या फिर कार्यस्थल पर फोन पर बेल बजाने वाले को आप देख सकते हैं. कुछ बेल्स वायर लेस ऑप्शन के साथ ही वीडियो और ऑडियो दोनों फीचर में आ रहे हैं जिससे आप बिना दरवाजा खोले बात भी कर सकते हैं.



### स्मार्ट लाइट



इन दिनों स्मार्ट लाइट भी खूब लगाए जा रहे हैं. इन लाइट्स को आप फिजिकली ऑपरेट करने के साथ ही ऐप या मोबाइल या वॉयस एसिस्टेंट से भी ऑन या ऑफ किया जा सकता है. ऐसे में अगर आप बाहर हैं और सुरक्षा कारणों से वहीं से घर की लाइट्स ऑन या ऑफ करना चाहते हैं तो वह भी संभव है. करनी हैं तो आप इसे मोबाइल से ऑन कर सकती हैं.

### सेंसर लाइट



सेंसर लाइट्स भी घर को स्मार्ट बनाते हैं. आमतौर पर ये बैटरी वाले होते हैं. इसके रेंज में आने पर लाइट्स खुद ब खुद ऑन हो जाती हैं. इसे बेड के पास लगवाया जाता है ताकि रात में अचानक उठने पर सेंसर से लाइट खुद ऑन हो जाए और आपको अंधेरे के कारण परेशानी नहीं हो. मेन गेट पर इसे लगवाना सुरक्षा के लिहाज से बेहतर रहता है.

### स्मार्ट फैन



गर्मियों के मौसम में पंखे का रेग्यूलेटर एडजस्ट करना एक बड़ी समस्या होती है जिसके लिए अपने स्थान से बार-बार उठना पड़ता है. मार्केट में सहजता से उपलब्ध स्मार्ट फैन इस समस्या से निजात दिलाता है. इसके साथ रिमोट मिलता है जिससे अपनी जगह बैठे-बैठे फैन को ऑन-ऑफ या स्पीड कंट्रोल कर सकते हैं. अगर नया फैन नहीं लेना चाहते तो भी पुराने नॉर्मल फैन को स्मार्ट फैन में तब्दील कर सकते हैं. हालांकि इसके लिए आपको कुछ डिवाइस खरीदने होंगे जिसमें आप वाईफाई या आईआर ब्लास्टर सपोर्ट रिमोट कंट्रोल स्विच फॉर लाइट खरीदें और पंखे के साथ इंस्टॉल करें. अब आप इसे रिमोट से या वॉइस असिस्टेंट से भी ऑपरेट कर सकते हैं.

### स्मार्ट कर्टेन



स्मार्ट कर्टेन जिन्हें ऑटोमेटिक या मोटराइज्ड कर्टेन भी कहते हैं. से रिमोट या वॉइस असिस्टेंट की मदद से खोले या बंद किए जा सकते हैं. इसके लिए निश्चित समय भी तय कर सकते हैं जब या खुल जाए या बंद हो जाए. यह सहजता से ऑनलाइन मार्केट में भी उपलब्ध हैं. आप पंखे की तरह ही अपने पुराने पर्दों को भी स्मार्ट कर्टेन्स में बदल सकते हैं. इसके लिए बस आपको अपने पर्दों पर मोटराइजेशन सिस्टम लगाना होगा.

### थर्मोस्टेट



स्मार्ट थर्मोस्टेड आपके एसी थर्मोस्टेट से कहीं ज़्यादा सक्षम है. आपके फ़ोन, टैबलेट, कंप्यूटर और अन्य स्मार्ट डिवाइस पर मौजूद ऐप्स स्मार्ट थर्मोस्टेट को नियंत्रित करते हैं. वे आपकी विशेष ऊर्जा ज़रूरतों को समझते हैं और आपके घर के अंदर तापमान में बदलाव को शेड्यूल करने में आपकी मदद करते हैं. इसकी सबसे खास बात यह है कि आप इससे एसी के तापमान को भी ऑपरेट कर सकते हैं. इसके लिए आप मैन्युअल के साथ ही गूगल असिस्टेंट की मदद भी ले सकते हैं.

**आ गई टाटा अल्ट्रोज रेसर**

## हॉट हैचबैक सेगमेंट में पावर-परफॉर्मेंस और स्पोर्टीनेस का कॉम्बो

*टाटा मोटर्स ने हॉट हैचबैक सेगमेंट में अपनी अल्ट्रोज का स्पोर्टी एडिशन टाटा अल्ट्रोज रेसर लॉन्च किया है. इस तरह अल्ट्रोज के साथ रेसर शब्द जुड़ गया है. कंपनी ने इसके इंटीरियर, एक्सटीरियर और फीचर्स भी बहुत काम है. खास बात यह है कि टाटा मोटर्स ने अपनी नई अल्ट्रोज रेसर को फॉर्मुला वन लीजंड नारायण कार्तिकेयन के साथ मिलकर डेवलप किया है. हॉट हैचबैक सेगमेंट में पावर-परफॉर्मेंस और स्पोर्टीनेस का कॉम्बो लोगों को पसंद आएगा. आइए, इसके लुक, परफॉर्मेंस और फीचर्स के बारे में करें चर्चा-*

- **एक्सटीरियर और लुक-डिजाइन**

नई टाटा अल्ट्रोज रेसर के बोनेट से लेकर रूफ तक दिखने वाले रेसिंग स्ट्राइप्स आपका ध्यान आकृष्ट कर सकते हैं. इस हॉट हैचबैक को प्योर ग्रे, एटॉमिक ऑरेंज और अवेन्यू वाइट जैसे 3 आकर्षक कलर ऑप्शन में पेश किया गया है और तीनों में ही ये रेसिंग स्ट्राइप्स बेहतरीन दिखते हैं. चूंकि, यह रेसर मॉडल है, ऐसे में जगह-जगह रेसर बैजिंग दी गई है. प्रोजेक्टर हेडलैंप पर ब्लैक्ड आउट ट्रीटमेंट, बोनेट और रूफ के साथ ही स्पॉयलर भी ब्लैक्ड आउट रखे गए हैं, जो कि इसके स्पोर्टी स्टांस को बढ़ाते हैं. डुअल टिप एग्जॉस्ट दिए गए हैं. 16 इंच के ब्लैक्ड आउट अलॉय व्हील भी लुक को बेहतर बनाता है. इलेक्ट्रिकली एडजस्टेबल और ऑटो फोल्ड आउटसाइड रियर व्यू मिरर्स, ऑटो हेडलैंप और रेन सेंसिंग वाइपर्स भी दिए गए हैं.




- **इंटीरियर और फीचर्स**

इसका इंटीरियर ऑल ब्लैक है. सीट से लेकर मैट तक ऑरेंज, वाइट और ब्लैक ट्रीटमेंट हैं. हेडरेस्ट पर रेसर लोगो है. यह सबकुछ इसके स्पोर्टी लुक में इजाफा करता है. लेदरेट सीट्स हैं. 7 इंच के टीएफटी डिजिटल क्लस्टर के साथ 10.25 इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐपल कारप्लेवॉयस कमांड सपोर्ट वाला सनरूफ, हाइट एडजस्टेबल ड्राइवर सीट, वायरलेस चार्जर, आईआरए कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, ब्लाइंट स्पॉट मॉनिटरिंग फीचर से लैस 360 डिग्री कैमरा, क्रूज कंट्रोल, एयर प्यूरिफायर, स्टीयरिंग माउंटेड क्लस्टर कंट्रोल, फ्रंट स्लाइडिंग आर्मरेस्ट के साथ रियर आर्मरेस्ट, एक्सप्रेस कूल, अच्छा साउंड सिस्टम, क्रूज कंट्रोल, 6 एयरबैग्स स्टैंडर्ड समेत और भी कई फीचर्स हैं.

- **इंजन-पावर, गियरबॉक्स और सस्पेंशन**

नई टाटा अल्ट्रोज रेसर में 1.2 लीटर का आई टर्बो पल्स पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो कि 120 पीएस की पावर और 170 न्यूटन मीटर पिक टॉर्क जेनरेट करता है. ऑल्ट्रोज रेसर को 6 स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ पेश किया गया है. ऑटोमोबाइल फील्ड के दिग्गजों की मानें तो इसके सस्पेंशन को ट्यून किया गया है, जिससे कि बेहतर ड्राइविंग एक्सपीरियंस मिलता है.

- **कीमत**

नई टाटा अल्ट्रोज रेसर की एक्स-शोरूम कीमत करीब साढ़े नौ लाख रुपए से शुरू होकर ग्यारह लाख रुपए तक है. हुंडई आई 20 एन लाइन से कीमत के मामले में इसका सीधा मुकाबला माना जाता है, क्योंकि अल्ट्रोज़ रेसर 50,000 रुपये अधिक सस्ती है..

*वजन बढ़ना इन दिनों एक आम समस्या है और इसे कम करना एक दुरुह प्रक्रिया जिसे आम बोलचाल की भाषा में हम वेटलॉस जर्नी कहते हैं. वेटलॉस जर्नी अकेले जरा मुश्किल है. ऐसे में आज बात करें कुछ ऐसे ऐप की जो आपके लिए फिटनेस कोच की तरह काम करेंगे. आपकी कैलारी के साथ एक्टिविटी को ट्रैक करेंगे.*

## फोन में इंस्टॉल करें अपना फिटनेस कोच

*कभी एक्सरसाइज करते समय कुछ राउंड कम करना या कुछ स्टेप्स छोड़ देना और कभी डाइटिंग में भी कुछ चटर-पटर खा लेना. जी हां, वेटलॉस जर्नी के दौरान चीटिंग की यह आशंका बनी रहती है. ऐसे में कई ऐप्स ऐसे हैं जो हमारे स्वास्थ्य और हमारी सक्रियता को ट्रैक करते हैं. वेट लॉस जर्नी के दौरान हमारे आहार, हमारे वर्कआउट, पानी के सेवन, हार्ट रेट, ब्लड प्रेशर आदि की ट्रैकिंग बहुत अहमियत रखती है. इसमें हमारी मदद करते हैं कुछ एप्स. आइए, आज चर्चा करें कुछ ऐसे ही एप्स की और साथ ही जानें कि ये एप्स कैसे हमारी मदद करते हैं, कैसे सही एप चुने आदि...*

**ये एप्स है काम के**

- **वेटलॉस फॉर वुमन**

यह वेट लॉस का 30 दिन का प्लान देता है. यह इस तरह से डिजाइन किया गया है कि महिलाएं घर में ही वर्कआउट करें और कैलारी बर्न करें.

- **कैलोरी काउंटर माई फिटनेसपल**

यह ऐप आपके खाने-पीने का ध्यान रखता है. यह ऐसा ऐप है, जो वजन कम करने में मदद करता है. ऐप बताता है कि आपको क्या खाना है और क्या नहीं खाना. इसमें 60 लाख से ज्यादा फूड प्रोडक्ट्स का डेटाबेस है. इसके अलावा, इसमें कई अन्य फीचर्स हैं जैसे फूड इनसाइट, रेस्टोरेंट लॉगिंग, रेसिपी इंपोर्टर, कैलोरी काउंटर.

- **गूगल फिट**

इस लोकप्रिय एप को आप गूगल प्ले स्टोर से मुफ्त में डाउनलोड कर सकते हैं. इसकी मदद से आप अपनी हर मिनट की एक्टिविटी को फोन पर ही ट्रेक कर सकते हैं. ये ऐप बताएगा कि दिनभर आपने कितनी केलोरी खर्च की. यह सीढ़ी चढ़ने से लेकर वॉक करने तक की हर मिनट मॉनिटरिंग करेगा और आपको इसकी रिपोर्ट देगा.

- **होमवर्कआउट नो इक्वीपमेंट**

अगर आप फिटनेस और वेटलॉस जर्नी की शुरुआत कर रहे हैं तो यह आपके लिए बहुत मुफीद है.

- **हेल्दीफाई वेट लॉस कोच**



यह कैलोरी काउंटिंग, डायटीशियन सलाह, मील प्लानिंग, फिटनेस आदि में भी मदद करता है.

- **हेल्दीफाईमी**

यह एक वर्कआउट ट्रैकर होने के साथ, वेट लॉस ट्रैकर, वाटर ट्रैकर, फूड ट्रैकर, स्लीप ट्रैकर और यहां तक की हैंडवॉश ट्रैकर भी है. इसके अलावा, उपयोगकर्ताओं को बिना उपकरण वाले होम वर्कआउट वीडियो का भी एक्सेस मिलता है जिसमें फुल-बॉडी वर्कआउट और योग वर्कआउट शामिल हैं.

- **इन्हें भी आजमाएं**

माईनेट डायरी, फिटबिट, फैट सीक्रेट, वेटफिट, हेल्दीफाई, फिटपास, कल्टफिट,इवॉल्वयू आदि भी कुछ लोकप्रिय एप हैं जिसे अपनाया जा सकता है.

- **कैसे करते हैं ये एप्स मदद**

ये एप्स आहार और शारीरिक गतिविधियों को ट्रैक करते हैं. डाइट ट्रैकिंग के जरिए आपके खाने-पीने की कैलोरीज, प्रोटीन, फैट का लक्ष्य तय करने में आपकी मदद करते हैं. अगर आप अपने आहार और उसकी मात्रा का उल्लेख इसपर करते हैं तो वे आपके लिए इसका रिकॉर्ड बना कर रखते हैं. ये एप्स वर्कआउट व वॉकिंग आदि के दौरान आपके स्टेप्स और उससे कैलोरी की खपत को भी काउंट कर इसकी सूचना आपको देते हैं.

### ध्यान रखिए

कोई भी एप चुनने से पहले अपना गोल सेट करें. कई ऐसे एप्स को चुनने से बचे जो आक्रामक तरीके से वजन कम करने का दवाब डालते हैं या ऐसे लक्ष्य देते हैं जिसे पूरा करना व्यवहारिक ही नहीं हो. सच पूछिए तो अपनी डाइट में अचानक बहुत अधिक बदलाव लाना किसी भी तरीके से लाभप्रद नहीं है. यह भी ध्यान रखें कि आपको किसी तरह घाव या चोट है या कोई मेडिकल हिस्ट्री है तो बिना डॉक्टर की सलाह से इन एप्स को कभी फॉलो नहीं करें. किसी भी एप्स को आंख मूंद कर फॉलो नहीं करें, बल्कि खुद के लक्ष्य निर्धारित करें.


संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# स्पोर्ट्स+

# टीम इंडिया ने बारबाडोस बीच पर वॉलीबॉल का लुत्फ उठाया

## विराट, रिंकू, अर्शदीप व हार्दिक ने शर्टलेस होकर कहर ढाया





बीसीसीआई ने वीडियो जारी किया

**बारबाडोस।** भारत को टी20 विश्व कप के सुपर-8 चरण के ग्रुप 1 में रखा गया है, जिसमें टीम इंडिया का पहला मैच 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ होगा. मगर उससे पहले भारतीय टीम इंजॉय करती हुई नजर आई. विराट कोहली से लेकर हार्दिक पांड्यासमेत कई खिलाड़ी वेस्टइंडीज के बीच पर वॉलीबॉल खेलते दिखे हैं. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो जारी की है, जिसमें टीम इंडिया 2 गुटों में बंटी हुई है. बारबाडोस के बीच पर खिलाड़ी आनंद लेते हुए नजर आए, वहीं खासतौर पर विराट कोहली और रिंकू सिंह ने महफिल लूटी. रोहित शर्मा, विराट कोहली, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, युजवेंद्र चहल और यहां तक कि टीम के फील्डिंग कोच टी दिलीप भी अपनी स्पोर्ट्स स्किल्स के जरिए सबको प्रभावित करते दिखे. विशेष तौर पर विराट, रिंकू, अर्शदीप और हार्दिक ने शर्टलेस होकर कहर ढाया.

## ब्रीफ खबरें

### गंभीर ने गृह मंत्री शाह से की मुलाकात

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और आईपीएलचैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटोर गौतम गंभीर ने सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की. गंभीर 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पूर्वी दिल्ली से सांसद बने थे. उन्होंने अपने क्रिकेट कोचिंग करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सक्रिय राजनीति से ब्रेक ले लिया है. गंभीर ने 'एक्स' पर शाह के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, हाल की चुनावी सफलता पर बधाई दी.

### दीक्षा इटालियन ओपन में छठे पायदान पर रही

**रोम।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर तीसरे और अंतिम दौर में 71 का कार्ड खेलने के बाद लेडीज इटालियन ओपन में संयुक्त छठे स्थान पर रहीं. यह मौजूदा सत्र में तीसरी बार है जब दीक्षा ने अपना अभियान शीर्ष 10 में खत्म किया है. वह तीसरे दौर में दो बर्डी के मुकाबले एक बोगी कर बैठी जिससे उनका कुल स्कोर छह अंडर 210 का रहा. प्रतियोगिता के कट में जगह बनाने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ियों में प्रणवी उर्स 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 19वें जबकि त्वेसा मलिक 73 के कार्ड के साथ संयुक्त 41वें स्थान पर रही. दीक्षा इस प्रतियोगिता की विजेता एमी टेलर (69) से चार शॉट पीछे रही.

### अदिति संयुक्त 17वें स्थान पर रही

**ग्रैंड रैपिड्स।** पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुकी भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने यहां मीजर एलपीजीए क्लासिक के चौथे दौर एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद अपना अभियान संयुक्त 17वें स्थान पर खत्म किया. अदिति का कुल स्कोर 10 अंडर 278 रहा. उन्होंने चारों दौर को मिला कर एक बोगी के मुकाबले पांच बर्डी लगायी. इस दौरान उन्होंने में 68-70-69-71 के कार्ड खेले. मौजूदा सत्र में यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. वह इस सत्र में पहली बार शीर्ष 20 में जगह बनाने में सफल रही है.

### अबतक टी20 विश्व कप में कुछ बड़े उलटफेर भी देखने को मिले

# सुपर 8 की टीमें तय, कल से शुरू होगा मुकाबला

**एजेंसी।न्यूयॉर्क**

टी20 विश्व कप 2024 अब तक 39 मुकाबले हो चुके हैं. 18 जून को वेस्टइंडीज की अफगानिस्तान से भिड़ंत होगी. इस मैच का अब कुछ असर नहीं पड़ने वाला है. सुपर-8 की आठ टीमें तय हो चुकी हैं. 19 जून से सुपर-8 राउंड की शुरुआत हो जाएगी. 20 टीमें इस विश्व कप में खेलने उतरी थीं, जिन्हें पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा गया था. हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सुपर-8 में पहुंची हैं. इस टी20 विश्व कप में कुछ बड़े उलटफेर भी देखने को मिले हैं. अफगानिस्तान ने जहां न्यूजीलैंड जैसी बड़ी टीम को चौंकाया, वहीं अमेरिका ने पाकिस्तान टीम को चौंका दिया. इस बार सुपर-8 में न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी कुछ पूर्व चैंपियन टीमें नहीं दिखेंगी. इनकी जगह अमेरिका, अफगानिस्तान जैसी नई और मजबूत टीमों ने अपनी जगह तय की है. सुपर-8 के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान, अमेरिका, इंग्लैंड और बांग्लादेश ने क्वालिफाई कर लिया है.

**एक ग्रुप की एक टीम तीन मैच खेलेगी :** सुपर-8 राउंड की शुरुआत 19 जून को अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच से होगी. इस राउंड में दो ग्रुप हैं. एक ग्रुप की एक टीम तीन मैच खेलेगी। हर एक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी. सुपर-8 राउंड के लिए टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही सीडिंग्स तय की गई थीं. जैसे कि भारत सुपर-8 के लिए क्वालिफाई करने पर भले ही अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहता, लेकिन उन्हें ए1ही माना जाता. इसी तरह ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमों के लिए है. ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने ग्रुप (बी) में शीर्ष पर है, लेकिन उन्हें बी2 का दर्जा दिया गया है. 26 और 27 जून को सेमीफाइनल के मुकाबले और 29 जून को बारबाडोस में फाइनल मुकाबला खेला जाएगा.

### पहले टूर्नामेंट से पहले दी गई सीडिंग्स

**ग्रुप ए**
ए1 : भारत, ए2 : अमेरिका
**ग्रुप-बी**
बी1 : इंग्लैंड, बी2 : ऑस्ट्रेलिया
**ग्रुप-सी**
सी1 : अफगानिस्तान, सी2 : वेस्टइंडीज
**ग्रुप-डी**
डी1 : दक्षिण अफ्रीका, डी2 : बांग्लादेश

**दोनों ग्रुप तय**

| ग्रुप-1 | ग्रुप-2 |
|---|---|
| भारत | इंग्लैंड |
| ऑस्ट्रेलिया | अमेरिका |
| अफगानिस्तान | दक्षिण अफ्रीका |
| बांग्लादेश | वेस्टइंडीज |

### सुपर-8 का शेड्यूल

| मैच | तारीख | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| अमेरिका-दक्षिण अफ्रीका | 19 जून | रात 8 बजे | एंटीगुआ |
| इंग्लैंड-वेस्टइंडीज | 20 जून | सुबह 6 बजे | सेंट लूसिया |
| अफगानिस्तान-भारत | 20 जून | रात 8 बजे | बारबाडोस |
| ऑस्ट्रेलिया-बांग्लादेश | 21 जून | सुबह 6 बजे | एंटीगुआ |
| इंग्लैंड-दक्षिण अफ्रीका | 21 जून | रात 8 बजे | सेंट लूसिया |
| यूएसए-वेस्टइंडीज | 22 जून | सुबह 6 बजे | बारबाडोस |
| भारत-बांग्लादेश | 22 जून | रात 8 बजे | एंटीगुआ |
| अफगानिस्तान-ऑस्ट्रेलिया | 23 जून | सुबह 6 बजे | सेंट विन्सेंट |
| यूएसए-इंग्लैंड | 23 जून | रात 8 बजे | बारबाडोस |
| वेस्टइंडीज-दक्षिण अफ्रीका | 24 जून | सुबह 6 बजे | एंटीगुआ |
| ऑस्ट्रेलिया-भारत | 24 जून | रात 8 बजे | सेंट लूसिया |
| अफगानिस्तान-बांग्लादेश | 25 जून | सुबह 6 बजे | सेंट विन्सेंट |

### बांग्लादेश सुपर आठ में पहुंचा

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** युवा तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात रन देकर चार विकेट लिए, जिससे बांग्लादेश ने बल्लेबाजों की नाकामी के बावजूद नेपाल को 21 रन से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की. पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हैरत में डालने वाले नेपाल के गेंदबाजों ने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया. उन्होंने बांग्लादेश की टीम को 19.3 ओवर में 106 रन पर आउट कर दिया. इसके जवाब में नेपाल का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 78 रन था, लेकिन उसने सात रन के अंदर अपने बाकी बचे 5 विकेट गंवा दिए और उसकी पूरी टीम 19.2 ओवर में 85 रन पर आउट हो गई. बांग्लादेश की तरफ से तंजीम ने कसी गेंदबाजी की. उन्होंने अपने चार ओवर में 21 गेंद ऐसी की जिन पर रन नहीं बने.

उनके अलावा मुस्तफिजुर रहमान ने सात रन देकर तीन और शाकिब अल हसन ने नौ रन देकर दो विकेट लिए. यह पहला अवसर है, जबकि बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप में तीन मैच जीते. तंजीम ने शानदार गेंदबाजी करके नेपाल का शीर्ष क्रम झकझोर दिया. नेपाल का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 26 रन था लेकिन कुशल मल्ला (27) और विश्व रिकॉर्ड धारक दीपेंद्र सिंह ऐरी (25) ने छठे विकेट के लिए 52 रन जोड़कर अपनी टीम की उम्मीद जगा दी. मुस्तफिजुर ने कुशल को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी. इसके बाद उन्होंने दीपेंद्र को भी आउट किया जिनके नाम पर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 9 गेंद पर अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है. नजमुल हुसैन शंटो ने मैच के बाद कहा, हमने इस चरण में जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे हम काफी खुश हैं.

### टी20 वर्ल्ड कप : अंक तालिका

**ग्रुप ए**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | +1.137 |
| अमेरिका | 4 | 2 | 1 | 1 | 5 | +0.127 |
| पाकिस्तान | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | +0.294 |
| कनाडा | 4 | 1 | 2 | 1 | 3 | -0.493 |
| आयरलैंड | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.293 |

**ग्रुप बी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 4 | 4 | 0 | 0 | 8 | +2.791 |
| इंग्लैंड | 4 | 2 | 1 | 1 | 5 | +3.611 |
| स्कॉटलैंड | 4 | 2 | 1 | 1 | 5 | +1.255 |
| नामीबिया | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -2.585 |
| ओमान | 4 | 0 | 4 | 0 | 0 | -3.062 |

**ग्रुप सी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अफगानिस्तान | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | +4.230 |
| वेस्टइंडीज | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | +2.596 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.241 |
| युगांडा | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -4.510 |
| पीएनजी | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -0.886 |

**ग्रुप डी**

| टीम | मैच | जीत | हार | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| द. अफ्रीका | 4 | 4 | 0 | 0 | 8 | +0.470 |
| बांग्लादेश | 4 | 3 | 1 | 0 | 6 | +0.616 |
| श्रीलंका | 4 | 1 | 2 | 1 | 3 | +0.863 |
| नीदरलैंड | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -1.358 |
| नेपाल | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -0.542 |

## ग्रुप में बादशाहत के लिए भिड़ेंगी वेस्टइंडीज- अफगानिस्तान की टीमें

**भाषा। ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया)**

शानदार प्रदर्शन कर रही अफगानिस्तान और मेजबान वेस्टइंडीज की टीमें मंगलवार को यहां जब आईसीसी टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप चरण मैच में एक-दूसरे से भिड़ेंगी, तो उनकी कोशिश इसे जीतकर सुपर आठ चरण से पहले आत्मविश्वास को मजबूत करने की होगी. ग्रुप सी में दोनों टीमें तीन मैचों में तीन जीत के साथ पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुकी हैं और ऐसे में दोनों के लिए यह मुकाबला आत्मविश्वास हासिल करने के नजरिये से अहम है. पापुआ न्यू गिनी पर मुश्किल जीत के साथ शुरुआत करने के बाद वेस्टइंडीज ने युगांडा और न्यूजीलैंड पर प्रभावशाली जीत दर्ज की तो वहीं दूसरी ओर, अफगानिस्तान के अब तक के अभियान में कोई कमजोर कड़ी नहीं दिखी है.

**टीमें**

**अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नैब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हजरतुल्लाह जजई, नूर अहमद, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक.

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), ब्रैंडन किंग, जॉनसन चार्ल्स, निकोलस पूरन (विकेट कीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, आंद्रे रसेल, रोमारियो शेफर्ड, रोस्टन चेस, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, गुडाकेश मोटी, ओबेद मैककॉय, शमर जोसेफ, शिमरॉन हेटमायर और शाई होप.

**मैच का समय : मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से होगा.**

### कप्तानी छोड़ने के बारे में नहीं सोचा है: बाबर

**फोर्ट लाउडरहिल (फ्लोरिडा)।** टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण से बाहर होने के बाद आलोचना का सामना कर रहे पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि उन्होंने कप्तानी छोड़ने के बारे नहीं सोचा है और इस बारे में कोई फैसला पीसीबी से बातचीत के बाद किया जायेगा. पिछले टी20 विश्व कप (2022) के उपविजेता पाकिस्तान को ग्रुप ए में अपने शुरुआती दो मैचों में अमेरिका व भारत से शिकस्त का सामना करना पड़ा.

## श्रीलंका ने नीदरलैंड को हराकर जीत से अंत किया



**भाषा। ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)**

श्रीलंका ने आखिर में अपना जलवा दिखाया और ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में नीदरलैंड को 83 रन से हराकर टी20 विश्व कप में अपने अभियान का अंत किया. श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद कुसाल मेंडिस (46) और चरिथ असलांका (46) की उपयोगी पारियों की मदद से 6 विकेट पर 201 रन बनाए.

नीदरलैंड की टीम इसके जवाब में 16.4 ओवर में 118 रन बनाकर आउट हो गई. श्रीलंका की तरफ से नुवान तुषारा ने 24 रन देकर तीन विकेट जबकि मथीशा पथिराना (12 रन देकर दो) और कप्तान वानिंदु हसरंगा (25 रन देकर दो) ने दो-दो विकेट लिए. श्रीलंका की टीम इस मैच में अच्छी लय में दिखी और उसने खेल के सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अब बहुत देर हो चुकी थी और टीम पहले ही सुपर 8 की दौड़ से बाहर हो गई थी. श्रीलंका के शीर्ष क्रम में मेंडिस ने 29 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके लगाए लेकिन वह मध्यक्रम के बल्लेबाज थे जिन्होंने इस मैच में अच्छा प्रदर्शन किया. अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज ने 15 गेंद पर नाबाद 30 रन और कप्तान हसरंगा ने 10 गेंद पर नाबाद 20 रन बनाए लेकिन असलांका ने 21 गेंद पर 46 रन की तूफानी पारी खेली जिसमें एक चौका और पांच छक्के शामिल हैं.

### यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप — इंग्लैंड अगला मैच गुरुवार को डेनमार्क के खिलाफ खेलेगा

# बेलिंगहैम के गोल से इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया

**एजेंसी। गेल्सेंकिर्चेन (जर्मनी)**

जूड बेलिंगहैम के गोल की मदद से इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की. रियाल मैड्रिड की तरफ से खेलने वाले बेलिंगहैम ने 13वें मिनट में बुकायो साका के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ. इस मैच से पहले दोनों टीम के प्रशंसकों के बीच आपस में झड़प हो गई थी जिसके कारण सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी. बेलिंगहैम के शुरू में गोल करने के बाद इंग्लैंड के प्रशंसक जश्न में डूब गए. सर्बिया ने इसके बाद कुछ मौके बनाए लेकिन वह अपने समर्थकों को जश्न मनाने का मौका नहीं दे पाया. बेलिंगहैम ने मैच के बाद कहा,यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए शानदार शुरुआत है और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है लेकिन टीम को जीत दिलाना अधिक महत्वपूर्ण है. इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन दूसरे हाफ में बढ़त दोगुनी करने के करीब पहुंच गए थे, लेकिन सर्बिया के गोलकीपर प्रेड्रैग राजकोविच ने उनका हेडर गोल के अंदर नहीं जाने दिया. केन का किसी बड़े टूर्नामेंट में यह 23वां मैच था जो इंग्लैंड की तरफ से नया रिकॉर्ड है. केन ने मैच के बाद कहा, यह बेहद कड़ा मैच था. उनके पास कुछ अच्छे खिलाड़ी हैं और उनकी टीम को हराना आसान नहीं है. इस मैच से तीन अंक हासिल करना अच्छा रहा. इस जीत से इंग्लैंड ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंच गया. इस ग्रुप में इससे पहले डेनमार्क और स्लोवेनिया का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा था. इंग्लैंड अपना अगला मैच गुरुवार को फ्रैंकफर्ट में डेनमार्क के खिलाफ खेलेगा.

> **13वें** मिनट में बुकायो साका के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ.



### सर्वोच्च रैंकिंग पर पहुंचे सुमित नागल

**नयी दिल्ली।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल एटीपी एकल रैंकिंग में सुधार जारी रखते हुए 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जो उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग है. ओलंपिक की तैयारी में लगे नागल पिछले सप्ताह 77वें स्थान पर थे. वह पेरुगिया एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में उपविजेता रहने के कारण छह पायदान आगे बढ़ने में सफल रहे. पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल के ड्रॉ में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी नागल के अब 777 एटीपी अंक हैं. नागल ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके न सिर्फ अपनी रैंकिंग में सुधार किया बल्कि इससे वह ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल में जगह बनाने में भी सफल रहे. उन्होंने साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई.

## पावो नूरमी खेलों से ओलंपिक की तैयारियों में जुटेंगे नीरज

**भाषा। तुर्कू (फिनलैंड)**




मामूली चोट से उबरने के लिए कुछ समय तक आराम करने वाले ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को यहां पावो नूरमी खेलों में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेंगे. चोपड़ा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं. इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को जर्मनी के किशोर एथलीट मैक्स डेहनिंग की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है, जो 90 मीटर तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे युवा खिलाड़ी हैं. इस 19 वर्षीय खिलाड़ी को ओलंपिक में चोपड़ा के लिए कड़ा प्रतिस्पर्धी माना जा रहा है. उनके अलावा इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ी ओलिवर हेलैंडर भी अपनी चुनौती पेश करेंगे, जिन्होंने यहां 2022 में चोपड़ा को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता था. भारतीय खिलाड़ी ने 2022 में 89.30 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक जीता था. यह उनका तब व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था.

▼ ब्रीफ खबरें

### हत्या मामले में रोजगार सेवक सहित दो गिरफ्तार

**नवादा ।** नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड क्षेत्र के बुधौली पंचायत की मुखिया पप्पू मांझी की हत्या मामले में सुपर मुखिया अमरेंद्र यादव सहित दो लोगों को सोमवार को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार अमरेंद्र इसी जिले के रोह प्रखंड में पंचायत रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत है. इसे बुधौली पंचायत का सुपर मुखिया कहा जाता था. वजह, पप्पू मांझी को उसी ने अपने समर्थन से मुखिया बनवाया था. अमरेंद्र के अलावा गिरफ्तार दूसरा शख्स मनीष सिंह इसी पंचायत के दिऔरा गांव का निवासी बताया गया है.

### गोपालगंज में ऑटो पलटी,5 यात्री घायल

**गोपालगंज ।** जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के कोईनी गांव के पास यात्रियों से भरी ऑटो पलट गई. जिससे ऑटो में सवार पांच लोग घायल हो गए. जिन्हें स्थानीय लोगो के सहयोग से तत्काल इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया. जहां सभी घायलों का इलाज डॉक्टर के देखरेख में चल रहा है. जख्मी लोगों में मांझागढ़ थाना क्षेत्र पैठानपट्टी गांव निवासी बांके सिंह के बेटा मनीष कुमार सिंह, भुवन सिंह, कमला मिश्रा के बेटा राजकिशोर मिश्रा,केशव तिवारी के बेटा विकेश तिवारी और राज किशोर मिश्रा के बेटा जीतेश मिश्रा शामिल है.

### अपराधियों ने मासूम को मारी गोली, मौत

**शेखपुरा ।** शेखपुरा में एक आठ साल की बच्ची की हत्या कर दी गई. रविवार मध्य रात्रि वह छत पर सो रही थी, इसी दौरान अपराधी ने उसकी कनपटी में गोली मार दी. उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना शेखपुरा सदर प्रखंड के कुसुम्भा थाना क्षेत्र के बगैया गांव की है. बच्ची के हत्या के बाद इलाके में तनाव है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. पुलिस नेव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. थानेदार अमरेश कुमार पुलिस बल के साथ गांव में कैंप कर रहे हैं. थानेदार ने कहा कि पुरानी दुश्मनी में वारदात को अंजाम दिया गया है.

### जदयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर का वीडियो आया सामने, बोले-

# यादव-मुसलमानों ने वोट नहीं दिया, इसलिए इनका काम नहीं करूंगा

**संवाददाता । सीतामढ़ी**

जदयू के नवनिर्वाचित सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने सीतामढ़ी में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मुसलमान और यादवों का कोई काम नहीं करेंगे. बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव में इस समाज का वोट नहीं मिलने से देवेश चंद्र ठाकुर आहत है. ठाकुर ने खुले मंच से कहा कि 22 साल से राजनीति में सक्रिय होने के दौरान उन्होंने सबसे ज्यादा काम यादव और मुस्लिम समाज का किया. लेकिन चुनाव में इन लोगों ने बिना किसी कारण के उन्हें वोट नहीं किया. आगे जदयू सांसद ने कहा कि अगर आगे इस समाज के लोग काम करने आते हैं तो चाय नाश्ता जरूर



सांसद देवेश चंद्र ठाकुर

कराएंगे लेकिन उनका काम नहीं करेंगे. जिनको आना है आये चाय नाश्ता करें और जाये, मदद की उम्मीद नहीं करें. सीतामढ़ी से देवेश

**सांसद बोले**

कुशवाहा समाज के लोग केवल इसलिए खुश हो गए कि लालू प्रसाद ने इस समाज के सात लोगों को टिकट दे दिया था. क्या कुशवाहा समाज इतना स्वार्थी हो गया है.

चंद्र ठाकुर ने लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की है. देवेश चंद्र ठाकुर बिहार विधान परिषद के सभापति भी हैं. सीतामढ़ी में प्रारंभिक शिक्षक संघ के बैनर तले आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल होने पहुंचे थे.

**एनडीए के वोटों का हुआ चीरहरण :** ठाकुर ने कहा कि एनडीए के वोटों में से कितना चीरहरण हुआ. इसका कोई भी उचित कारण नहीं है. सुरी और कलवार समाज का आधा से अधिक वोट कट गया, क्या कारण है बताइए? कुशवाहा समाज का वोट अचानक कट गया. यह सब तो एनडीए का वोट था. आखिर क्यों कट गया. कुशवाहा समाज के लोग केवल इसलिए खुश हो गए कि लालू प्रसाद ने इस समाज के सात लोगों को टिकट दे दिया था.

कुशवाहा समाज को भी लिया आड़े हाथ उन्होंने कहा कि क्या कुशवाहा समाज इतना स्वार्थी हो गया है. इस समाज के बीजेपी से डिप्टी सीएम हैं सरकार में, उपेंद्र कुशवाहा अगर जीत गए होते तो आज केंद्रीय मंत्री बन गए होते, उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज से कोई पांच या सात लोग भी एमपी बन जाते जो सीतामढ़ी में उसका क्या फर्क पड़ जाता. क्या सीतामढ़ी के कुशवाहा समाज के लोग उनसे काम करवाने जाते? इनकी सोच कितनी विकृत हो गई है.

ठाकुर ने आगे कहा कि अगर कह दूं कि कुशवाहा समाज के लोग अपना काम कराने के लिए लालू प्रसाद के सात कुशवाहा उम्मीदवारों के पास जाएं तो कैसा लगेगा. ठाकुर ने कहा कि मेरे पास एक मुस्लिम समाज के शख्स कुछ काम कराने के लिए आए थे, लेकिन हमने स्पष्ट कह दिया कि आप पहली बार आये हैं. इसलिए मैं कुछ ज्यादा नहीं कहूंगा. वरना मैं छोड़ता नहीं हूं. आपने वोट तो लालटेन को दिया होगा, तो उस शख्स ने कबूल भी कर लिया.

### नीट पेपर लीक मामले में ईओयू का बड़ा दावा

# मूल प्रश्नपत्र उपलब्ध नहीं करा रहा एनटीए

**संवाददाता । पटना**

बिहार सरकार की जांच एजेंसी आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने नीट पेपर लीक मामले में बड़ा दावा किया है. ईओयू ने सोमवार को कहा है कि उसे अभी तक एनटीए की ओर से परीक्षा की मूल प्रश्नपत्र की प्रति नहीं भेजी गई है. इस वजह से ईओयू इस मामले की जांच को आगे नहीं बढ़ा पा रहा है. ईओयू की ओर से एनटीए को अबतक तीन बार रिमाइंडर भेजा जा चुका है लेकिन प्रश्नपत्र की प्रति उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई है. इसको लेकर जांच में शामिल अधिकारी भी हैरान हैं.

ईओयू के अनुसार 18-19 जून को 9 परीक्षार्थियों से अलग-अलग पूछताछ किए जाने के लिए प्रश्नावली तैयार की गयी है. यह जानकारी ली जायेगी कि परीक्षार्थियों के अभिभावकों से क्या पहले ही ब्लैंक चेक ले लिया गया था.

पूछताछ के दौरान उनके द्वारा परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाने की तिथि से लेकर परीक्षा देने के दिन तक की सभी गतिविधियों की जानकारी ली जाएगी. इसके अलावा नीट परीक्षा को लेकर उन्हें किन-किन स्रोतों से क्या-क्या मदद मिली है, इसको लेकर भी पूछताछ की जाएगी. उल्लेखनीय है कि इन सभी नौ परीक्षार्थियों को ईओयू द्वारा नोटिस जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है.

### सबसे अधिक गर्मी बक्सर में, तापमान 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया

# बिहार में बीते 24 घंटे के दौरान हीटवेव से 13 लोगों की मौत




**संवाददाता । पटना**

बिहार में बीते 24 घंटे के दौरान पांच जिले में 13 लोगों की मौत हो गई. दक्षिण बिहार के औरंगाबाद जिले में सबसे अधिक पांच लोगों की मौत की पुष्टि की गई है. बिहार आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार सारण और गया में तीन-तीन लोगों की मौत हुई. रोहतास और भोजपुर एक-एक लोगों की मौत हुई. इनके परिजनों का दावा है कि लू लगने के कारण तेज बुखार के साथ उल्टी होने लगी. अस्पताल ले गए लेकिन जान नहीं बचा पाए. इधर, सबसे अधिक बक्सर में गर्मी पड़ी. यहां का अधिकतम तापमान 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया.

मौसम पूर्वानुमान के अनुसार दक्षिण पश्चिम मौनसून की उत्तरी सीमा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है. यह अभी भी उप हिमालय पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर में बना हुआ है लेकिन, अगले चार से पांच दिनों के दौरान इसे बिहार के कुछ भाग विशेष कर उत्तर पूर्व बिहार एवं हिमालय की तलहटी वाले जिलों में आगे बढ़ाने की संभावना है. पूर्वी पश्चिमी टर्फ रेखा अब मध्य उत्तर प्रदेश से उत्तर पश्चिम बिहार से होते हुए 0.9 किलोमीटर समुद्र तल से ऊपर मेघालय तक में बनी हुई है.

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटे में बिहार के दक्षिण-पश्चिम भाग एवं दक्षिण-मध्य के कुछ भाग में भीषण उष्ण लहर के आसार हैं. वहीं उत्तर-पश्चिम एवं दक्षिण पूर्व के एक या दो जिलों में उष्ण लहर और आर्द्र दिवस का पूर्वानुमान है. प्रदेश के उत्तर पूर्व भागों के जिलों में मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम स्तर के वर्षा का पूर्वानुमान है. अगले 48 घंटों के दौरान प्रदेश के दिन के तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है.



**पिछले 24 घंटे के दौरान इन जिलों में तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा**

पिछले 24 घंटे के दौरान जिन जिला में तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किए गए, उनके नाम पटना 43 .3, गया 45 .2, छपरा 42 .8, डेहरी 45 .6, शेखपुरा 44 .5, गोपालगंज 42 .0, जमुई 42 .8, बक्सर 46 .0,भोजपुर 45 .2, औरंगाबाद 45 .5, नवादा 44 .5, राजगीर 44 .6, जीरादेई 43 .1, अरवल 44 .8, बिक्रमगंज 44 .5 और मुंगेर 41 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए इसके साथ ही भागलपुर 37 .2, पूर्णिया 32 .4, मुजफ्फरपुर 36 .0, दरभंगा 35 .2, सुपौल 32 .6, मधुबनी 34 .2, मोतिहारी 36 .0 बेगूसराय 37 .2, बांका 38 .6, कटिहार 32 .4, अररिया 30 .5 और बाल्मीकि नगर 38 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए. मौसम विभाग का मानना है कि राज्य के उत्तर पश्चिम उत्तर मध्य एवं दक्षिण भाग के एक से दो स्थान पर येलो अलर्ट जारी किया है.

# अपराधियों ने युवक को चाकू गोदकर मार डाला

### लखीसराय जिले का रहनेवाला था युवक, आयरन कंपनी में काम करता था

**संवाददाता । पटना**

बकरीद के अवसर पर पटना सिटी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. जगह-जगह पुलिस फोर्स लगाई गई थी. इसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन के सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए अपराधियों ने दिन आयरन कंपनी के एक कर्मचारी को रविवार की देर रात चाकुओं से गोद डाला. आनन-फानन में घायल कर्मचारी को इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया.

इधर, घटना की सूचना मिलते ही पटना सिटी के माल सलामी इलाके में हड़कंप मच गया. माल सलामी थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि रविवार की रात दीना आयरन कंपनी का कर्मचारी ड्यूटी के लिए अपने घर से निकला था. इसी क्रम में रास्ते में ही अपराधियों द्वारा चाकू से गर्दन पर वार किया गया. इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों की तलाश में छापेमारी चल रही है. कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है. बताया जा रहा है कि संजीव कुमार सिन्हा मूल रूप से लखीसराय जिला के कजरा गांव के निवासी थे. वर्तमान में संजीव कुमार सिन्हा पटना सिटी के माल सलामी थाना क्षेत्र के गोवर्धन सिंह के मकान में रहते थे. वे यहां दीना आयरन कंपनी में काम करते थे.

# तीन दोस्त गंगा नदी में डूबे एक की मौत, मचा हड़कंप

**संवाददाता । बेगूसराय**

बेगूसराय में दाह संस्कार में शामिल होने के लिए आए तीन युवक स्नान करने के दौरान गंगा नदी में डूब गए. उनमें से दो युवकों को नदी के पानी से बाहर निकाल कर स्थानीय गोताखोरों जान बचा ली. जबकि एक युवक की डूबकर मौत हो गई. इस घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल कायम हो गया. वहीं, इस घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया.

घटना तेघड़ा थाना क्षेत्र के अयोध्या गंगा घाट की है. मृतक युवक की पहचान समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय प्रखंड के पाल गांव निवासी दिनेश कुमार के बेटे अभिषेक कुमार के रूप में की गई है. परिजनों ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति की मौत हो गई थी. उसके बाद गांव के लोगों के साथ दाह संस्कार के लिए अभिषेक भी अयोध्या गंगा घाट पर पहुंचे थे. दाह संस्कार होने के बाद अभिषेक अपने तीन दोस्तों के साथ गंगा घाट में स्नान करने लगे. इस दौरान तीनों दोस्त नदी में डूबने लगे. उन्हें डूबता देखा वहां के स्थानीय गोताखोरों ने दो युवकों को किसी तरह गंगा नदी से निकाल कर जान बचा ली.

**श्रेया हत्याकांड**

### प्रेमी, सहेली व सहेली की मां को किया गिरफ्तार

**औरंगाबाद ।** औरंगाबाद के नबीनगर की एक नाबालिग छात्रा की हत्या मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में समर्पित करने की कार्रवाई में जुटी हुई है. इस संबंध में एसडीपीओ सदर संजय कुमार पांडेय ने एक प्रेसवार्ता कर पुलिसिया कार्रवाई की जानकारी दी है. प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि इस मामले में छात्रा के प्रेमी, छात्रा की सहेली एवं उसके सहेली की मां को गिरफ्तार कर लिया गया है. एसडीपीओ ने बताया कि छात्रा के शव को 14 जून को इंद्रपुरी बराज से बरामद किया गया था.

## कारोबार

### ल्यूपिन ने तौमी को सीईओ नियुक्त किया

**नयी दिल्ली ।** दवा कंपनी ल्यूपिन लिमिटेड ने अब्देल अजीज तौमी को अपनी नवगठित अनुषंगी कंपनी ल्यूपिन मैन्युफैक्चरिंग सॉल्यूशंस (एलएमएस) का मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त करने की सोमवार को घोषणा की. ल्यूपिन ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि तौमी एक अनुभवी पेशेवर हैं. उनके पास यूरोप, उत्तरी अमेरिका और एशिया में बायोटेक, औषधि और सीडीएमओ क्षेत्रों में दो दशकों से अधिक का अनुभव है.

### ली ट्रैवेन्यूज का शेयर आज होगा सूचीबद्ध

**नयी दिल्ली ।** यात्रा बुकिंग मंच इक्सिगो का परिचालन करने वाली ली ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी का शेयर मंगलवार को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होगा. पिछले सप्ताह कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को 98.10 गुना अभिदान मिला था. बीएसई के नोटिस के अनुसार, एक्सचेंज के कारोबारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आज से ली ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी के इक्विटी शेयर बी समूह की प्रतिभूतियों की सूची में सूचीबद्ध होंगे. सोमवार को बकरीद के मौके पर शेयर बाजार बंद रहे.

### मई में भारत से ब्रिटेन को एक्सपोर्ट 33.54% बढ़कर 1.37 अरब डॉलर पहुंच गया

# ब्रिटेन बना भारत का चौथा बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट

**भाषा । नयी दिल्ली**

किसी देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती में व्यापार में अहम भूमिका होती है. इसलिए हर देश फ्री ट्रेड को प्रमुखता देते हैं. इसमें भारत से लेकर यूरोपीय देश शामिल होते हैं. भारत भी फ्री ट्रेड को लेकर गंभीर है. इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए इटली गए तो वहां उन्होंने ब्रिटेन के भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी बातचीत की. दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर चर्चा की. इसमें फ्री ट्रेड एग्रीमेंट भी शामिल था. इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच 14 दौर की बातचीत हो चुकी है लेकिन अब तक कई मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई है. लेकिन भारत का प्रयास है कि इस पर जल्द सहमति बने ताकि कारोबार बढ़े.

इस बीच मई के आंकड़ों मुताबिक ब्रिटेन भारत का चौथा बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट बन गया है. दिलचस्प बात है कि ब्रिटेन हमारे पड़ोसी देश चीन को पछाड़कर इस मुकाम पर पहुंचा है. कॉमर्स डिपार्टमेंट के डेटा के मुताबिक मई में भारत से ब्रिटेन को एक्सपोर्ट 33.54% बढ़कर 1.37 अरब डॉलर पहुंच गया. इस दौरान



चीन को हमारा एक्सपोर्ट मात्र 3.35% बढ़कर 1.33 अरब डॉलर रहा.

सुनक भारतीय मूल के हैं. उनकी पत्नी अक्षता सुनक भारत की आईटी कंपनी इन्फोसिस के फाउंडर एन नारायण मूर्ति की बेटी हैं. भारत से ब्रिटेन को ज्यादातर मशीनरी, फूड आइटम्स, दवा, टेक्सटाइल्स, जूलरी और आयरन एंड स्टील आदि का एक्सपोर्ट किया जाता है. मई में अमेरिका 7.43 अरब डॉलर के साथ भारत का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट रहा. मई में अमेरिका को एक्सपोर्ट में 13.06 फीसदी के तेजी आई. भारत के एक्सपोर्ट मार्केट में यूएई (3.06 अरब डॉलर) दूसरे और नीदरलैंड (2.19 अरब डॉलर) के साथ तीसरे नंबर पर है. पिछले साल मई में ब्रिटेन भारत का छठा बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट था. लेकिन इस बार वह दो स्थान की छलांग के साथ चौथे नंबर पर आ गया है. अच्छी बात यह है कि मई में भारत के टॉप 10 एक्सपोर्ट मार्केट्स में से सभी में तेजी देखने को मिली. इससे पहले इनमें से कुछ मार्केट्स में एक साल से अधिक समय से गिरावट दिख रही थी. वैल्यू के हिसाब से देखें तो भारत के कुल एक्सपोर्ट में से 52 फीसदी हिस्सा इन्हीं टॉप 10 देशों का है.

मई में भारत का कुल मर्केंडाइज एक्सपोर्ट 9.13 फीसदी बढ़कर 38 अरब डॉलर रहा. सऊदी अरब (8.46%), सिंगापुर (4.64%), बांग्लादेश (13.47%), जर्मनी (6.74%) और फ्रांस (36.94%) को भी एक्सपोर्ट में तेजी आई. जहां तक भारत के टॉप 10 इम्पोर्ट मार्केट्स का सवाल है तो मई में सऊदी अरब और स्विट्जरलैंड से आयात में 4.11 फीसदी और 32.33 फीसदी गिरावट आई है. बाकी आठ देशों से आयात में तेजी आई है. इस दौरान भारत का आयात 7.7 फीसदी बढ़कर 61.91 अरब डॉलर रहा. रूस से आयात 18 फीसदी बढ़कर 7.1 अरब डॉलर हो गया. हाल में भारत में रूस के कच्चे तेल का आयात बढ़ाया है. चीन के बाद रूस भारत का दूसरा सबसे बड़ा इम्पोर्ट पार्टनर है. मई में चीन से इम्पोर्ट 2.81 फीसदी बढ़कर 8.48 अरब डॉलर रहा. स्विट्जरलैंड से आयात करीब एक तिहाई गिरावट के साथ 1.52 अरब डॉलर रहा. भारत इस यूरोपीय देश से ज्यादातर सोना मंगाता है.

**निर्यात बढ़ा**

- भारत से चीन को एक्सपोर्ट मात्र 3 .35 प्रतिशत बढ़ा
- अमेरिका को एक्सपोर्ट में 13 .06% की तेजी रही

### एसबीआई को चालू वित्त वर्ष में 14-15% ऋण वृद्धि की उम्मीद : चेयरमैन

**नयी दिल्ली ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि मौजूदा आर्थिक वृद्धि दर को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि की उम्मीद है. खारा ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, आम तौर पर हम इसे जीडीपी वृद्धि दर और मुद्रास्फीति तथा उसके ऊपर दो से तीन प्रतिशत के योग के आधार पर देखते हैं. इससे हमें करीब 14 प्रतिशत या उसके आसपास का आंकड़ा मिलता है. उन्होंने कहा, अतः 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि, ऋण देने के लिए उपलब्ध अवसरों पर निर्भर करती है. यह हमारी जोखिम क्षमता को पूरा करती है. हमें इस गति से वृद्धि करने में खुशी होगी. उन्होंने कहा कि जहां तक जमाराशि का सवाल है, पिछले साल इसमें 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई. उन्होंने कहा, हमारे पास अतिरिक्त एसएलआर के मामले में कुछ गुंजाइश है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे ऋण-से-जमा अनुपात को सहारा देने के लिए जमा दरें बढ़ाने का हम पर कोई दबाव नहीं है. बैंक का अतिरिक्त वैधानिक तरलता अनुपात साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से चार लाख करोड़ रुपये के बीच है.

# ग्रूनर रिन्यूएबल गुजरात में 220 करोड़ रु निवेश करेगी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

ग्रूनर रिन्यूएबल एनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह गुजरात में 220 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से एक संपीडित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र लगाएगी. कंपनी ने बयान में कहा कि गुजरात के नवसारी में लगने वाले सीबीजी संयंत्र से किफायती कच्चे माल का उपयोग करके प्रतिदिन 44 टन बायोगैस (टीपीडी) का उत्पादन होने की उम्मीद है.

यह सालाना 16,000 टन से अधिक बायोगैस के उत्पादन के बराबर है. नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सक्रिय कंपनी ने कहा कि इस संयंत्र में कच्चे माल के तौर पर धान, चीनी कारखाने से निकलने वाले अवशिष्ट (प्रेसमड), पेराई के बाद गन्ने का सूखा हुआ अवशिष्ट (खोई) और शहरी क्षेत्र से निकलने वाले ठोस अवशिष्ट का इस्तेमाल किया जाएगा. कंपनी ने कहा, एक प्रमुख कारोबारी समूह के साथ मिलकर हम गुजरात के नवसारी में एशिया का सबसे बड़ा संपीडित बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. इस संयंत्र की अनुमानित लागत लगभग 220 करोड़ रुपये है.

# जीडब्ल्यूईसी इंडिया के प्रमुख बने सुजलॉन के गिरीश तांती

**नयी दिल्ली ।** सुजलॉन के वाइस चेयरमैन गिरीश तांती को ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल (जीडब्ल्यूईसी) इंडिया का प्रमुख चुना गया है.



निकाय ने एक बयान में कहा कि उन्हें अप्रैल में जीडब्ल्यूईसी का उप-प्रमुख चुना गया था. बयान के मुताबिक, यह पद राष्ट्रीय और राज्य सरकारों के साथ जीडब्ल्यूईसी इंडिया के काम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. जीडब्ल्यूईसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बेन बैकवेल ने कहा कि भारत में तटीय पवन ऊर्जा, अपतीय पवन ऊर्जा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला केंद्र के रूप में अपार संभावनाएं हैं.

**शेयर बाजार**

### मूडी ने सेंसेक्स का लक्ष्य अगले 12 महीने के लिए 82000 रखा, पांच वर्षों में 15 से 20% तक की वृद्धि की भविष्यवाणी

# अच्छी सरकार और अच्छी अर्थव्यवस्था के कारण शेयर मार्केट के भी अच्छे दिन बने रहेंगे

विदेशी वित्तीय संस्थान भी अब राजनीतिक परिदृश्य सकारात्मक स्पष्ट होने से भारतीय शेयर मार्केट में इस स्तरों से भी बड़ी तथा सतत तेजी का अनुमान दे रहें हैं. विश्व की एक प्रमुख रेटिंग प्राधिकरण मूडी ने सेंसेक्स का लक्ष्य अगले 12 माह के लिए 82000 रखा है तथा आनेवाले 5 वर्षों में प्रतिवर्ष 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि की भविष्यवाणी की है.ऐसा होता है तो भारतीय शेयर मार्केट इस अवधि में अद्भुत प्रतिफल देंगे.मूडी का कहना है कि अगले कुछ वर्ष में भारत में सबसे बड़ी तथा शक्तिशाली शेयर मार्केट की तेजी देखी जायेगी. भारत में निवेश प्रवृत्ति तथा लगाव का विस्तार तथा विकेंद्रीकरण हो रहा है..छोटे नगरों में भी शेयर में निवेश के प्रति रुझान बढ़ रहा है.वहां के म्यूचुअल फंड निवेश की 85 प्रतिशत राशि इक्विटी कोष में लग रही है.अप्रैल तथा मई माह में म्यूचुअल फंड के 81 लाख नए खाते खुलें हैं एवं इनकी संख्या बढ़कर 18.6 करोड़ हो गई है. एमएफ की बहुत सी योजनाएं बहुत अच्छा लाभ भी दे रहीं हैं .यह भी शेयर मार्केट के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करेगा. पिछले सप्ताह विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक पुनः क्रय करने की मुद्रा में आ गए हैं एवं उन्होंने 11730 करोड़ रूपए के शेयर क्रय किए हैं तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भी नकद संभाग में 2069 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे. ऊंचे स्तरों पर भी उनकी यह खरीदारी तथा मनोभाव में तेजी की ओर झुकाव परिवर्तित होना भारतीय शेयर मार्केट की तेजी की सहयोग देगा,उसका विस्तार करेगा.भारत सेवा निर्यात के साथ साथ अब वस्तु निर्यात में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है.अमेरिका तथा यूरोप को भारतीय वस्तुओं के निर्यात में भागीदारी बढ़ रही है. विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार ने सफल नीतियां बनाई. 59 नए विदेशी उपक्रमों ने वर्ष 2023-24 में भारत में व्यापार करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है. यह भारत के प्रति उनकी उत्साहजनक अवधारणा प्रदर्शित करता है. एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2030 तक भारत में मध्यवर्ग देश की कुल जनसंख्या का 50 प्रतिशत हो जायेगा. अभी ये 30 प्रतिशत है. भारत में अगले दस वर्षों में 10 करोड़ घरों की मांग आने की संभावना है तथा 76 लाख करोड़ रुपए भवन क्षेत्र में आ सकते हैं.यह सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को बड़ी गति देने वाला होगा.एक घर का निर्माण बहुत से उद्योगों को व्यापार के अवसर उपलब्ध कराता है.



**शशांक भारद्वाज**
वीपी च्वॉइस ब्रोकिंग

वर्ष 2034 तक देश के 9.5 प्रतिशत परिवारों की आय 34 लाख रुपए वार्षिक से अधिक हो जायेगी.यह एक संपन्नता क्रांति होगी.

विश्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार अगले तीन वर्षों में प्रति वर्ष 6.7 प्रतिशत की वृद्धि से भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा. यह बड़ी मात्रा में विदेशी निवेश आकर्षित कर सकता है.

वैश्विक अर्थव्यवस्था भी अगले दो वर्षों में बढ़कर 2.7 प्रतिशत हो जायेगी. भारत में थोक महंगाई दर बढ़कर मई में 2.61 प्रतिशत हो गई है किंतु खुदरा मुद्रास्फीति पिछले 12 का के निचले स्तर 4.75 पर आ गई. इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मई माह में 34697 करोड़ रूपए पहुंच गया जो अप्रैल से 83 प्रतिशत अधिक है.इक्विटी में शुद्ध निवेश होने का यह लगातार 39 वा महीना है. एसआईपी के माध्यम से निवेश 20904 करोड़ रुपए हो गया है. एमएफ के अंतर्गत कोष प्रबंधन की राशि 58.91 लाख करोड़ रुपए हो गई है.आने वाले वर्षों ने इसके भी कई गुणा होने की संभावना है. मोर्गन स्टेनली के अनुसार 2034 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 9 ट्रिलियन डॉलर की होगी.ऐसा होगा तो भारतीय शेयर मार्केट का पूंजीकरण न्यूनतम 9 ट्रिलियन डॉलर तो होगा ही,मोदी सरकार जैसी विकासोन्मुख सरकार रही तो भारत को 10 प्रतिशत तक का मूल्यांकन प्रीमियम भी मिल सकता है तथा मार्केट पूंजीकरण 13 से 15 ट्रिलियन डॉलर भी हो सकता है.अभी 5 ट्रिलियन डॉलर के निकट ही है.

भारत में एक लाख रुपए से छोटे ऋणों की संख्या वर्ष 23 -24 में 25 प्रतिशत बढ़कर 4.34 लाख करोड़ रूपए हो गई है. ऋण खातों की संख्या भी 15 प्रतिशत बढ़कर 14.9 करोड़ हो गई है. ह एक बड़े स्तर पर स्वजीविका एवं समृद्धि के विस्तार का परिचायक है, आधार है.

पिछले सप्ताह निफ्टी में 85 अंकों की बढ़त रही.85 अंक बड़ी बढ़त नहीं हैं परंतु मार्केट उच्चतम स्तरों पर है,ऐसे में वहां टिकना,थोड़ी बढ़त भी महत्वपूर्ण है.मार्केट में मंदी के सौदों की एक कटान अभी आनी अपेक्षित है.

यह निफ्टी को 23700 से 24000 को ओर ले जा सकता है. निवेश के लिए शेयर विशेष पर ध्यान केन्द्रित करें.बहुत बड़ा लाभ मिल सकता है. ब्रेंट क्रूड पिछले सप्ताह 83 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर चला गया था.यह भाव टिकने वाले नहीं लगते क्योंकि क्रूड की मांग साधारण रहने का ही अनुमान है.यह भारत के लिए अच्छा है. भारतीय विक्स पूरी तरह ठंडा हो 12.82 आ गया है.यह मार्केट के आश्वस्त भाव में होने का संकेत है. मोदी सरकार बनी रहे तो भारत की उज्ज्वल आर्थिक प्रगति तो सुनिश्चित है ही,उज्जवल शेयर मार्केट भी सुनिश्चित है एवं अच्छा शेयर मार्केट अच्छे धन ,परिसंपत्ति का निर्माण करता है. यूएस डॉलर इंडेक्स तथा यूएस बॉन्ड यील्ड थोड़ी बढ़ी है पर लगता है शेयर मार्केट युद्धों की तरह इसकी भी अवहेलना के भाव में आने लगे हैं. बीएसई सेंसेक्स मई 21 की पीई 28.8 की तुलना के अभी 73961 के स्तर पर 22.8 की पीई पर है,यह 20 प्रतिशत सस्ता है. अच्छी सरकार और अच्छी अर्थव्यवस्था के कारण शेयर मार्केट के भी अच्छे दिन बने रहेंगे.

▼ ब्रीफ खबरें

### भूस्खलन में छह की मौत, कई लापता

**क्वीटो (इक्वाडोर) :** मध्य इक्वाडोर में रविवार को भूस्खलन के कारण मलबा एक राजमार्ग पर आ गिरा, जिसमें कम से कम छह लोगों की दबकर मौत हो गई और 30 अन्य लोग लापता हैं. अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण देश भर में नदियां उफान पर हैं. शहर के अग्निशमन विभाग के मुताबिक, बानोस शहर में कीचड़ और मलबा पहाड़ी से नीचे खिसक कर तीन कारों, दो घरों और एक बस पर आ गिरा. बानोस को इक्वाडोर का रिसॉर्ट शहर भी कहा जाता है.

### टेक्सास में गोलीबारी, दो लोगों की मौत

**टेक्सास ।** अमेरिका में टेक्सास के एक पार्क में सप्ताहांत में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए. घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. शनिवार रात 11 बजे से कुछ पहले ऑस्टिन से लगभग 19 मील दूर उत्तर में राउंड रॉक के 'ओल्ड सेटलर्स पार्क' में जूनटींथ समारोह के दौरान यह गोलीबारी हुई. राउंड रॉक पुलिस प्रमुख एलन बैंक्स ने घटनास्थल पर कहा कि कार्यक्रम के दौरान दो समूहों के बीच झगड़ा शुरू हो गया जिसमें किसी ने गोलीबारी शुरू कर दी.

### चीन व ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने की मुलाकात

**मेलबर्न ।** चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और दोनों देशों के वरिष्ठ मंत्रियों ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के संसद भवन में मुलाकात की और व्यापार बाधाओं, अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में दोनों देशों की सेनाओं के बीच संघर्ष तथा महत्वपूर्ण खनिजों में निवेश करने की चीन की इच्छा सहित कई जटिल मुद्दों पर चर्चा की. ली शनिवार को एडिलेड और रविवार को राष्ट्रीय राजधानी कैनबरा पहुंचे. यह सात वर्षों में किसी चीनी प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रेलिया की पहली आधिकारिक यात्रा है.

### विमान में लगी आग सभी यात्री सुरक्षित

**वेलिंगटन ।** न्यूजीलैंड में सोमवार को एक यात्री विमान के इंजन में आग लगने के बाद हवाई जहाज को एक हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया. ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न के लिए उड़ान भरने वाले वर्जिन ऑस्ट्रेलिया बोइंग 737-800 जेट विमान को आग लगने के कारण मार्ग बदलना पड़ा और हवाई जहाज को न्यूजीलैंड के इन्वरकार्गिल शहर में उतारा गया. पाली पर्यवेक्षक लिन क्रॉसन ने बताया कि क्वीन्सटाउन से उड़ान भरने के करीब 50 मिनट बाद विमान को इन्वरकार्गिल उतारा गया, जहां दमकल की गाड़ियों ने आग बुझाई.

### सड़क हादसे में चार की मौत, एक घायल

**जयपुर ।** राजस्थान के उदयपुर जिले में सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया. पुलिस ने बताया कि तेज गति से जा रहा एक ट्रेलर, अपने आगे चल रहे डंपर को टक्कर मारकर खाई में जा गिरा. टक्कर लगने के बाद डंपर चालक ने नियंत्रण खो दिया और सड़क के डिवाइडर पर चल रही दो महिलाओं और एक पुरुष को कुचलते हुए आगे बढ़ कर डंपर ने एक अन्य ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी. चार मृतकों में से एक की पहचान मशरूफ के रूप में हुई है

---

## थम नहीं रहे भारतीय रेल की रफ्तार को बेपटरी करते हादसे!

# 62 साल में 38 हजार से ज्यादा ट्रेन एक्सीडेंट...

**लगातार न्यूज नेटवर्क**

पश्चिम बंगाल में सोमवार सुबह बड़ा रेल हादसा हुआ. यहां के न्यू जलपाईगुड़ी में एक मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी. टक्कर लगने से कई बोगियां पटरी से उतर गईं. इस हादसे में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है. 60 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं. जानकारी के मुताबिक, ये हादसा सुबह 9 बजे के आसपास हुआ. कंचनजंगा एक्सप्रेस अगरतला से सियालदाह जा रही थी. तभी पीछे से आ रही एक मालगाड़ी ने उसे टक्कर मार दी. रेलवे बोर्ड की चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा ने बताया कि मालगाड़ी के



ड्राइवर (लोको पायलट) ने सिग्नल को पूरी तरह से अनदेखा किया था. इस दुर्घटना में ड्राइवर और ट्रेन के गार्ड की भी मौत हो गई है. ये इस साल का अब तक का सबसे बड़ा रेल हादसा है. इससे पहले पिछले साल जून में ही ओडिशा के बालासोर में बड़ा हादसा हुआ था. तब कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी. इस हादसे में लगभग तीन सौ लोगों की मौत हो गई थी.

### हर साल कितने हादसे

सरकार का दावा है कि 2004 से 2014 के बीच हर साल औसतन 171 रेल हादसे होते थे. जबकि 2014 से 2023 के बीच सालाना औसतन 71 रेल हादसे हुए. आंकड़े बताते हैं कि भारत में ट्रेन हादसों में बीते कई दशकों में कमी आई है. रेलवे की ईयर बुक के मुताबिक, 1960-61 से 1970-71 के बीच 10 साल में 14,769 ट्रेन हादसे हुए थे. 2004-05 से 2014-15 के बीच 1,844 दुर्घटनाएं हुईं. वहीं, 2015-16 से 2021-22 के बीच छह सालों में 449 ट्रेन हादसे हुए. इस हिसाब से 1960 से लेकर 2022 तक 62 सालों में 38,672 रेल हादसे हुए हैं. यानी, हर साल औसतन 600 से ज्यादा दुर्घटनाएं हुईं. रेलवे की ईयर बुक के मुताबिक, सबसे ज्यादा हादसे डिरेलमेंट यानी ट्रेन के पटरी से उतर जाने के कारण होते हैं. 2015-16 से 2021-22 के बीच 449 ट्रेन हादसे हुए थे, जिनमें से 322 की वजह डिरेलमेंट थी.

### हादसों में कितनी मौतें

रेलवे की 2021-22 की ईयर बुक के मुताबिक, 2017-18 से 2021-22 के बीच पांच साल में 53 लोगों की मौत हुई है. जबकि, 390 लोग घायल हुए हैं. आंकड़ों से पता चलता है कि 2019-20 और 2020-21 में ट्रेन हादसों में एक भी मौत नहीं हुई. ईयर बुक के मुताबिक, 2021-22 में कुल 34 ट्रेन हादसे हुए थे. इनमें से 20 हादसों की वजह रेलवे स्टाफ ही था. जबकि चार हादसे इक्विपमेंट फेल होने की वजह से हुए थे. ट्रेन हादसों में मारे गए या घायलों के परिजनों को रेलवे की तरफ से मुआवजा भी दिया जाता है. पांच साल में लगभग 14 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया है. 2021-22 में 85 लाख रुपए से ज्यादा मुआवजा दिया था. रेल हादसों में मौत होने पर 5 लाख, घायल होने पर 2.5 लाख और घायल होने पर 50 हजार का मुआवजा दिया जाता है.

---

# आईआईटी खड़गपुर : छात्रावास में फंदे से लटका मिला छात्रा का शव

**एजेंसी। कोलकाता**



आईआईटी खड़गपुर की तीसरे वर्ष की एक छात्रा का शव सोमवार को उसके छात्रावास में फंदे से लटकता पाया गया. पुलिस ने यह जानकारी दी. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी (आईपीएस) ने पीटीआई-भाषा को बताया कि छात्रा की पहचान देविका पिल्लई (21) के रूप में हुई है. उन्होंने कहा, छात्रा का शव छात्रावास की इमारत की छत से फंदे पर लटका हुआ मिला. यह आत्महत्या का मामला है या कुछ और, इसका अभी पता नहीं चल पाया है. हमने जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने पहले बताया था कि पिल्लई चौथे वर्ष की छात्रा थी. अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर उप-मंडल अस्पताल भेज दिया गया है. वहीं छात्रा के परिवार को भी तुरंत सूचित कर दिया गया है. यह पूछे जाने पर कि क्या यह आत्महत्या का मामला है या इसमें कोई गड़बड़ी हो सकती है, संस्थान के प्रवक्ता ने कहा, पुलिस पिल्लई की मौत से जुड़ी परिस्थितियों की गहन जांच कर रही है. पिल्लई को प्रतिभाशाली छात्रा बताते हुए संस्थान ने बयान में कहा कि जीवविज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के क्षेत्र में उनका भविष्य उज्ज्वल है.

---

## कंचनजंघा एक्स. : रेल परिचालन बहाल करना सर्वोच्च प्राथमिकता

# दुर्घटना की जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त करेंगे : अश्विनी वैष्णव

**एजेंसी । कोलकाता**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे के गुवाहाटी-दिल्ली मार्ग पर पश्चिम बंगाल के रंगापानी में सोमवार को सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारणों की जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने शुरू कर दी है. वैष्णव ने कहा कि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपाय किए जाएंगे. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पूर्वोत्तर भारत को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग पर रेल परिचालन बहाल करना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है. वैष्णव ने सिलीगुड़ी में न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के पास रंगापानी में दुर्घटना स्थल पर संवाददाताओं से कहा, रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा दुर्घटना की गहन जांच की जाएगी. वैष्णव ने पुष्टि की कि बचाव कार्य पूरा हो गया है. सड़क के बड़े वाहनों के चलने के लिहाज से संकरी होने के कारण रेल मंत्री को दुर्घटना स्थल तक पहुंचने के लिये कुछ दूरी बाइक के पीछे बैठकर तय करनी पड़ी.

रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने मालगाड़ी के चालक की ओर से संभावित मानवीय भूल की ओर इशारा करते हुए कहा कि टक्कर संभवतः इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की और सियालदह जा रही ट्रेन को टक्कर मार दी.



दुर्घटना स्थल का मुआयना करते रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व अन्य.

### राहुल और खरगे ने भी कई यात्रियों की मौत पर शोक जताया

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में ट्रेन दुर्घटना में कई यात्रियों की मौत पर सोमवार को शोक जताया और रेल मंत्रालय के 'घोर कुप्रबंधन' का जिक्र करते हुए नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना की. खरगे ने कहा, दुर्घटना के दृश्य हृदय विदारक हैं. हमारी संवेदनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं. दुख की इस घड़ी में, हम उनमें से प्रत्येक के प्रति अपनी एकजुटता और संवेदना व्यक्त करते हैं. वहीं सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कंचनजंगा एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई यात्रियों की मौत की खबर बेहद दुखद है. राहुल ने अपने पोस्ट में कहा, मैं सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं. सरकार को तुरंत सभी पीड़ितों या उनके परिवारों को पूरा मुआवजा देना चाहिए.

### रेल दुर्घटना पर रेलवे बोर्ड ने कहा
### ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली युक्त नहीं था मार्ग

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** रेलवे के गुवाहाटी-दिल्ली मार्ग पर जहां सोमवार को सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मारी वहां 'कवच' या ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली उपयोग में नहीं थी. रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि इस मार्ग के लिए स्वचालित टक्कर रोधी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' की योजना बनाई जा रही है. उन्होंने कहा, अभी यह वहां नहीं है. मालगाड़ी के चालक की ओर से संभावित मानवीय भूल की ओर इशारा करते हुए सिन्हा ने कहा कि न्यू जलपाईगुड़ी के निकट टक्कर संभवत: इसलिए हुई क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की और अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंघा एक्सप्रेस को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में मालगाड़ी के इंजन चालक की मौत हो गई. अध्यक्ष के अनुसार, इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई. हालांकि, पश्चिम बंगाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से कुछ स्थानीय खबरों में मृतकों की संख्या 15 बताई गई है.

---

## दिल्ली में जल संकट का मामला

# भाजपा का 'आप' सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भाजपा की दिल्ली इकाई के नेताओं और सांसदों ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर राजधानी में जल संकट के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ शहर भर में प्रदर्शन किया. भाजपा प्रदर्शनकारियों ने गंदे पानी की बोतलें लेकर ''आप'' सरकार के खिलाफ नारे लगाए और राष्ट्रीय राजधानी में पानी की किल्लत के विरोध में मटके फोड़े. प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि नलों से गंदा पानी पीने के लिए मजबूर होने के कारण लोग बीमार हो रहे हैं.

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गीता कॉलोनी में विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेते हुए दावा किया कि हरियाणा,



दिल्ली में प्रदर्शन करते भाजपा के कार्यकर्ता

दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी यमुना में छोड़ रहा है. सचदेवा ने आरोप लगाया, दिल्ली में आने के बाद पानी को टैंकर माफिया चुरा लेते हैं क्योंकि सत्तारूढ़ ''आप'' के मंत्री और विधायक उनके साथ मिले हुए हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा की दिल्ली इकाई 'आप' सरकार के खिलाफ तब तक प्रदर्शन जारी रखेगी जब तक लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता. उन्होंने कहा कि ''आप'' पिछले 10 वर्षों से सत्ता में है लेकिन जनता को गंदा पानी पीने के लिए मिल रहा है. पार्टी सांसद मनोज तिवारी, बांसुरी स्वराज, रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रवीण खंडेलवाल और योगेंद्र चंदोलिया ने भी विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शनों में भाग लिया.

### आप ने उपचुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित किया

**चंडीगढ़ ।** आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को मोहिंदर भगत को जालंधर पश्चिम विस सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया. आप ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसकी घोषणा की. जालंधर पश्चिम (आरक्षित) सीट पर उपचुनाव 10 जुलाई को होगा और मतगणना 13 जुलाई को होगी. आप विधायक शीतल अंगुराल के इस्तीफे के बाद उपचुनाव जरूरी हो गया था. अंगुराल जालंधर के तत्कालीन सांसद सुशील रिंकू के साथ आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये थे. भाजपा में शामिल होने के एक दिन बाद अंगुराल ने विस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था.

# दिल्ली में जल संकट भाजपा द्वारा प्रायोजित : संजय सिंह

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में जल संकट भाजपा द्वारा जानबूझकर उत्पन्न किया गया है. एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने भाजपा पर राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया. सिंह ने कहा, हमारा मानना है कि प्यासे को पानी पिलाने से ज्यादा पुण्य का काम नहीं होता और पानी रोकने से बड़ा कोई पाप नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया, पिछले कई



दिनों से दिल्ली में भाजपा द्वारा प्रायोजित जल संकट है. जब मैं कह रहा हूं कि यह भाजपा द्वारा प्रायोजित जल संकट है, तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि भाजपा के लोग चाहते हैं कि दिल्ली के लोगों को पानी न मिले और इसके लिए भाजपा के लोग हरसंभव कोशिश कर रहे हैं कि कैसे भी करके दिल्ली में जल संकट हो.

---

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा-

# एनटीए अधिकारी समेत कोई भी दोषी होंगे तो कार्रवाई होगी

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा



(नीट), 2024 के आयोजन में अनियमितताओं में यदि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारी शामिल पाए गए तो सरकार उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी. प्रधान ने रविवार को ओडिशा के संबलपुर की अपनी यात्रा के दौरान यह बयान दिया. उन्होंने कहा कि नीट के आयोजन में दो प्रकार की गड़बड़ियां सामने आई हैं. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कुछ छात्रों को कृपांक (ग्रेस मार्क) दिए गए थे क्योंकि वे निर्दिष्ट अवधि से कम समय दिए जाने से असंतुष्ट थे. उन्होंने कहा कि सरकार ने कृपांक वापस ले लिए हैं और उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार 1,563 अभ्यर्थियों को पुनः परीक्षा का निर्देश दिया गया है. उन्होंने कहा, दो स्थानों पर और भी अनियमितताएं सामने आई हैं. मैं छात्रों और अभिभावकों दोनों को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार ने इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लिया है. हम इसे तार्किक परिणति तक ले जाएंगे. प्रधान ने कहा कि एनटीए के वरिष्ठ पदाधिकारियों समेत कोई भी अधिकारी यदि दोषी पाया जाता है तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आएंगे बनारस

**वाराणसी (उप्र)।** तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे हैं जहां वह विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे. भाजपा के एक पदाधिकारी ने सोमवार को बताया कि मोदी 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे. इस दौरान प्रधानमंत्री देश के 9.60 करोड़ किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त के तहत 20 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि अंतरित करेंगे. भाजपा की जिला इकाई के मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने के बाद अपने क्षेत्र के मतदाताओं का आभार जताने मंगलवार को काशी आ रहे हैं. मिश्रा ने बताया कि पीएम मंगलवार की शाम को बाबतपुर हवाई अड्डा पहुंचेंगे.

---

## दर्शन गिरफ्तारी मामला : कर्नाटक के गृह मंत्री ने कहा-

# किसी के प्रति नरम रुख नहीं

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने सोमवार को कहा कि रेणुकास्वामी हत्या मामले की जांच के संबंध में किसी के प्रति नरम रूख अपनाने का सवाल ही नहीं उठता. हत्या के इस मामले में कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीपा और उनकी अभिनेत्री मित्र पवित्रा गौड़ा को गिरफ्तार किया गया है. परमेश्वर ने कहा कि पुलिस बिना किसी का पक्ष लिए, इस मामले में कार्रवाई करेगी.

गृह मंत्री जी परमेश्वर ने संवाददाताओं से कहा, किसी को बचाने या उसके प्रति नरम रुख दिखाने का कोई सवाल ही नहीं है. हम किसी के आगे नहीं झुकेंगे. संवेदनशील जानकारी को



दर्शन थूगुदीप और पवित्रा गौड़ा.

सार्वजनिक रूप से उजागर करने से इनकार करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि मामले की जांच के बाद रिपोर्ट जारी की जाएगी. जब उनसे पूछा गया कि जांच कब तक पूरी होगी तो परमेश्वर ने कहा कि यह जांच अधिकारियों के ऊपर है. उन्होंने कहा, कानूनी तौर पर जो भी कार्रवाई करनी होगी, वह की जाएगी. मैंने और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बार-बार कहा है कि हम बिना किसी पक्षपात के, इस मामले में कार्रवाई करेंगे. जांच दल में इंस्पेक्टर गिरीश नाइक को फिर से शामिल करने के सवाल पर गृह मंत्री ने कहा कि इस तरह के बदलाव प्रशासनिक आवश्यकताओं के आधार पर किए जाते हैं और यह निर्णय पुलिस विभाग पर छोड़ दिया गया है कि जांच का हिस्सा कौन होगा. कन्नड़ अभिनेता दर्शन और उसके 17 साथियों को आठ जून को चित्रदुर्ग से, रेणुकास्वामी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. आरोप है कि रेणुकास्वामी ने दर्शन की दोस्त और अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे.

### पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा सीआईडी के समक्ष पेश हुए

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा 'यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण' (पॉक्सो) कानून के तहत दर्ज एक मामले के संबंध में पूछताछ के लिए सोमवार को आपराधिक अन्वेषण विभाग (सीआईडी) के समक्ष पेश हुए. कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 14 मार्च को दर्ज मामले के संबंध में भाजपा के वरिष्ठ नेता की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को रोक लगा दी थी. पुलिस के मुताबिक, 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत के आधार पर येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है. शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि इस साल दो फरवरी को येदियुरप्पा ने यहां डॉलर कॉलोनी में अपने आवास पर मुलाकात के दौरान उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की थी.

---

## आरोप जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में एनसीईआरटी पर निशाना साधा

# आरएसएस की सहयोगी के तौर पर काम कर रही एनसीईआरटी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों में संशोधन को लेकर विवाद के बीच, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को आरोप लगाया कि यह संस्था 2014 से आरएसएस की सहयोगी के रूप में काम कर रही है और संविधान पर हमला कर रही है. रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट-2024 परीक्षा में कृपांक (ग्रेस मार्क) विवाद के लिए एनसीईआरटी को जिम्मेदार ठहराया है. उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल एनटीए की अपनी नाकामियों से ध्यान हटाने की कोशिश है. कांग्रेस नेता ने कहा, हालांकि यह सच है कि एनसीईआरटी अब पेशेवर संस्था नहीं रही. यह 2014 से आरएसएस से संबद्ध संस्था के रूप में काम कर रही है. अभी-अभी पता चला कि इसकी 11वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक में धर्मनिरपेक्षता के विचार की आलोचना की गई है.

उन्होंने कहा, इस तर्क के हिसाब से तो बच्चों को विश्व युद्ध जैसे अन्य हिंसात्मक घटनाक्रम के बारे में क्यों पढ़ाया जाए. गोखले ने कहा, क्या भाजपा और मोदी को अपराधियों तथा दंगाइयों के रूप में अपने इतिहास पर शर्म आती है? छात्रों से सच क्यों छिपाया जाए ? स्कूली पाठ्यक्रम के भगवाकरण के आरोपों को खारिज करते हुए एनसीईआरटी के निदेशक ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद से संबंधित संदर्भों को बदला गया है क्योंकि दंगों के बारे में पढ़ाने से छात्र 'हिंसक और निराश नागरिक बन सकते हैं'. एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने पीटीआई के संपादकों के साथ बातचीत में कहा कि पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधनों के तहत किए गए हैं और इन पर विवाद खड़ा करने की जरूरत नहीं है. सकलानी ने कहा, हमें स्कूली पाठ्यक्रमों में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम सकारात्मक नागरिकों का निर्माण करना चाहते हैं, ना कि हिंसक और दुखी लोगों का. उन्होंने कहा, जब वे बड़े होंगे तो इसके बारे में जान सकते हैं लेकिन स्कूली पाठ्यपुस्तकें क्यों ? जब वे बड़े हो जाएं तब उन्हें समझना चाहिए कि क्या हुआ था और क्यों हुआ था.



### एनसीईआरटी हमारे देश के संविधान पर हमला कर रही है

रमेश ने कहा, एनसीईआरटी का काम किताबें प्रकाशित करना है, राजनीतिक पर्चे जारी करना या दुष्प्रचार करना नहीं. उन्होंने कहा, एनसीईआरटी हमारे देश के संविधान पर हमला कर रही है जिसकी प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता को स्पष्ट रूप से भारतीय गणतंत्र के मूलभूत स्तंभ के रूप में दर्शाया गया है. उच्चतम न्यायालय के विभिन्न निर्णयों ने स्पष्ट रूप से धर्मनिरपेक्षता को संविधान की मूल संरचना का एक अनिवार्य हिस्सा माना है. रमेश ने कहा कि एनसीईआरटी को याद रखना चाहिए कि यह राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद है, ना कि नागपुर या नरेन्द्र शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद. आज इसकी सभी पाठ्यपुस्तकें संदिग्ध गुणवत्ता वाली हैं.

### बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए करेगी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में हाल ही में एक बस पर हुए आतंकी हमले की जांच सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी. जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में नौ जून को तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस शिव खोड़ी मंदिर से कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही थी. इसी दौरान पोनी इलाके के तेरयाथ गांव के पास आतंकियों ने हमला कर दिया और 53 सीट वाली बस गोलीबारी के बाद गहरी खाई में गिर गई. बस में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के तीर्थयात्री सवार थे. इस घटना में तीन महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हुई थी और 41 लोग घायल हुए थे. एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में नौ जून को एक बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंप दी गयी है.

## राजभवन में पुलिस तैनाती का मामला

# राज्यपाल ने तुरंत परिसर खाली करने का दिया आदेश

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राजभवन में तैनात कोलकाता पुलिस के कर्मियों को सोमवार को सुबह तत्काल परिसर खाली करने का आदेश दिया. अधिकारी ने बताया कि बोस राजभवन के उत्तरी द्वार के पास स्थित पुलिस चौकी को जन मंच में बदलने की योजना बना रहे हैं. अधिकारी ने बताया, राज्यपाल ने प्रभारी अधिकारी सहित राजभवन के अंदर तैनात पुलिस अधिकारियों को तत्काल परिसर खाली करने का आदेश दिया है. कुछ दिन पहले पुलिस ने भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी और राज्य में चुनाव के



प. बंगाल राज्यपाल सीवी आनंद बोस

बाद हुई हिंसा के कथित पीड़ितों को बोस से मिलने के लिए राजभवन में प्रवेश करने से रोक दिया था, जबकि राज्यपाल ने इसके लिए लिखित अनुमति दी थी. इसके बाद राज्यपाल का यह आदेश आया है. पुलिस ने राज्यपाल भवन के बाहर धारा 144 लागू होने का हवाला देते हुए अधिकारी को राजभवन में प्रवेश करने से रोक दिया था.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार. )